*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 64

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 1 मिनट 24 सेकेंड में पूरी होगी, मुहूर्त 22 जनवरी दोपहर 12:29:08 बजे से।






## न्यूज रील्स

### यूट्यूबर मनीष कश्यप नौ महीने बाद जेल से रिहा

**पटना।** बिहार के यूट्यूबर मनीष कश्यप को नौ महीने बाद जेल से रिहा किया गया। मनीष पटना की बेउर जेल में थे। यहां मनीष की रिहाई से पहले बड़ी संख्या में उनके समर्थक जेल के बाहर पहुंच गये। समर्थकों ने मनीष का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मनीष ने जेल से बाहर आते ही बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने जेल में जन्म लिया था। बिहार में बहुत सारे कंस हैं, जिन्होंने मेरे खिलाफ साजिश की थी।

### तेजस्वी यादव को इडी ने फिर जारी किया समन

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को शनिवार को एक नया समन भेज कर 5 जनवरी को बुलाया है। उन्हें रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। वहीं, दूसरी ओर दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी विदेश यात्रा करने की मांग वाली याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है। इससे पहले इडी ने तेजस्वी यादव को 22 दिसंबर और उनके पिता आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव को 27 दिसंबर को एजेंसी के सामने पेश होने का आदेश दिया था। वह और एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए।

### आदित्य एल-1 समय पर तय जगह पहुंचेगा

**अहमदाबाद।** भारत का सोलर मिशन आदित्य एल-1 6 जनवरी को तय जगह, यानी लैगरेंज पॉइंट पर पहुंच जायेगा। ये जगह धरती से 15 लाख किमी दूर है। इसरो प्रमुख के सोमनाथ ने यह जानकारी दी। आदित्य छ1 को 2 सितंबर को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया गया था।

### दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाएं

**नयी दिल्ली।** विजिलेंस डिपार्टमेंट ने एक रिपोर्ट में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाएं होने की बात कही है। इस पर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को जांच कराने का निर्देश दिया है। ये भी कहा कि मामले की जांच सीबीआइ से करायें। मामले पर भाजपा की तरफ से मनोज तिवारी और वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें आरोप लगाये कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नकली दवाओं के व्यापारी हैं। उनका सब कुछ नकली है।

# जिस राज्य में जन्म हुआ, वहीं मिलेगा आरक्षण: हाइकोर्ट

## शादी करने के बाद भी आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि अगर कोई महिला बिहार में या किसी दूसरे राज्य में आरक्षित श्रेणी में आती है, लेकिन उसकी शादी झारखंड में हुई है, तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया है कि जिस राज्य में किसी व्यक्ति का जन्म हुआ है, उसे उसी राज्य में आरक्षण का लाभ मिलेगा। दरअसल वर्ष 2016 में जेएसएससी ने शिक्षक नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस नियुक्ति प्रक्रिया में रीना राणा भी शामिल हुई थीं। मेंस परीक्षा में सफल होने के बाद प्रार्थी को इंटरव्यू और सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया था। जहां उन्होंने अपने पति के कास्ट सर्टिफिकेट के आधार पर आरक्षण का दावा किया था। जेएसएससी ने रीना राणा को आरक्षण का लाभ देने से इनकार कर दिया। उसके बाद उसने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर आरक्षण की मांग की थी। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए रीना राणा की याचिका खारिज कर दी। प्रार्थी रीना कुमारी राणा की ओर से अधिवक्ता अभिषेक श्रीवास्तव ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता श्वेता शुक्ला ने अपना पक्ष रखा, जबकि जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने बहस की।

# सीएम दोषी नहीं हैं, तो इडी के सामने जायें: अर्जुन मुंडा

- धीरज साहू का भी किया जिक्र, कहा-जनता सब कुछ देख रही

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी बार-बार समन दे रही है। उन्हें स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। वहां जाना चाहिए। वहां के अधिकारियों को स्थिति से अवगत करवाना चाहिए। मुंडा ने कहा कि झारखंड के ही एक कांग्रेस के सांसद के घर पर छापामारी में 351 करोड़ रुपये नकद बरामद हुए हैं। वह पूरी तरह खुला हुआ था, सभी ने देखा, यह किसी से छुपा हुआ नहीं था। इस पर कई लोगों के विरुद्ध भी जांच चल रही है। उसमें कई चीजें बरामद हो रही हैं। इसलिए अगर आप इडी के सामने नहीं जा रहे हैं, तो स्थिति स्पष्ट कैसे होगी। आपको वहां जाकर स्थिति स्पष्ट करते हुए जनता को बताना चाहिए कि आप राज्यहित में काम कर रहे हैं या अन्य किसी हित में।

मुंडा ने कहा कि इसको पूरी देश और राज्य की जनता देख रही है, मैं इसे राजनीतिक रूप से नहीं देखता। जांच एजेंसी है, अगर उन्हें लगता है कि कहीं गलत हुआ है या हो रहा है, तो वह जांच कर सकती है। यह पहली जांच तो है नहीं, पहले भी हो चुकी है, आगे भी होगी। इसलिए स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। नहीं तो जनता सब कुछ देख रही है। इससे ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता। आप दोषी नहीं हैं, तो स्थिति स्पष्ट कीजिए। इसमें नहीं जानेवाला और बार-बार समन भेजने वाला मामला जांच एजेंसी देखे।

# भारत आ रहे जहाज पर हिंद महासागर में ड्रोन अटैक

- 20 भारतीय क्रू मेंबर थे मौजूद
- कोस्ट गार्ड ने निगरानी जहाज भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिंद महासागर में सऊदी से भारत आ रहे एक ऑयल वैसेल एमवी केम प्लूटो पर शनिवार को ड्रोन से हमला हुआ है। भारतीय नौसेना के मुताबिक इस जहाज पर 20 भारतीय क्रू मेंबर्स सवार हैं। वहीं, भारतीय सेना ने कोस्ट गार्ड के पैट्रोलिंग वैसेल आइसीजीएस विक्रम को उस जगह के लिए रवाना कर दिया है, जहां हमला हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जहाज सऊदी अरब से मेंगलुरु जा रहा था। इसमें क्रूड ऑयल है। हमले में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन जहाज पर आग लग गयी। इस आग पर काबू पा लिया गया है। लाइबेरिया के झंडे वाला यह जहाज इजराइल से संबंधित बताया जा रहा है। आग से जहाज के काम करने की क्षमता पर असर पड़ा है। ब्रिटिश मिलिट्री के मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने बताया कि जहाज भारत के वेरावल से करीब 200 समुद्री मील की दूरी पर था। हालांकि यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन से दूर था। फिलहाल किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जहाज से आखिरी बार सऊदी अरब संपर्क किया गया था।

# शराब घोटाला: चार्जशीट पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

- इडी ने कारोबारी योगेंद्र तिवारी के खिलाफ 16 दिसंबर को चार्जशीट दाखिल की थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड शराब घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने इडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 8 जनवरी को निर्धारित की है।

रांची इडी की टीम ने 16 दिसंबर को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें इडी ने शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के अलावा शराब का टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों की भी जानकारी दी है। साथ ही किस-किसको कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह भी जानकारी भी दी थी। इसमें शराब के कारोबार करनेवाली 10 कंपनियों के नाम का भी उल्लेख किया गया है।

# अविनाश गये उप्र, मीर झारखंड के प्रभारी

- चुनाव से पहले कई राज्यों के कांग्रेस प्रभारी बदले
- जीए मीर झारखंड के प्रभारी महासचिव, प.बंगाल का प्रभार भी
- प्रियंका की जगह अविनाश पांडे को उत्तरप्रदेश की कमान

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को कई राज्यों के प्रभारी बदल दिये हैं। कुछ नेताओं को नयी जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा को उत्तरप्रदेश कांग्रेस प्रभारी पद से मुक्त कर दिया गया है, हालांकि वे महासचिव बनी रहेंगी। प्रियंका की जगह अविनाश पांडे को उत्तरप्रदेश की जिम्मेदारी दी गयी है। उधर, सचिन पायलट छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी बने हैं। रमेश चेन्निथला को महाराष्ट्र, देवेंद्र यादव को पंजाब और रणदीप सुरजेवाला को कर्नाटक का प्रभार मिला है। जयराम रमेश प्रवक्ता बनाये गये हैं। मुकुल वासनिक संगठन के महासचिव और माणिकराव ठाकरे को गोवा की जिम्मेदारी दी गयी है। असम के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश और दीपक बाबरिया के पास दिल्ली और हरियाणा का अतिरिक्त प्रभार है। गुलाम अहमद मीर झारखंड के प्रभारी महासचिव बनाये गये हैं, उन्हें पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। दीपा दासमुंशी को तेलंगाना के अतिरिक्त प्रभार के साथ केरल और लक्षद्वीप का महासचिव बनाया गया है।

**16 सदस्यीय मैनिफेस्टो कमेटी भी बनायी:** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए मैनिफेस्टो कमेटी का गठन किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम इसके अध्यक्ष बनाये गये हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव कमेटी के संयोजक होंगे। इस कमेटी में 16 नेताओं को जगह दी गयी है। इसमें प्रियंका गांधी वाड्रा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, जयराम रमेश और शशि थरूर भी शामिल हैं। वहीं, कांग्रेस ने एक रेजोल्यूशन पास किया है। इसके मुताबिक जनता को मोदी सरकार की कथनी-करनी में अंतर बताया जायेगा। मैनिफेस्टो कमेटी में पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, मणिपुर के पूर्व डिप्टी सीएम गायखंगम, लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई, ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस के चीफ प्रवीण चक्रवर्ती, इमरान प्रतापगढ़ी, के राजू, ओंकार सिंह मरकाम, रंजीत रंजन, जिग्नेश मेवाणी और गुरदीप सप्पल शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

# हमारी सरकार खेत की मूली नहीं: हेमंत

- गोला में 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल
- 48 योजनाओं का उद्घाटन और 124 योजनाओं का शिलान्यास किया
- डीएमएफटी के तहत युवाओ को मिला नियुक्ति पत्र



बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष लगातार हमारी सरकार को अस्थिर करने में लगा है। हमारी सरकार खेत में लगायी हुई मूली नहीं है। इस सरकार को यहां की जनता ने बनाया है, जिसे इतनी आसानी से गिराना संभव नहीं है। आज झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है। देश में सबसे ज्यादा गरीबी यहीं है। अनेकों वीर शहीदों ने अलग राज्य की लड़ाई लड़ी, तब जाकर हमें झारखंड अलग राज्य मिला। हम झारखंड को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने में लगे हुए हैं। पूर्व विधायक ममता देवी के प्रयास से हमने गोला के लिए डिग्री कॉलेज को स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री शनिवार को गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**गोला हमारी जन्मभूमि, मुझे है चिंता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का यह तीसरा चरण है। इसके तहत विभिन्न जिलों से होते हुए हम अपनी जन्मभूमि गोला प्रखंड के तिरला मैदान आये हैं। राज्य के विभिन्न गांव-पंचायत स्तर पर यह शिविर चल रहा है। इन शिविरों में पहुंच कर लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। इसका एकमात्र उद्देश्य यह है कि चुनाव से पूर्व हमलोगों ने यहां की जनता से वादा किया था कि यह सरकार दिल्ली या रांची हेडक्वार्टर से नहीं, बल्कि गांव से चलेगी। गांव-गांव में जहां जाने का रास्ता भी नहीं है, वहां भी पदाधिकारी पहुंचकर शिविर लगा रहे हैं। लगभग 1 करोड़ आवेदन हमें मिला, तो पता चला कि पूर्व की सरकारों ने कोई काम नहीं किया, जिसके कारण राज्य में इतनी समस्याएं बढ़ती चली गयीं।

### भाजपा सरकार ने पेंशन भी नहीं दी

हेमंत सोरेन ने कोरोना, लॉकडाउन, सुखाड़ आदि का जिक्र करते हुए कहा कि तमाम समस्याओं से निपटते हुए हमने सरकार की योजनाओं को आपके घर-दरवाजे तक भेजा। प्राप्त आवेदनों से गांव के अंदर हो रही समस्याओं का पता चला। एक-एक करके हमने सूची बनाकर उस पर काम करना शुरू किया। उन आवेदनों का नतीजा है कि आज गांवों में कोई भी बुजुर्ग, विधवा महिला और विकलांग बिना पेंशन का नहीं मिलेगा। डबल इंजन की सरकार ने पूरे राज्य में मात्र 16 लाख लोगों को पेंशन दी। 4 साल में हम 36 लाख 60 हजार लोगों को पेंशन दे रहे हैं। 2019 तक रामगढ़ जिले में मात्र 15 हजार लोगों को पेंशन मिल रही थी, आज हमने 52 हजार लोगों को पेंशन देने का काम किया।

### गांव की मजबूती से ही राज्य बनेगा सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने हर वर्ग के लिए योजना बनायी। हमारे राज्य में 80 प्रतिशत लोग गांव में बसते हैं। जब तक गांव मजबूत नहीं होगा, किसान और महिलाएं सशक्त नहीं होंगे, तब तक राज्य मजबूत नहीं होगा। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से गांव के कम पढ़े-लिखे लोगों को रोजगार के लिए राज्य सरकार मदद करेगी। हमारी आनेवाली पीढ़ी कैसे मजबूत बने, इसके लिए शिक्षा के स्तर को मजबूत बनाने का काम कर रही है। बेटियां बोझ नहीं बनें, उनके लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लाये हैं। जो बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर और पत्रकार बनना चाहता है, उन्हें 2 लाख रुपये गुरुजी क्रेडिट कार्ड से मिलेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 48 योजनाओं का उद्घाटन और 124 योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही डीएमएफटी के तहत युवाओ को नियुक्ति पत्र बांटा।








# इस बार कट सकता है झारखंड के तीन सांसदों का टिकट

## ■ दुमका, धनबाद और पलामू में भाजपा बदल सकती है उम्मीदवार

## ■ पार्टी के आंतरिक सर्वे में सुनील सोरेन की रिपोर्ट संतोषजनक नहीं

## ■ पीएन सिंह और वीडी राम की उम्र बन सकती है उनके रास्ते का रोड़ा

**लोकसभा चुनाव के मुहाने पर खड़े देश में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश में जुटी भाजपा इस बार कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है। पार्टी ने इस बार 'मिशन 400' का लक्ष्य तय किया है और इसे हासिल करने के लिए पूरा जोर लगा रही है। इसके तहत पार्टी ने अपने वर्तमान सांसदों को फिर से टिकट देने के लिए जो तरीका अपनाने का फैसला किया है, उसके तहत आंतरिक सर्वे और सांसदों के कामकाज को आधार बनाया जाना है। इसके लिए राज्यवार आकलन शुरू कर दिया गया है। पार्टी मुख्यालय में पहले दिन हुई चुनावी बैठक में झारखंड की तैयारियों पर मंथन किया गया, जिसमें पार्टी के सांसदों के कामकाज की समीक्षा के साथ आंतरिक सर्वे के नतीजों को सामने रखा गया। बैठक के बारे में जो जानकारी छन कर सामने आयी है, उसके अनुसार इस बार झारखंड के कम से कम तीन सांसदों का टिकट कट सकता है। इसके अलावा दो सांसदों की सीट बदली जा सकती है। जिन तीन सांसदों का टिकट कटने की चर्चा है, उनमें पहला नाम दुमका के सुनील सोरेन का है, जिनका कामकाज संतोषजनक नहीं पाया गया है। उनके अलावा धनबाद के सांसद पीएन सिंह और पलामू के सांसद वीडी राम की उम्र उनके रास्ते का रोड़ा बन सकती है। पार्टी के भीतर जो चर्चा है, उसके मुताबिक अर्जुन मुंडा और सुनील सिंह का चुनाव क्षेत्र बदला जा सकता है। भाजपा की इस बैठक के बाद से झारखंड भाजपा के भीतर खलबली मची हुई है। क्या हुआ बैठक में और झारखंड में इन सांसदों के स्थान पर कौन हो सकता है पार्टी का उम्मीदवार, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के समाप्त होने के बाद भाजपा लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गयी है। इसके लिए बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है। लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए 'मिशन 400' का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रही भाजपा ने इस बार उम्मीदवार तय करने में ही पूरी सावधानी बरतने का फैसला किया है। पार्टी की पहली चुनावी बैठक में झारखंड की स्थिति पर विचार किया गया है। झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों में से 11 पर भाजपा का और एक पर उसकी सहयोगी आजसू का कब्जा है। पार्टी ने 2024 के चुनाव में अपनी सहयोगी आजसू के साथ मिल कर राज्य की सभी 14 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए राज्य के सभी 29 हजार 524 बूथ पर कमिटियां बनायी गयी हैं। प्रत्येक बूथ कमिटी में लगभग 20-25 पार्टी कार्यकर्ता शामिल हैं। हर लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारी नियुक्त किये गये हैं, जो हर दिन की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजते हैं।

### क्या हुआ चुनावी बैठक में

तीन दिन पहले पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में झारखंड के सांसदों के कामकाज के बारे में प्राप्त रिपोर्ट और पार्टी के आंतरिक सर्वे के नतीजों पर विचार किया गया। पार्टी ने इस बार प्रत्याशी के चयन में जिन बातों को आधार बनाने का फैसला किया है, उन पर प्रत्येक सांसद को रखा गया। इनमें जनता के बीच संबंधित सांसद का फीडबैक, कार्यकर्ता समूह का मंतव्य, संगठन के काम के प्रति गंभीरता और भागीदारी, क्षेत्र में किया गया काम, संसद में उठाये गये विषय और उम्र शामिल हैं। इसके अलावा विस्तारक, लोकसभा प्रभारी और प्रमंडलीय प्रभारी की रिपोर्ट पर भी ध्यान दिये जाने का फैसला किया गया है। इस कसौटी पर झारखंड के एक-एक सांसद का आकलन किया गया। इसके अलावा पार्टी ने अब तक तीन सर्वे कराये हैं।







बताया जा रहा है कि बैठक में तीन सांसदों का टिकट काटने की बात लगभग फाइनल हो गयी है। इनमें दुमका के सुनील सोरेन, धनबाद के पीएन सिंह और पलामू के वीडी राम के नाम शामिल हैं। इन तीनों में से सुनील सोरेन का कामकाज संतोषजनक नहीं पाया गया, जबकि पीएन सिंह और वीडी राम की उम्र उनके रास्ते का रोड़ा बन सकती है।

### सांसद सुनील सोरेन की लोकप्रियता के ग्राफ का आकलन

मध्यप्रदेश में भाजपा ने 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले को टिकट नहीं देने की अघोषित नीति से समझौता किया। वहां 80 साल के उम्मीदवारों को भी टिकट मिला। लेकिन झारखंड में इस अघोषित नीति का किस तरह से पालन किया जायेगा, यह कहना अभी मुश्किल है। हालांकि चर्चा है कि दुमका के सांसद सुनील सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पार्टी नेतृत्व को जो रिपोर्ट मिली है, उसमें उनके कामकाज को संतोषजनक नहीं पाया गया है। 2019 के चुनाव में उन्होंने झामुमो के सबसे बड़े नेता शिबू सोरेन को हरा कर 'जाइंट किलर' की उपाधि हासिल की थी, लेकिन उसके बाद से वह लगातार विवाद में फंसे रहे। कोरोना काल में उनके बारे में कई बार विवाद हुआ था। पार्टी नेतृत्व इस सबका आकलन कर रहा है।

### धनबाद में पीएन सिंह की जगह सरयू राय की चर्चा

धनबाद के भाजपा सांसद पीएन सिंह का इस बार टिकट कट सकता है। ऐसा उनके कामकाज के कारण नहीं, बल्कि उनकी उम्र के कारण होगा। उनकी जगह विधायक सरयू राय की दावेदारी की बात सामने आ रही है। हालांकि सरयू राय इस पर कुछ भी खुल कर नहीं बोल रहे हैं। वह अभी निर्दलीय विधायक हैं, लेकिन रघुवर दास के झारखंड की सक्रिय राजनीति से दूर होने के बाद सरयू राय के फिर से भाजपा में शामिल होने की चर्चा जोर-शोर से चल रही है। चर्चा है कि खुद पीएन सिंह से भी उनके उत्तराधिकारी के बारे में बात की गयी है। धनबाद सीट से भाजपा के चतरा सांसद भी मैदान में उतरना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने अपनी इच्छा सार्वजनिक नहीं की है।

### पलामू सीट में भी बदलाव की चर्चा

इसी तरह पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को लेकर पार्टी के अंदर कई तरह की चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि उनकी उम्र के कारण इस बार पार्टी उनका टिकट काट सकती है, जबकि पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि नौकरशाह से सांसद बने विष्णु दयाल राम की छवि आज भी क्षेत्र में एक आइपीएस अधिकारी के रूप में ज्यादा नजर आती है। आम कार्यकर्ताओं को उनके सामने अपनी बात रखने में झिझक होती है, लेकिन अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट में उनका विकल्प कौन बनेगा, इस पर मंथन जारी है।

### अर्जुन मुंडा और सुनील सिंह के क्षेत्र बदले जा सकते हैं

पार्टी के भीतर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और चतरा सांसद सुनील सिंह की सीट बदले जाने की भी चर्चा है। अर्जुन मुंडा अभी खूंटी से सांसद हैं, जबकि सुनील सिंह चतरा संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। पार्टी ने अर्जुन मुंडा को चाईबासा से और सुनील सिंह को गिरिडीह से लड़ाने की संभावनाओं पर विचार करना शुरू कर दिया है। चतरा लोकसभा सीट क्षेत्र से सुनील कुमार सिंह लगातार दो बार चुनाव जीतने में सफल रहे हैं। साल 2019 के चुनाव में भी सुनील सिंह की जगह किसी दूसरे को उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा थी, लेकिन दिल्ली में मौजूद कुछ केंद्रीय नेताओं ने उनकी जबरदस्त तरीके से पैरवी की, जिसके कारण उनका टिकट बरकरार रहा। इन दोनों सीटों पर इन सांसदों का स्थान कौन लेगा, इस बारे में अब तक किसी फैसले पर नहीं पहुंचा जा सका है।

---

# गिरिराज का दावा : जेडीयू का राजद में जल्द होगा विलय



**केंद्रीय मंत्री** गिरिराज सिंह ने शनिवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जेडीयू और उसकी सहयोगी पार्टी राजद विलय की ओर बढ़ रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने यह दावा तब किया जब पत्रकारों ने उनसे नीतीश कुमार के इस आग्रह के बारे में पूछा कि इंडी गठबंधन के सभी घटक जनवरी तक लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दें।

### लालू जी ने मेरे कान में कई बातें कहीं हैं: गिरिराज सिंह

गिरिराज सिंह ने कहा कि मैं लालू जी के साथ व्यक्तिगत बातें साझा करता हूं। उन्होंने मेरे कान में कई बातें फुसफुसाई हैं जिन्हें मैं सार्वजनिक रूप से प्रकट नहीं कर सकता। लेकिन मैं आपको इतना बता दूं कि जद (यू) जल्द ही राजद में विलय करने जा रहा है। इसलिए, सीट बंटवारे का सवाल ही नहीं उठता है। विशेष रूप से, लालू प्रसाद और गिरिराज सिंह दोनों हाल ही में दिल्ली से लौटने के लिए एक ही उड़ान में सवार हुए, जहां राजद सुप्रीमो इंडिया ब्लॉक मीटिंग से भाग लेकर लौट रहे थे। जबकि केंद्रीय मंत्री हाल ही में समाप्त हुए संसद सत्र में भाग ले रहे थे।

### लालू जी तेजस्वी को सीएम बनाने की सोच रहे: गिरिराज सिंह

गुरुवार शाम को पटना में उतरने पर गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से कहा था कि विमान में उनके धुर विरोधी लालू प्रसाद ने कहा था कि तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का समय आ गया है।

वहीं जब पत्रकारों ने लालू यादव से भाजपा नेता के विलय वाले बयान पर पूछा तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि गिरिराज सिंह कुछ सुर्खियों में आने के लिए अपमानजनक बयान देना पसंद करते हैं। अगर उन्होंने कुछ अजीब बात नहीं कही होती तो किसी ने भी उन पर ध्यान नहीं दिया होता।

गिरिराज सिंह की चर्चा न करें। वह टीआरपी के शौकीन हैं। वह ऐसी बातें कहते रहेंगे जो उनका ध्यान खींचने में मदद करती हैं। ललन सिंह ने कहा कि जिन्होंने 'झटका' मांस की वकालत के लिए भाजपा नेता पर भी कटाक्ष किया, साथ ही हिंदुओं से 'हलाल' मांस का सेवन बंद करने की अपील की।

### तेजस्वी यादव ने किया पलटवार

हालांकि, केंद्रीय मंत्री के दावे को खारिज करते हुए राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि यह महज सुर्खियां बटोरने की कोशिश है। वह अपने शब्द किसी और के मुंह में डालना चाहते हैं।

अगर ऐसे सनसनीखेज दावे नहीं होंगे तो वह राजनीतिक सुर्खियों में कैसे रहेंगे? इससे पहले, शुक्रवार को तेजस्वी यादव बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राजद संरक्षक लालू प्रसाद यादव के बीच दरार के दावों का भी खंडन किया।

उन्होंने कहा कि 'मीडिया के एक वर्ग' द्वारा नकारात्मक प्रचार करने के प्रयास किए जा रहे हैं, उन्होंने कहा कि विपक्षी गुट - भारत - में सभी भागीदार एकजुट और 'एक साथ मजबूत' हैं।

---

# राम मंदिर में समाजवादी पार्टी पर बैनः प्राण प्रतिष्ठा में न बुलायें, भाजपा सांसद के बयान ने मचायी खलबली

**अयोध्या** में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शासन तैयारियों में जुटा है। श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से विशिष्ट मेहमानों को न्योता भेजा जा रहा है। इसी में भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुब्रत पाठक के बयान ने सियासी खलबली मचा दी है।

सुब्रत पाठक ने अपने बयान में समाजवादी पार्टी के खिलाफ सख्त लहजे का प्रयोग किया। इसके साथ सपा को राम भक्तों का हत्यारा बताया। सुब्रत ने कहा कि ट्रस्ट से निवेदन है कि ऐसे लोगों को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में न बुलाया जाये और इन पर बैन लगा दिया जाये।

### सांसद का बयान-

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम की जन्मस्थली पर बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा के इस कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी स्वयं पहुंच रहे हैं। यह अयोध्या के महत्व को दर्शाता है।

अयोध्या का महत्व यह भी दर्शाता है कि जिस प्रकार देश के आज देश के तमाम सारे राजनैतिक दल जो कभी मंदिर न बनने पावे, इसको लेकर तमाम सार अड़ंगे लगाते थे, मंदिर के विरोध में सुप्रीम कोर्ट तक अपने वकील खड़े करवाते थे। यह लोग जिस प्रकार परिहास बनाते थे कि मंदिर वहीं बनयेंगे, तारीख नहीं बतायेंगे। भारतीय जनता पार्टी को इस प्रकार चिढ़ाते थे, जो मंदिर का सार्वजनिक स्तर पर विरोध करते थे। कुछ लोग कहते थे कि मंदिर की आवश्यकता क्या है, वहां तो अस्पताल बना देना चाहिए, मंदिर से क्या किसी को रोटी मिलती है।



### अयोध्या आने पर बैन लगा दिया जाये

**सांसद सुब्रत ने कहा, मैं श्रीराममंदिर ट्रस्ट से निवेदन करूंगा कि वह हर सनातनी जिसकी भगवान श्रीराम में अगाध आस्था है, चाहे वह किसी भी राजनैतिक दल में हो, आप उसको जरूर बुलायें, लेकिन समाजवादी पार्टी जैसे राम भक्तों की हत्यारी और आज तक समाजवादी पार्टी के जिन लोगों ने माफी नहीं मांगी है, ऐसे लोगों को मंदिर बुलाना तो दूर अगर मंदिर आ भी जायें तो इन्हें घुसने न दिया जाये और जब तक माफी न मांगें, तब तक इन पर अयोध्या आने पर बैन लगा दिया जाये।**

### हमारी आस्था को अपमानित किया था

सांसद सुब्रत ने आगे कहा, समाजवादी पार्टी ने तो हद ही कर दी, जब सपा ने निर्दोष राम भक्तों पर गोली चलवा दी, एक निर्मम हत्याकांड रामभक्तों का करवा दिया मगर आज तक समाजवादी पार्टी ने माफी नहीं मांगी है, बल्कि गर्व से कहा कि हमने गोली चलवायी। समाजवादी पार्टी ने हवा में उड़ गये जय श्री राम का नारा लगवाकर हमारी आस्था को अपमानित करने का काम करती थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 19.0 °c | 10.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.09 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.27 बजे |



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आर्चबिशप हाउस पहुंचे

# उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व है क्रिसमस: हेमंत सोरेन

**राज्यवासियों को क्रिसमस की दी बधाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंच कर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात की। उन्हें क्रिसमस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किये। मौके पर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्रिसमस पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'क्रिसमस' का पर्व हम सभी के लिए बहुत उत्साह, उमंग और खुशी का पर्व होता है। क्रिसमस पर पूरे झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई। प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन और सुख-समृद्धि की कामना करता हूं। इस अवसर पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो, सहायक धर्माध्यक्ष बिशप थियोडोर मास्करेंहास, फादर मुकुल कुल्लू, फादर असित टोप्पो, फादर अजीत कुमार खेस, फादर सहदेव प्रजापति, फादर सुशील बेक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दीपक प्रकाश ने पासपोर्ट सेवा केंद्र को लेकर पूछा सवाल

# केंद्र की चिप-आधारित इ-पासपोर्ट सेवा की योजना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सांसद दीपक प्रकाश ने विदेश मंत्रालय से झारखंड सहित देशभर में कार्यरत पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या और चिप-आधारित इ-पासपोर्ट शुरू करने की योजना से संबंधित जानकारी मांगी। श्री प्रकाश के सवालों का जबाव देते हुए विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने बताया कि वर्तमान में 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अंतर्गत 93 पासपोर्ट सेवा केंद्र और 434 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र है। इनमें से एक पासपोर्ट सेवा केंद्र और 15 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र झारखंड में है। कहा कि इ-पासपोर्ट कागज और इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट का एक संयुक्त रूप है, जिसमें एम्बेडेड रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन चिप और एम्बेडेड एंटीना बैक कवर में जुड़ा हुआ होता है। पासपोर्ट की महत्वपूर्ण जानकारी उसके डाटा पेज पर मुद्रित होने के साथ चिप में भी संग्रहित होगी। दस्तावेज और चिप की विशेषताएं अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन दस्तावेज 9303 में है।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
संख्या एस.जी. 664–10–टेली–2023–24 धनबाद, दिनांक 21.12.2023, ई:निविदा सूचना सं एस.जी. 664–10–टेली–2023–24
भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है। क्रम सं० 1, कार्य का नाम : धनबाद डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर प्रमुख स्टेशनों के दूरसंचार प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए स्वचालित आग का पता लगाने और अलार्म प्रणाली का प्रावधान करने हेतु। 2. कार्य का आकलित मुल्य: ₹1,12,35,066.84, 3. कार्य का अग्रधन राशि: ₹ 2,06,200.00, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 09.01.2024 (13:00 बजे)। 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्यः– प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।
वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/01926/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/23–24/40

# टेट पास सहायक अध्यापक 26 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

**25 दिसंबर तक वेतनमान पर फैसला ले राज्य सरकार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि टेट पास सहायक अध्यापक 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने शनिवार को कहा कि राजभवन के समीप पिछले 124 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के तरफ से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। अगर 25 दिसंबर तक वेतनमान सरकार नहीं देगी और टेट पास पारा शिक्षकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री फैसला नहीं लेते हैं, तो 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। हेमंत सोरेन बीते 2019 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न मंचों से घोषणा की थी कि उनकी सरकार राज्य में बनती है तो तीन माह के अंदर में पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जायेगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास घेराव का नेतृत्व दशरथ ठाकुर, मिथलेश उपाध्याय, मोहन मंडल सहित अन्य करेंगे।

# दिनेश गोप का खास सोनू पंडित एनआइए रिमांड पर

**झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा के विभिन्न कोयला कारोबारियों, ट्रांसपोर्टर, रेलवे ठेकेदारों से फंड जुटाने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** लेवी उगाही में अहम भूमिका निभाने वाले पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप का खासमखास सोनू पंडित से एनआइए पूछताछ कर रही है। एनआइए ने रमन कुमार सोनू उर्फ सोनू पंडित को रिमांड पर लिया है। बिहार के पटना स्थित धनरुआ निवासी रमन कुमार सोनू को एनआइए ने 15 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। रमन कुमार सोनू आतंकी गतिविधियों के साथ-साथ हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। आरोपित एनआइए की रांची स्थित शाखा में दर्ज (कांड संख्या आरसी-04/2023) मामले में गिरफ्तार किया गया था। यह प्राथमिकी 11 अक्टूबर को दर्ज की गयी थी। इसमें पीएलएफआइ पर लेवी-रंगदारी से आर्थिक और आतंकी गतिविधियों को संचालित करने का आरोप लगा था।

रमन का सहयोगी निवेश पूर्व में धुर्वा में रांची पुलिस के हाथों गिरफ्तार हुआ था। पुलिस को जांच में पता चला था कि निवेश ने पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को हथियार सप्लाई की थी। वहीं एनआइए के अनुसंधान में पता चला कि पीएलएफआइ के सदस्य झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न कोयला कारोबारियों, ट्रांसपोर्टर, रेलवे ठेकेदारों और व्यवसायियों से लेवी-रंगदारी से फंड जुटाने में लगे थे। वे आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। सुरक्षा बलों पर हमला, हत्या, आगजनी करने की योजना बना रहे थे। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ सहित पीएलएफआइ प्रभावित अन्य राज्यों में भी अपने उग्रवादी संगठन के विस्तार में जुटे थे।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक - 753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 40/PF/2023-24
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में "लवणीय तटीय मिट्टी में स्थिर चावल उत्पादन के लिए नमक के तनाव को कम करने के लिए हेलोटोरेंट पौध वृद्धि करने वाले राइजोबैक्टीरिया (एच-पीजीपीआर) समुह के तरल सूत्रण का विकास" (ईएपी-412) शीर्षक परियोजना के तहत एक (01) प्रोजेक्ट फेलो के चयन के लिए दिनांक 03.01.2024 को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।
Walk-in-Interview will be held on 03.01.2024 for selection of one (01) Project Fellow (PF) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme "Development of liquid formulation of Halotolerant Plant Growth-Promoting Rhizobacteria (H-PGPR) consortia to alleviate salt stress for sustainable rice production in saline coastal soil" (EAP-412). The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website https://icar-nrri.in.
प्रधान अन्वेषक/ PRINCIPAL INVESTIGATOR

## कोहरे की चादर में लिपटा झारखंड

# 27 दिसंबर तक ठंड से राहत नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह से शाम तक ठंडी हवाएं बह रही हैं, जिस कारण धूप में भी लोगों को ठंड का एहसास हो रहा है। राज्य के अधिकांश जिलों में बादल छाये हुए हैं। कई जिलों में कोहरा की स्थिति भी बनी हुई है। शनिवार सुबह कोहरे के बाद आसमान में बादल छाये रहे। दिन के समय में भी राजधानी रांची सहित आसपास के इलाकों में कुहासा देखा गया। हालांकि, बादल छाये रहने के कारण न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 27 दिसंबर तक बादल छाये रहने की संभावना है। शनिवार को राजधानी रांची का तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे कम तापमान पश्चिमी सिंहभूम का 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह खूंटी का 9.1 डिग्री सेल्सियस, लोहरदगा का 11.8 डिग्री सेल्सियस, गुमला 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। चतरा, गढ़वा, हजारीबाग, लातेहार, पलामू का तापमान 12.1 से 12.8 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। धनबाद, किरीबुरू, साहिबगंज का तापमान 13.1 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। देवघर और गोड्डा का तापमान 14.5 डिग्री तक रहा। गिरिडीह और पाकुड़ का तापमान 15.5 डिग्री तक रहा।

## इंटर स्टेट वाहन चोर गिरोह का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

**दुमका (आजाद सिपाही)।** दुमका पुलिस ने इंटर स्टेट वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर दुमका और पाकुड़ से चोरी की 11 बाइक भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार आरोपियों में दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र स्थित लोहरडीह निवासी मुकेश कुमार मिर्धा, पाकुड़ जिले के पकुड़िया थाना क्षेत्र स्थित मोगलाबांध निवासी आदित्य रौशन, रोबिन पाल उर्फ प्रोबिन और बोनोनवोग्राम निवासी महरूम शेख का नाम शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की ग्यारह बाइक, दो मोबाइल और एक मास्टर चाबी पुलिस ने बरामद किया है।

# उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली आज

## राजधानी में गरजेंगे आदिवासी समाज के अगुआ

**धर्मांतरित लोगों को एसटी का दर्जा नहीं देने की होगी वकालत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत ने बताया कि 24 दिसंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली होगी। इसमें भारी संख्या में जनजाति समाज के लोग विभिन्न जिलों से शिरकत करेंगे। अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखने का आह्वान करेंगे, जिसमें धर्मांतरित को एसटी का आरक्षण की सुविधा नहीं मिले, यह प्रमुख मुद्दा रहेगा। पत्रकारों से बातचीत में शनिवार को कहा कि इस मुद्दे को स्व कार्तिक उरांव ने संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था, ताकि जिसने जनजाति मत और विश्वासों का परित्याग कर दिया है। इसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है, उसे एसटी का सदस्य नहीं समझा जायेगा। उसे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिले।

कहा कि देश के 700 से अधिक जनजातियों के विकास और उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था, लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी प्रथा छोड़ इसाई या मुस्लिम बन गये हैं। जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित सरकारी नौकरियों को हथियाने वाले ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ न्यायालयीन कार्यवाही के लिए आगे आयें।

### जनजातीय समाज की आवाज बनें अधिकारी

केंद्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों में ऊंचे पदों पर बैठे अफसरों से भी यह अपेक्षा है कि वे समाज के अंतिम छोर पर खड़े इस जनजातीय समुदाय की आवाज बने। धर्मांतरित व्यक्तियों को अनुचित लाभ देने से खुद को रोके। सांसद और विधायक से भी अपेक्षा है कि वे जनजातियों को उनका वाजिब हक दिलाने में पहल करें।

### इनकी रही मौजूदगी

प्रकाश सिंह, संदीप उरांव, हिंदुवा उरांव, मेघा उरांव, सोमा उरांव और अन्य उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा, मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।
- **वृष** — बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी, जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें ।
- **मिथुन** — व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा, कामकाज अच्छा चलेगा, आमदनी बढ़ेगा।
- **कर्क** — परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी, मानसिक चिंता रहेगी, भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा।
- **सिंह** — अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे, किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।
- **कन्या** — आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।
- **तुला** — आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जाएगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।
- **धनु** — रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।
- **मकर** — अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।
- **कुंभ** — आवश्यक कामोंमें आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।
- **मीन** — आपने जिस पर भरोसा किया ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

## न्यूटन ट्यूटोरियल्स का आइआइटी-मेडिकल की तैयारी पर मंथन

# 'नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही फायदा'

आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू।** न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा लि की ओर से पतरातु के डीएवी पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय में शनिवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय था- आगामी आइआइटी (जेइइ) और मेडिकल परीक्षा में कैसे ज्यादा अंक-अच्छा रैंक प्राप्त किये जाये। भविष्य में इन परीक्षाओं के लिए बच्चे कैसे योजनापूर्ण ढंग से तैयारी करे, ताकि सफलता प्राप्त किये जाये। एनके मुरलीधर ने बताया कि पैरेंटस को अपने व्यवहार में बदलाव कर बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। मदन मोहन ने बताया कि बच्चों को किन बिंदुओं पर ध्यान देना चाहिए। रसायन विज्ञान के शिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि लगातार प्रयास का जरूरत है। भौतिकी के शिक्षक प्रणव कुमार ने भौतिकी की तैयारी से संबंधित जानकारी दी।



**क्विज प्रतियोगिता के बाद पुरस्कार वितरण**

क्विज प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरित किया गया। इसमें श्रीसा श्रेया, अमन कुमार, प्रियांशु कुमार साव, अरुषि कुमारी, स्टूटी रानी, अनूप कुमार, उत्कर्ष कुमार, सेजल कुमारी, और प्रिया राज को पुरस्कार प्रदान किया गया।

न्यूटन ट्यूटोरियल्स के डाइरेक्टर इमरान अली ने बोर्ड और प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर को स्पष्ट किया। जेइइ-मेडिकल की तैयारी के लिए सबसे उपयुक्त समय है 11वीं कक्षा। हालांकि अगर योजना कक्षा 9वीं से बनाते हैं, तो बहुत ही अच्छा है। मगर दसवीं के बाद तो जरूर तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

प्रणव कुमार के अनुसार अगर मेडिकल के लिए बच्चे एनसीइआरटी के पुस्तक पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दें, तो अधिक फायदा होगा। नकारात्मक प्रश्न को छोड़ने में ही भलाई है। उनके अनुसार पढ़ाई को बोझ नहीं समझें, उसे इंज्वाय करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचे।

### एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को

न्यूटन ट्यूटोरियल्स में नया बैच 2024 के लिए (आइआइटी/मेडिकल)। एडमिशन टेस्ट प्रत्येक रविवार को होगा। विस्तृत जानकारी एनटीपीएल के कार्यालय से ली जा सकती है। फोन नंबर 0651-25630, 9204793521, 9708423600 पर संपर्क किया जा सकता है।

## पासवा अध्यक्ष ने आर्य बिशप से की मुलाकात

# खुशियां बांटने वाला त्योहार है क्रिसमस: फेलिक्स टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** क्रिसमस की पूर्व संध्या पर पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर क्रिसमस की बधाई दी। इस मौके पर केक भी काटा गया। आर्च बिशप को केक खिलाया और अंग वस्त्र के साथ पुष्प भी भेंट किया।

आर्च बिशप ने कहा कि क्रिसमस खुशियां बांटने वाला त्योहार है। इस दिन को उत्साह, उमंग और खुशी के साथ मनाया जाना चाहिए। प्रभु ईसा मसीह ने प्रेम, करुणा, सत्य, क्षमा, दया, भाईचारा, सद्भावना का जो संदेश दिया है हमें उसी रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। मीडिया से बात करते हुए राज्य वासियों को अपने संदेश में आर्च विशप ने कहा कि हम सभी एक ही ईश्वर के संतान हैं और क्योंकि हम एक ही ईश्वर के संतान हैं, तो हम आपस में भाई-बहन हैं। आध्यात्मिक रिश्ता है और बहुत ही गहरा रिश्ता है। फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि ईश्वर की करुणा, क्षमा, दया के बारे में संदेश दिया कि ईश्वर पर आस्था, विश्वास, आशा रखो, तभी कल्याण होगा।

विशप थियोडोर मास्करे हंस ने कहा कि क्रिसमस का एक ही संदेश है- प्रेम और सेवा की भावना। प्रभु यीशु इस दुनिया में आये थे एक छोटे बालक की तरह। प्रभु यीशु शांति लाना चाहते हैं। पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि प्रभु ईसा मसीह आज पूरे राज्य और देश में करुणा और प्रेम का संदेश वाहक बन रहे हैं। अगर एक तरह से कहें कि आर्च बिशप प्रभु यीशु के दूत हैं, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। मौके पर महानगर डॉ सुषमा केरकेट्टा, रूपा राव, श्रुति तिवारी, अनिकेत कुमार, अमन यादव, आशुतोष कुमार, मेहुल दुबे समेत अन्य उपस्थित थे।

## पीडीएस संघ की हुई बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक पीडीएस संघ कोडरमा के जिला अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल की अध्यक्षता में हुई। संचालक पवन पांडेय ने किया। ऑल इंडिया फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा और प्रधान सचिव संजय कुंडू और प्रदेश के सभी पदाधिकारीगण के आवाहन पर एक बैठक 18 दिसंबर को रांची में की गयी। जिसमें मुख्य मुद्दा राष्ट्रव्यापी पूरे भारत में 1 जनवरी से वितरण व्यवस्था बंद रहेगा। सभी डीलर भाई, महिला ग्रुप की माताएं एवं बहाने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। जब तक सरकार हमारे सभी मांगे, जैसे कि पीएमजीवाई कोरोना कल में किए गए अनाज वितरण का अभी तक उसके कमीशन की भुगतान नहीं की गई है, अनुकंपा अभिलंब बहाल हो, कमीशन की बढ़ोतरी या मानदेय तय हो, सरकार पूरी नहीं करती है तब तक पीडीएस संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

# बर्थडे पार्टी मनाने गये युवक की दोस्तों ने तलवार गोद की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत झील एरिया में शुक्रवार शाम बर्थडे पार्टी मना रहे एक नाबालिक को उसके दोस्तों ने तलवार गोदकर हत्या कर दी। फिर वारदात को अंजाम देकर पांचों दोस्त फरार हो गये। बर्थडे पार्टी में शामिल चचेरे भाई सलमान किसी तरह घायल सकीबुल पिता मो इजहार साकिन कोलघट्टी को ई रिक्शा में लेकर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रांची या किसी बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। परिजन आनन-फानन में उसे आरोग्यं अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने सकीबुल को मृत घोषित कर दिया। लोहसिंघ्ना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया की इस घटना को अंजाम देने वाले युवकों की तलाश की जा रही है। पार्टी में शामिल सलमान ने बताया कि बचपन के सात दोस्त बर्थडे सेलिब्रेट करने झील पर गये थे। वहां तलवार से केक काटा गया। फिर खाने-पीने की पार्टी चली। सभी दोस्त साउंड पर नाच रहे थे। इस दौरान देखा कि सकीबुल की छाती में तलवार से गोद रहे हैं और मजाक कर रहे हैं। उसके बाद वह घबरा गया। जबकि सभी दोस्त फरार हो गये। इसकी सूचना उसने पहले अपने पिता और घर में दी। फिर सड़क पर आकर टोटो को पकड़ा और घायल अवस्था में किसी तरह शकीबुल को लेकर अस्पताल पहुंचा। पिता इजहार कहते हैं कि इस घटना की जानकारी उन्हें बड़े भाई ने दी। जब तक वह अस्पताल पहुंचे तब तक उनका घर उजड़ चुका था।

## टाटीझरिया में सरकार-आपके द्वार शिविर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय में टाटीझरिया पंचायत का आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख संतोष मंडल, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, मुखिया सुरेश यादव, पंसस पिंगला देवी, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाशपति सिंह, राजू यादव व अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, मनरेगा, श्रम, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी समेत अन्य का स्टॉल लगाया गया था। शिविर में टाटीझरिया पंचायत के टाटीझरिया, मुरूमातु, होलंग, सदारो, मूरकी, बिशाय, टाटी, कंदागढा, बेरहो, गरमरा के सैकडों ग्रामीण उपस्थित हुए। शिविर में विभिन्न स्टॉलों में कई आवेदन आये। इसमें सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए आया। इसके अलावा मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साडी, कंबल, साईकिल के लिए बच्चों को साढ़े चार हजार रुपये, केसीसी, गुरूजी क्रेडिट कार्ड आदि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। शिविर में तीन महिला समूहों के बीच 13 लाख रुपये का चेक का वितरित किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। शिविर में कृषि पदाधिकारी सुधीर राय, बीपीओ अफरोज अख्तर, पंचायत सचिव विश्वजीत दूबे, होपन सिंह, सुनिल कुमार, श्याम यादव, सोबरन साव, अशोक गुप्ता, काशीनाथ चौधरी, दिलीप साव, कुंदन सिंह, जयप्रकाश ठाकुर, झुनझुन गुप्ता, दीपक गुप्ता, पूनम देवी, अनिता भोक्ता, डेगलाल बेसरा, जीवलाल बेसरा व अन्य उपस्थित रहे।

## एक साइबर अपराधी गिरफ्तार

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत जबरा स्थित मेहता लॉज से एक साइबर अपराधि पवन कुमार पिता जनार्दन महतो ग्राम करो खुर्द, जिला बोकारो, वर्तमान पता जबरा थाना कोर्रा जिला हजारीबाग को साइबर क्राइम करते हुए कोर्रा पुलिस ने धर दबोचा है। जिसके विरुद्ध कोर्रा थाना कांड संख्या 334/23 के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अभियुक्तों के पास से साइबर ठगी करने में प्रयुक्त 1 मोबाइल को जब्त किया गया।

## डीटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

**दारु /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी ने शनिवार को दारु थाना के सामने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियांन मे दो पहिया, तीन पहिया और चारपाहिया वाहन के कागजातो और दोपहिया वाहन चलाने वालो का हेलमेट की जांच की गयी। इस अभियान में दर्जनों वाहन से करीब 76 हजार रुपैये जुर्माना लगाया गया। इस बारे में जिला परिवहन पदाधिकारी बैजनाथ कामटी ने बताया की अभी सडक सुरक्षा को लेकर विशेष अभियांन चलाया जा रहा है जिसके तहत वाहन की जांच सहित लापरवाही से वाहन चलानो वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। परिवहन पदाधिकारी ने बताया की सभी स्कूल प्रबंधन के साथ बैठक कर स्कूल मे चलने वालो वाहनों के कागजात दुरुस्त करने का निर्देश दिया है अन्यथा उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। दारु क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप के मालिकों को निर्देश दिया गया है की बिना हेलमेट पहने अपनी बाइक मे तेल लेने वालों को तेल नही दिया जाये अन्यथा पेट्रोल पम्प के मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# इरगा पंचायत भवन में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम

**प्रखंड के कोई भी लाभुक अबुआ आवास से ना हों वंचितः शशि मोहन सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू/हजारीबाग।** प्रखंड अंतर्गत ईरगा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, निर्वाचन कार्य, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और पारिवारिक हित लाभ, मनरेगा बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन योजना, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, खाद आपूर्ति विभाग, जल जीवन मिशन, कृषि विभाग, कल्याण विभाग राजस्व विभाग, वन विभाग आयुषमान कार्ड, ग्रामीण विकास विभाग, दिव्यांग प्रमाण पत्र, सहित कई योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। कार्यक्रम के दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि वैसे लाभुक जो अबूआ आवास योग्य है वे किसी भी हाल में वंचित ना हों। कार्यक्रम में कुल 3018 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 2263 ऑन स्पॉट निष्पादित किया गया। अबूआ आवास को लेकर 655 आवेदन पड़े। शिविर में सखी मंडल को 10 लाख 50000 का चेक प्राप्त हुआ साथ ही आठवी कक्षा के 60 विद्यार्थियों को साइकिल के लिए 4500 रुपया का डेमो चेक मिला। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता, 20 सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उपाधयक्ष कैलाश पति देव, बीडीओ मनीष कुमार, अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, बीपीओ स्वाति वर्मा, मुखिया अनिता देवी, कलावती देवी, कांग्रेस ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष रिंकू कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि महावीर यादव, वॉर्ड सदस्य नीलम प्रसाद, रूबी कुमारी, सुजीत कुमार, पुलिस कर्मी, प्रखंड कर्मी और पंचायत के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## केरेडारी में कांग्रेस पार्टी की कमेटी का गठन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती पताल पंचायत में कांग्रेस पार्टी का पंचायत कोर कमेटी का गठन किया गया। पताल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता व संचालन केरेडारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने किया। वहीं मुख्य अतिथि इंटक प्रदेश सचिव सह विधायक अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज की मौजूदगी में संपन्न हुआ। पंचायत कमिटी में फुलेश्वर महतो को पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष करण मुंडा, सचिव बाबूलाल कुमार महतो, कोषाध्यक्ष संजय ठाकुर, मीडिया प्रभारी दिलीप महतो वही संरक्षक सागर केसरी को बनाया गया। प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र का विकास माटी की बेटी ही कर सकती है पूरे विधानसभा क्षेत्र में संगठन के माध्यम से जमीनी स्तर पर विकास कार्य हो रहा है। इस दौरान ग्रामीणो की मांग पर कई विकास कार्यों का ऑन द स्पॉट विधायक मद से अनुशंसा किया गया। इस दौरान ग्राम सिमतटांड़ में चंद्रा गंजू के घर से दामोदर नदी तक पीसीसी निर्माण, ग्राम कसिमातर में मुकुल गंजू के घर से एतवा गंजू के घर तक पीसीसी, मेडी में पुषण महतो के घर से दसई मुंडा के घर तक पीसीसी निर्माण व ग्राम पाताल में सरना से दामोदर घाट तक पीसीसी पथ निर्माण की अनुशंसा की गयी, शीघ्र ही उक्त योजनाओं को धरातल पर उतरने का कार्य किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, संतोष यादव, मनोज कुमार मुंडा, नरेश गोप, दीपक मुंडा, राजू मुंडा, बाबूलाल मुंडा, नरेश महतो, विमल महतो, अशोक महतो, गंगा करमाली, महेश गंजू, अर्जुन मुंडा, अजय मुंडा, रामजी मुंडा, बंसी महतो, गणेश महतो, राजेंद्र महतो सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच बांटे गये कंबल



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में झरपो पंचायत सचिवालय में मुखिया शिबुप्रसाद सोनी उपप्रमुख सह झरपो पंचायत समिति सदस्य रविकुमार वर्णवाल, उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा ने शनिवार को झरपो पंचायत में जरूरत मंद लोगो के बीच कुल 120 कंबल का वितरण किया। मुखिया शिबू प्रसाद सोनी और उपप्रमुख रवि कुमार वर्नवाल ने बताया कि ठंढ बढने से पहले गरीब, असहाय तथा वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है क्षेत्र के विकास तथा यहां के लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहेंगे हमारा प्रयास रहता है कि जितना संभव हो सके गरीबों के दुख-सुख में शामिल होकर उनका सहयोगी करते रहेंगे कंबल जगदीश राम, गिरधारी राम, प्रयाग राम, मंजू देवी मो सुनीता, कांति देवी, गोविंद राम, मो कुलो कुमारी, निर्मल भुइयां, पोखन भुइयां उमिया देवी, रेशमी देवी, मो उगनी चमन दुसाद, बढ़न पासवान, ठाकुर महतो, फरीदा खातून, जीरा देवी, अर्जुन रजक, कांति देवी, मोहम्मद मियां सहित 120 लोगो को कंबल दिया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य केदार गौरव, रवि यादव, अर्जुन रविदास, मुन्नी देवी, उषा रानी उपस्थित थे।

# 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत भवन परिसर में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सीआर इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, महिला नेत्री सह मुखिया प्रतिनिधि ममता कुमारी, पंसस संतोषी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जेएसएलपीएस की महिलाओं ने विधायक सहित अतिथियों का स्वागत किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रमों में उमड़ रही भीड़ और योजनाओं के प्रति रुझान से स्पष्ट है कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफल होता दिख रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि सभी विभाग तत्परता से कार्रवाई करते हुए आहर्ता प्राप्त लोगों के आवेदनों का सकारात्मक रूप से निष्पादन करेंगे। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए हम कृतसंकल्पित हैं। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एक सशक्त माध्यम है, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए है। धनवार पंचायत भवन का चहारदीवारी, धनवार और कोरियाडीह स्कूल का चहारदीवारी का मांग मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने विधायक उमाशंकर अकेला से किया। शिविर में 1925 आवेदन प्राप्त हुआ। जिसमें 1290 स्वीकृत हुआ और 635 आवेदन लंबित है। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, गाजो यादव, बीसीओ सजंय यादव, सीडीपीओ नीलू रानी, डोमन पांडेय, प्रकाश साव, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, मंटू यादव, उषा वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, नरेश प्रसाद वर्मा, अजय कुमार कुशवाहा, मंटू प्रसाद, अनिल कुमार, महेंद्र प्रसाद, अजीत प्रसाद, राजेश प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, तिलक यादव, रामजी प्रसाद, उपेंद्र प्रसाद, अजय मेहता, रवि कुमार, उमेश यादव, अशोक यादव, वार्ड सदस्य रूपमनी देवी, रवीना खातून, मेहरून खातून, मोहम्मद मंजूर अंसारी, लक्ष्मी कुमारी, अर्चना कुमारी, मानती कुमारी, गुड़िया देवी, मोहम्मद हसमत अंसारी, बसंती देवी, बालेश्वर कुमार, मो वारिस अंसारी, दसरथ यादव, रिजवान अली, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, मो सरताज सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## उमेश दांगी ने थामा आजसू का दामन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी के नेतृत्व में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष रांची स्थित आवास सह आजसू कार्यालय पर जगदेव विचार मंच बड़कागांव अध्यक्ष उमेश दांगी ने आजसू का दामन थामा जिसे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने पट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण करवाया और केला का पौधा देकर स्वागत किया तथा पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गयी। दांगी केंद्रीय कुशवाहा समाज कर्णपूरा क्षेत्र बड़कागांव और अखिल भारतीय कुशवाहा युवा महासभा के बतौर अध्यक्ष तथा झारखंड कुशवाहा महासभा के संयोजक रहकर समाज में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे हैं। सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत दांगी ने कहा कि झारखंड में जो राजनीतिक दुर्दशा है इसको सिर्फ एनडीए गठबंधन ही दूर करने में सक्षम है लोग त्राहिमाम कर रही हैं प्रत्येक सरकारी दफ्तरों ब्यूरोक्रेसी हावी है और राजनीतिक नेतृत्व काफी शिथिल है जहां तक बड़कागांव विधानसभा की बात है जनता त्राहिमाम कर रही है यहां समस्याओं का अंबार है पर यहां के जनप्रतिनिधि सिर्फ अपने कार्यों में व्यस्त हैं। आगे उमेश दांगी ने कहा कि पार्टी हमें जो भी दायित्व देगी उसे मैं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का काम करूंगा और आने वाले चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से रौशलाल चौधरी को जिताकर झारखंड में एनडीए की सरकार बनानी है तभी आम जनों की समस्याओं का हाल हो सकता है। इनके साथ समाजसेवी गिरधारी महतो ने भी आजसू का दामन थामा। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार दांगी, समेत कई लोग मौजूद थे।

## सदर विधायक ने किया 3.81 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास



**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमदाग प्रखंड के कई क्षेत्रों का सघन दौरा किया तथा करीब 30 करोड़ 81 लाख की विकास योजनाओं का आधारशिला रखी। विधायक ने कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पंचशील कॉलोनी मुख्य पथ से संजय कुमार सिंह के घर से धीरज त्रिपाठी के घर होते हुए देवेंद्र सिंह के घर से श्रीकांत पांडेय के घर होते हुए मृदुल सिंह के घर से सुरदीप कुमार के घर होते हुए कन्हैया सिंह के घर से बबन कुमार के घर होते हुए नरसिंह स्थान मुख्य पथ से पंचशील कॉलोनी तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पथ की कुल लंबाई 2.63 किमी है, जिसका निर्माण करीब 1 करोड़ 57 लाख रुपये से जल्द होगा। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हजारीबाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुधारीकरण योजना अंतर्गत कुंडीलबागी चौक से मरहंद मोड तक पथ का विशेष मरम्मत्ति कार्य का भूमिपूजन कर आधारशिला रखा। इस पथ की कुल लंबाई 1.70 किमी है और कुल 2 करोड़ 24 लाख रुपये की राशि से इस पथ का कार्य किया जायेगा। मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग विधानसभा में विकास के काम में उनका सकारात्मक प्रयास हमेशा रहता है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, कटकमदाग भाजपा संगठन के प्रभारी जयनारायण, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, उप प्रमुख विमल गुप्ता, खपरियावां मुखिया राजेश गुप्ता, संजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## देर रात्रि शहर भ्रमण पर निकलीं उपायुक्त, जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज अधिकारियों और कर्मियों के साथ कड़ाके की ठंड में शहर का जायजा लेने निकली। उपायुक्त ने बीती रात शहर और आसपास के क्षेत्र के रेलवे स्टेशन, झुमरी तिलैया बस स्टैंड, महतो आहर व अन्य क्षेत्र में रात्रि भ्रमण किया। इस दौरान उपायुक्त ने झुमरी तिलैया शहर अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास गरीब व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया और उनका हालचाल जाना। साथ ही पदाधिकारियों को वृद्ध महिला व पुरुष को वृद्ध आश्रम में शिफ्ट करने को कहा। उन्होंने बेसहारा लोगों को रैन बसेरा में शिफ्ट करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी झुमरी तिलैया नगर परिषद् को दिया। उपायुक्त ने कहा कि ठंड बढ़ गयी है, इसलिए सतर्क रहें। प्रशासन जरूरतमंद लोगों को कंबल मुहैया करा रही है। मौके पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग पदाधिकारी अभिषेक आनंद, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी हर्षवर्धन, अंचलाधिकारी कोडरमा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## सीढ़ी मरम्मत निर्माण कार्य का उद्घाटन



**चलकुसा (आजाद सिपाही)।** चलकुसा के नौका आहार तालाब में 15वीं वित्त आयोग से 2,30,300 की लागत से सीढी निर्माण मरम्मति कार्य का उद्घाटन चलकुसा मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने किया। सीढ़ी निर्माण होने से सभी ग्रामीण में काफी उत्साहित दिखा। वहीं मुखिया आलोक सिंह ने कहा कि इस तलाब में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के साथ प्रतिदिन सैकड़ों महिला पुरुष स्नान और कपड़े को साफ सफाई करते हैं और पितृ पक्ष के दिन अपने पितरों श्रद्धा पूर्वक स्मरण करते हैं। साथ हीं साथ उन्होंने कहा कि विकास अभी जारी है। उद्घाटन के मौके पर रहमान अंसारी, यमुना पासवान, मुन्सी पासवान, भइखदएव पासवान, सुबोध ठाकुर, महेंद्र यादव, कर्म पासवान, सुरेन्द्र ठाकुर, संजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग एसीबी की टीम की कड़ी कार्रवाई

# विष्णुगढ़ थाने के छोटा बाबू को 6000 लेते दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** एसीबी टीम ने विष्णुगढ़ थाना में पदस्थापित छोटा बाबू मनोज कुमार को 6000 लेते रंगे हांथ दबोच लिया है। ललिता देवी पति बदरी यादव, ग्राम-हेठली बोदरा, पो-चौथा, थाना-विष्णुगढ़, जिला-हजारीबाग के द्वारा एसीबी प्रमंडलीय कार्यालय हजारीबाग को आवेदन दिया गया था कि इनके पति बदरी यादव के नाम पर विष्णुगढ़ थाना में केस हुआ है, जिसका केस नंबर 246/23 है। विष्णुगढ थाना में पदस्थापित मनोज कुमार इनके घर आकर इनको बोले कि हम केश मैनेज कर देंगे तुम 10,000 (दस हजार) रूपया दो। काफी हथजोरी करने पर मनोज कुमार बोले कि 6,000 (छः हजार) रूपया दोगे तभी उसका डायरी भेजेंगे नही तो उसको जेल भेज देंगे। ये रिश्वत नही देना चाहती थी, इसलिए पुलिस अधीक्षक, भ्रनिब्यूरो, हजारीबाग को आवेदन दिये थे। आवेदन के संबंध में सत्यापनकर्ता द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया, तथा सत्यापन प्रतिवेदन में मनोज कुमार छोटा बाबू (स०अ०नि०), विष्णुगढ थाना, जिला-हजारीबाग के द्वारा वादिनी ललिता देवी से 6,000 रू० रिश्वत मांगने की बात सत्य पायी गयी। रिश्वत मांगे जाने का आरोप सत्य पाये जाने पर सत्यापनकर्ता द्वारा सत्यापन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। वादी के आवेदन और सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्र०नि० ब्यूरो हजारीबाग थाना कांड सं-16/2023 दर्ज किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग के ट्रैप टीम के द्वारा दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र साक्षी के उपस्थिति में मनोज कुमार (उम्र-52) पिता किशोरी मोहन ग्राम+पो० इक्कीस, थाना-मुखदुमपुर, जिला-जहानाबाद (बिहार) सम्प्रति स०अ०नि० विष्णुगढ थाना, जिला-हजारीबाग को 6,000/- (छः हजार) रू० रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## मलेरिया जांच शिविर का आयोजन

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सत्यनारायण भकत के निर्देश पर कटैया बिरहोर कॉलोनी में मलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित दर्जनों बिरहोर महिला, पुरुष और बच्चों को जांच के तहत मलेरिया, खांसी, बीपी आदि की जांच की गयी। साथ ही उपचार हेतु दवा वितरण किया गया।

## पतरातू में भाजपाइयों ने सांसद जयंत सिन्हा का किया स्वागत



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सांसद सांसद जयंत सिन्हा शनिवार को पतरातू पहुंचे, रेलवे गेट के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से जिंदाबाद नारे लगाते हुए उनका माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों द्वारा ओवरब्रिज शिलान्यास कार्यक्रम के विषय में पूछे जाने पर कहा कि ओवर ब्रिज केंद्र सरकार के द्वारा सारे कार्य हो चुका है। खुद में रेल मंत्री से ओवरब्रिज निर्माण के लिए संपर्क किया हूं राज्य सरकार के द्वारा स्वीकृत नहीं मिला है इसीलिए शिलान्यास का कार्यक्रम नहीं किया जा रहा है इसके लिए मैं खुद राज्य सरकार से बात करूंगा विधायक अंबा प्रसाद से भी बात करूंगा कि ओवर ब्रिज निर्माण में जो समस्या है आपकी सरकार है बात करने में पहल करें। उन्होंने अपने फोन से डीआरएम हाजीपुर से भी बात किया ओवर ब्रिज निर्माण में क्या समस्या इसकी जानकारी ली। वही ग्रामीणों द्वारा पतरातू स्टेशन में इंटरसिटी एक्सप्रेस, गरीब रथ, एक्सप्रेस रांची अजमेर एक्सप्रेस की ठहराओ कि मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा, इसके आलवे ग्रामीणों ने पतरातू में पेयजल समस्या के समाधान के लिए भी सांसद से बातें की इस पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना हर घर नल योजना की प्रक्रिया चल रही है जल्द पतरातु में पेयजल समस्या का समाधान किया जायेगा। पत्रकारों द्वारा विस्थापन नीत के विषय में पूछे जाने उन्होंने कहा कि यह विस्थापन नित बनाना राज्य सरकार का काम मेरा नही। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक सुखदेव प्रसाद डॉ संजय सिंह मुखिया गिरजेश कुमार अर्जुन वर्णवाल सत्यपाल चावला लवली चावला चंदन वर्णवाल सुनील गुप्ता महानंद सिंह सुशील सिंह रवि दता लाल बाबू सहित कई ग्रामीण शामिल थे।

## डीएवी बरकाकाना ने मनाया बलिदान दिवस

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकाना ने मनाया बलिदान दिवस। विद्यालय परिवार ने स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रार्थना सभा में प्राचार्य सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने पुष्पांजलि अर्पित कर स्वामी श्रद्धानंद को श्रद्धांजलि दिया। प्रार्थना सभा के दौरान कक्षा नौ के सत्यम कुमार ने स्वामी श्रद्धानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला वही कक्षा नौ के विद्यार्थी नितिन कुमार ने स्वामी श्रद्धानंद पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा वैदिक विधान से यज्ञ हवन व भजन का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी श्रद्धानंद भारतीय स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था समाज के अग्रगण्य महापुरुषों में शामिल है,जिनका स्मरण पूरा भारत करता है।

## जिप सदस्य दयामंति ने बांटे कंबल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी ने शनिवार को प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतो में गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के ओरला, बड़काचुम्बा, बुमरी, हेसागड़ा पंचायत के 80 जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन द्वारा हमें केवल 80 कंबल दिया गया है। जो क्षेत्र के जरूरतमंदों के लिए पर्याप्त नहीं है। हमारा प्रयास है कि इस भीषण ठंड से परेशान लोगो के लिए जल्द ही स्वंय कंबल का मुहैया कराया जायेगा। उन्होंने संपन्न परिवारों से भी इस भीषण ठंड को देखते हुए गरीब असहाय लोगों को सहयोग करने की अपील की। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार टुडू, जतरु महतो, हरि महतो, काली महतो, तुलसी महतो समेत कई लोग शामिल रहे।

## अभाविप ने महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ कॉलेज इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ की प्राचार्या से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। इस दौरान मुख्य रूप से कॉलेज अध्यक्ष नितेश कुमार मोदी, जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौड़ उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने बताया कि रामगढ़ महाविद्यालय का अवलोकन और निरीक्षण करने पर वहां भारी कमियां उजागर हुई और अनियमितता देखने को मिली। छात्र-छात्राओं से बातचीत और चर्चा करने के पश्चात महाविद्यालय के समक्ष कई मांगे रखी गई जो निम्न प्रकार है। सौंपे गये मांग पत्र में कहा गया है कि रामगढ़ महाविद्यालय में चारदीवारी का निर्माण अविलंब हो, पूरे परिसर की साफ-सफाई समय-समय पर हो और कूड़ेदान की व्यवस्था हो, शुद्ध पेय जल, शौचालय का समुचित साफ-सफाई व्यवस्थित की जाये, सुरक्षा के दृष्टिकोण से परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे को सुचारू रूप से चालू किया जाये और नये जगह पर भी कैमरा लगाया जाये, व्याख्याताओं और कर्मचारी की कमी को पूरा करें, वाचनालय में नई शिक्षा नीति के आधार पर पुस्तकों की आपूर्ति को पूर्ण किया जाये वा रीडिंग हॉल को नियमित तौर पर विद्यार्थियों के स्व-अध्ययन के खोला जाये, गर्ल्स कॉमन रूम, छात्र संघ कक्ष, एनएसएस कक्ष, शारीरिक कक्ष को भी सुचारू रूप से पूर्व की भांति चालू किया जाये ताकि विद्यार्थियों के गुणों का विकाश हो सके, महाविद्यालय में लगे डिजिटल बोर्ड का उपयोग भी सुनिश्चित किया जाये व पूरे परिसर को वाई-फाई युक्त किया जाये आदि प्रमुख विषयो पर मांग पत्र सौंपा गया है। मौके पर नितेश कुमार मोदी ने रामगढ़ महाविद्यालय के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि पूरे महाविद्यालय में एक भी कूड़ेदान देखने को नहीं मिला। शौचालय से बदबू और लगभग हर कक्ष में जाले वा धूल-गंदगी आदि का भरमार पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि अगर जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य रहेगी। ज्ञापन सौंपने में ये थे शामिल ऋषभ सिन्हा, पंकज बेदिया, आलिया खान, प्रीतम कुमार, कुमारी दिशा, ज्योत्सना किरण, दीक्षा कुमारी, संगीता कुमारी, जया कुमारी, रिया कुमारी, श्रुति कुमारी, शांति कुमारी, बिंदिया कुमारी, कुमारी श्रुति, निरूपा कुमारी, साक्षी महतो आदि शामिल थे।

### गोला प्रखंड में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

# हमारी सरकार ने पांच लाख किसानों का कर्ज माफ किया : बादल पत्रलेख

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत के तिरला मैदान में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री फागू बेसरा, योगेंद्र प्रसाद, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुए। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



इस मौके पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार निरंतर गरीब जनता की सेवा में लगी हुई है। यह भीड़ इस बात को दर्शाती है कि इस सरकार ने राज्य के हरेक तबके के जरूरतमंद लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया। पहले लोग सालों सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों का चक्कर काटते-काटते थक जाते थे। लेकिन हमारी सरकार 24 जिलों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से लोगों को योजनाओं से लाभांवित करने का कार्य कर रही है। राज्य के 32 लाख बच्चों का भविष्य संवारने व सजाने के काम किया। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस मुख्यमंत्री की ऊंची सोच को दर्शाता है। आज सैकड़ों छात्र अपने सपनों की उड़ान भर रहे हैं, ऐसा पहले कभी नहीं होता था। गोला किसान बाहुल क्षेत्र है। पूर्व की सरकारों ने किसानों के दर्द को कभी महसूस नहीं किया। लेकिन महागठबंधन की सरकार ने 5 लाख किसानों के 50 हजार तक के कर्ज को माफ किया।

**अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : सत्यानंद भोक्ता:** श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि झारखंड बने 23 वर्ष हो गये। कई सरकार ने लगातार शासन किया, लेकिन गरीबों के कल्याण की ओर कोई काम नहीं किया। हमारी सरकार 4 वर्ष के दौरान ही राज्य के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों को भी लाभान्वित करने में लगी हुई है। पूर्व की सरकार में चंद लोगों की बैठक कर योजनाओं को पारित किया जाता है। जिसे मुख्यमंत्री जी ने समझा और गांव-गांव पंचायत स्तर पर इस तरह के वृहद कार्यक्रम कर लोगों को योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। झारखंड पहला ऐसा राज्य है, जहां एक हजार वृद्धा पेंशन मिल रहा है। पीएम आवास नहीं आया तो सीएम ने गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना देने का निर्णय लिया। बुनियादी समस्याओं को दूर कर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में सरकार काम कर रही है।

**योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन:** मुख्यमंत्री ने 49.95 करोड़ रुपये की 48 योजनाओं का उद्घाटन और 98.94 करोड़ रुपये की 124 योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ ही डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य में 67, श्रम नियोजन में 23 और 2 अन्य सहित कुल 92 युवाओ को नियुक्ति पत्र भी दिया। इधर, सीसीएल रजरप्पा की ओर से सीएसआर योजना के तहत जीएम पीएन यादव द्वारा सोलर से संचालित 4 ट्रायसाइकिल और 1 व्हीलचेयर प्रदान किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति:** कार्यक्रम में सीएम के सचिव विनय चौबे, प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडेय, पूर्व विधायक अर्जुन राम, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, झामुमो के केंद्रीय नेता संजीव बेदिया, जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, पार्षद रेखा सोरेन, आलम अंसारी सहित जिलेभर के अधिकारी, काफी संख्या में छात्राएं और महिला-पुरूष उपस्थित थे।

## ए ला एंगलाइज स्कूल में धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**बच्चे देश के भविष्य इनका सर्वांगीण विकास जरूरी : डॉ. बीरेंद्र चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** बिरसा चौक स्थित ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में शनिवार को विद्यालय का 42वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेन्द्र कुमार चौधरी, विशिष्ट अतिथि बीरबल महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व केक काटकर किया। इसके पूर्व विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर व प्राचार्य बिजयंत कुमार द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों को झारखंडी पारंपरिक नृत्य-गीत व ढोल-नगाड़ों के बीच स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य विजयंत कुमार ने दिया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य और गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। तत्पश्चात वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी और उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर खोरठा के रचनाकार डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, नागेश्वर महतो, खोरठा कवि डॉ. कृष्णा गोप, युवा कवि व कलाकार संदीप महतो, अमित करमाली, अजय कुमार दास, मनदेव महतो, लोकनाथ महतो, शंकर पटेल सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद थें।



**कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान :** कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य बिजयंत कुमार, डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, खेल प्रशिक्षक कंचन दास व कंचन सोनी, शीला बेदिया, शबाना खातून, जय किशोर प्रसाद महतो, धर्मेश कुमार सोनी, शंभू प्रसाद, निरंजन दुबे, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, सिद्धार्थ कुमार, सूरज देव सिंह, विश्वक सेन, गीता प्रसाद, अजीत शर्मा, मिथिलेश बेदिया, सुनील साव, नीतू सिंह, सीमा मुंडा, कृष्ण कुमार अम्बष्टा, अंजली सिन्हा, पूनम सिन्हा, रुचि सिंह, सरिता कुमारी, प्रिया सिंह, काजल बनर्जी, सोनी कुमारी, बबीता सिंह, शीला देवी, सपना मिंज, वर्षा टेटे, ट्विंकल पॉल, सुनीत एक्का, पूजा हेंब्रम, गौरव कुमार साहू, जलेश्वर महतो, सीमा हेंब्रम सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## सात सूत्री मांगों को लेकर किया गया धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत अपनी विभिन्न मांगों को ले विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति ने शनिवार को बलकुदरा आउटसोर्सिंग के समक्ष एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता राणा प्रताप सिंह व मुखिया विजय मुंडा और संचालन अजय साहू और फुलेश्वर राम तुरी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विस्थापित संयुक्त रोड सेल संचालन समिति के लोगों ने कहा की सीसीएल प्रबंधन द्वारा चारो राजस्व ग्राम देवरिया, कुरसे, बलकुदरा और दुंदुवा के रैयत विस्थापित और प्रभावित ग्रामीण के प्रति सकारात्मक सहयोग नहीं किया जाता है। पूर्व में भी समिति के द्वारा सात सूत्री मांग की गयी थी। जिस पर प्रबंधन द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं किया गया। समिति द्वारा परियोजना पधाधिकारी मनोज कुमार पाठक को मांग-पत्र सौपा गया। इसमें भुरकुंडा रोड सेल चालू कर संयुक्त रोड सेल संचालन समिति को शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने, सीसीएल द्वारा राजस्व ग्रामों में बिजली, पानी, शिक्षा, सड़क की व्यवस्था करने, सीसीएल अस्पताल में विस्थापितों को निःशुल्क चिकित्सीय व्यवस्था उपलब्ध कराने, भुरकुंडा लोकल सेल में सीसीएल कोलियरी से उत्पादित कोयले का 75 प्रतिशत कोयला आवंटित करने की मांगे शामिल है। मौके पर भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक ने समिति से वार्ता कर आश्वस्त किया कि बलकुदरा खदान से कोयला उत्पादन के बाद रोड सेल की मांग को पूरा किया जायेगा। प्रबंधन द्वारा राजस्व गांव में सीएसआर के तहत विकास के कार्य जल्द किये जायेंगे। प्रबंधन के साकारात्मक आश्वासन के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया। साथ ही समिति ने कहा की 15 दिनों के अंदर सात-सूत्री मांगों पर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किया गया तो पूर्ण रूप से चक्का जाम कर दिया जायेगा। साथ ही क्रमवार आंदोलन किया जायेगा।

धरना-प्रदर्शन में ये थें शामिल धरना-प्रर्दशन में कैलाश प्रसाद, झाड़ी मुंडा, सनी बेसरा, वीरेंद्र यादव, वीरेंद्र मांझी, योगेंद्र यादव, देवनंदन प्रसाद, विजय मुंडा, कपूर सिंह, बिहार मांझी, राजेंद्र मुंडा, रोहित मुंडा, शंकर मांझी, हरण करमाली, परमवीर सिंह, महेश हेंब्रम, महेश सिंह, संजय यादव, राजा राम प्रसाद, उमेश प्रजापति, प्रदीप शाह, बाल गोविंद, बबलू यादव, मदन सिंह, शिवलाल मुर्मू, लालजी मांझी, सुनील मुर्मू, धनीराम मांझी, शंकर बेदिया, भुवनेश्वर मांझी, अनिल एक्का, संतोष मांझी, शेषनाथ करमाली, पृथ्वीराज करमाली, मानसी मुर्मू, रानी देवी, स्वामी देवी, दशमी देवी, संगीता देवी, पूजा देवी, अनिल एक्का सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थें।

### मांडू डीह पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यक्रम का उद्देश्य: बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडू।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को मांडू डीह पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ संजय कुमार कोंगाड़ी, सीआई सुरेश प्रसाद वर्णवाल, मुखिया बैजनाथ राम, पंसस किरण देवी, उप मुखिया सीता देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ ने लोगों को संबोधित करते हुए योजनाओं की लाभ लेने की बात कही। कहा कि सरकार योजनाओं का लाभ देने के लिए यह कार्यक्रम चला रही है। ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल सके। वहीं आयोजित कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें कई आवेदनों का निराकरण ऑन द स्पॉट किया गया। कार्यक्रम में विभाग द्वारा बिरसा सिंचाई कूप, भूमि संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी स्मृति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के स्टाल लगाये गये थे। साथ ही कई सुयोग्य लाभुकों के बीच कंबल धोती साड़ी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सीसीएल के द्वारा एकता सखी मंडल मांडू डीह को 6 लाख और विकास सखी मंडल को तीन लाख, मुद्रा लोन के अंतर्गत सुशीला देवी मांडू डीह को संचालन करने के लिए 10 लाख का लोन दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य ममता देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, किरण देवी, गीता देवी, असरिता सुरीन, अनिल करमाली, नवरत्न कुमार मंडल उर्फ ननकू, तालेश्वर प्रसाद, राजकपूर साव, जानकी देव नायक, शेखर कुमार, बिनोद महतो समेत प्रखंड के कई पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।




भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. 41/GA/AFO/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में ''रोपित और सीधी बुआई वाले चावल की स्थिति में चावल आधारित फसल प्रणालियो की जल प्रयोग दक्षता, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, उपल और अर्थव्यवस्था का आकलन करना'' (ईएपी-402) परियोजना के लिए एक (01) ग्रेजुएट असिसटेंट तथा एक (01) एग्रीकल्चरल फिल्ड ऑपरेटर के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 09.01.2024 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तें के बारे में जानकारी भाकृअनुप - एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interviews will be held on 09.01.2024 for selection of One (01) Graduate Assistant (GA) and One (01) Agricutural Field Operator (AFO) under the scheme "Assessing the water productivity, GHG emission, yield and economics of rice-based cropping systems under transplanted and direct seeded rice" (EAP-402) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The Details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website https://icar-nrri.in

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR


## चतरा की खबरें

## सिमरिया में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सत्यानंद भोक्ता पहुंचे सिमरिया



**चतरा (आजाद सिपाही)।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता आज जिले के सिमरिया प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंत्री भोक्ता ने सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्बला मैदान में 26 दिसम्बर 2023 को होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य के माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के आगमन और कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर कार्यक्रम स्थल का प्रशासनिक तैयारी व हेलीपैड स्थल समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही कार्यक्रम को लेकर वरीय अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया नीतू सिंह, समाज सेवी मनोज चंद्रा, शारदा देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## भाजपा ने भारत संकल्प यात्रा आयोजित किया

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** पंचायत खुटीकेवाल खुर्द और डाहा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चतरा विधानसभा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निशा कुमारी, प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश पासवान उपस्थित हुए और खुटीकेवाल खुर्द के मुखिया बृजकिशोर सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य जितेंद्र रजक जी, वरिष्ठ भाजपा नेता बहोरी सिंह जी, सांसद प्रतिनिधि जैनेंद्र कुमार सिंह, अनुज सिंह, बिरेंद्र सिंह मुन्ना जी, गुन्जीत कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, नागेन्द्र यादव, संजय ठाकुर, बिरेंद्र ठाकुर, मुकेश यादव, बिनोद पासवान, आलोक सिंह, अजीत कुमार और दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता सहित पंचायत की जनता और सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। भाजपा नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताया गया।

## परवरिश स्कूल में मनाया गया क्रिसमस




**कुजू (आजाद सिपाही)।** परवरिश एडुकेयर स्कूल, कुजू में उत्साह पूर्वक के साथ क्रिसमस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी के उद्घाटन भाषण के साथ हुई। जिन्होंने छुट्टियों के मौसम के दौरान खुशी और दयालुता फैलाने के महत्व पर जोर दिया। वही, कार्यक्रम का छात्राओं ने अपनी मधुर आवाज और उत्सव की भावना से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, प्री-प्राइमरी छात्रों ने आकर्षक नृत्य प्रदर्शन के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वही, उत्सव में नाटक के दौरान प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा यीशु के जन्म पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने भी इस खुशी के अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने उत्सव और सीखने का माहौल बनाने के समर्पण के लिए छात्रों और कर्मचारियों की सराहना की। वहीं, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह ने इस तरह के उत्सव के आयोजन के लिए स्कूल समुदाय के प्रयासों की सराहना करते हुए उपस्थित सभी लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन रश्मि कुजूर, संगीता, सोमा, कंचन, नंदिनी, रजनी और अर्चना ने किया। मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# हताशा में हमला

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में गुरुवार को एक बार फिर आतंकवादियों ने घात लगाकर सुरक्षाकर्मियों पर हमला किया, जिसमें पांच जवान शहीद हो गये। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाये, तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आयी है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं।

यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि इसके पीछे आतंकियों की हताशा से उपजी यह दर्शाने की भावना हो कि उनका वहां अब भी थोड़ा-बहुत प्रभाव बना हुआ है। अगर यह बात सही है, तो हो सकता है कि आने वाले दिनों में ये बचे-खुचे आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करें। जाहिर है, सुरक्षाकर्मियों को इस लिहाज से भी अपनी तैयारी रखनी होगी। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती जिस इलाके में यह आतंकी हमला हुआ है, वह घने जंगलों के लिए जाना जाता है। डेरा की गली और बुफलियाज के बीच के इस इलाके में चामरेर के जंगल हैं और आगे भाटा धुरियन जंगल शुरू हो जाता है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंकविरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गयी। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए।

**ये घटनाएं संकेत देती हैं कि जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा बलों के दबाव और संभवतः स्थानीय आबादी में कम होते समर्थन के कारण आतंकवादी तत्वों ने इस जंगली इलाके को अपना नया ठिकाना बनाया है।**

ये घटनाएं संकेत देती हैं कि जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में सुरक्षा बलों के दबाव और संभवतः स्थानीय आबादी में कम होते समर्थन के कारण आतंकवादी तत्वों ने इस जंगली इलाके को अपना नया ठिकाना बनाया है। घने जंगल के कारण यहां आतंकियों का छिपना आसान है और जवानों का उन्हें ढूंढ़ना खतरनाक। लेकिन जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह से शांति-व्यवस्था लौटी है, पर्यटकों की लगातार बढ़ती संख्या और रोजगार के मौके जिस तरह से बढ़ा रही है और सीमा पार से घुसपैठ को जिस तरह से रोका गया है, उन्हें देखते हुए यह समझना मुश्किल नहीं कि आतंकवादियों का यह ठिकाना भी ज्यादा समय तक बना नहीं रह सकता। अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब अगले साल चुनाव होना भी तय हो चुका है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली आम लोगों को अपनी इच्छा और आकांक्षा व्यक्त करने के बेहतर मौके मुहैया कराएगी जिससे हिंसक और आतंकी तत्वों के अलग-थलग पड़ने की प्रक्रिया और तेज होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश की 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था, लेकिन इन सुविधाओं का लाभ उन जनजातियों के स्थान पर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ी परंपरा छोड़कर इसाई या मुसलमान बन गये है। संविधान की व्याख्या करते हुए लोकुर कमेटी ने कहा कि भारत में निवास कर रहे अनुसूचित जनजाति समुदाय का अर्थ है भौगोलिक दूरी, विशिष्ट संस्कृति, बोली-भाषा, परंपरा, रूढ़िगत न्याय व्यवस्था, सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन, संकोची स्वभाव।**

# कार्तिक उरांव का डिलिस्टिंग का कार्य अधूरा है

सुशील मरांडी



**कार्तिक** उरांव ने चार दशक पूर्व ही धार्मांतरित आदिवासियों की कानूनी स्थिति के इस विषय को पहचान कर एक दूरदर्शी राजनेता की तरह इसे उचित समय उठाया। आज जनजाति सुरक्षा मंच पूरे देश में डिलिस्टिंग का आंदोलन और आदिवासी समुदाय में जनजागरण कर रहा है, जो सपना कार्तिक उरांव ने 50 वर्षों पूर्व देखा था, परंतु उस समय के राजनीतिक परिस्थितियों के कारण अधूरा रह गया था, या यूं कहें कि आदिवासी समाज में इस विषय को लेकर जनजागरण का कार्य नहीं होने के कारण संविधान की इस विसंगति को दूर करने में असफल रहे। कार्तिक उरांव ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को 235 सांसदों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया और ऐसे लोगों को हटाने की मांग की। उच्चतम न्यायालय ने भी हाल के कुछ निर्णयों में सिद्धांत रूप से इस बात को स्वीकार किया कि धर्मांतरण के बाद नैतिक-सांस्कृतिक रूप से जनजाति समाज का व्यक्ति पूर्ववर्ती जनजाति समाज अर्थात मूल जनजाति समुदाय का नहीं रह जाता। इस कारण आवश्यकता इस बात की है कि अनुसूचित जाति की तरह जनजाति समुदाय के लिए भी कानून स्पष्ट हो।

**कार्तिक उरांव ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को 235 सांसदों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया।**

देश की 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिए संविधान निमार्ताओं ने आरक्षण और अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था, लेकिन इन सुविधाओं का लाभ उन जनजातियों के स्थान पर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ी परंपरा छोड़कर इसाई या मुसलमान बन गये है। संविधान की व्याख्या करते हुए लोकुर कमेटी ने कहा कि भारत में निवास कर रहे अनुसूचित जनजाति समुदाय का अर्थ है भौगोलिक दूरी, विशिष्ट संस्कृति, बोली-भाषा, परंपरा, रूढ़िगत न्याय व्यवस्था, सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन, संकोची स्वभाव। अतः इन जनजातियों को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में रखकर उनके लिए न्याय और विकास को सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण और अन्य विशेष प्रावधान किये गये। संविधान निर्माताओं ने जनजातियों को यह सुविधाएं और अधिकार अपनी संस्कृति, आस्था, परंपरा की सुरक्षा करते हुए विकास करने के लिए सशक्त बनाने के लिए दिये गये थे। किंतु दुर्भाग्य यह है कि अनुसूचित जाति की तरह इस कानून की सही तरीके से व्याख्या नहीं होने के कारण वैसे लोग जिन्होंने अपनी संस्कृति, आस्था, परंपरा को त्याग कर विदेशी धर्म अपना लिए हैं। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति से छीन रहे हैं। इतिहास के पन्ने बतायेंगे कि जो अंग्रेजों के शासन काल लगभग 150 वर्षों में इसाई मिशनरियों द्वारा इतना धर्म परिवर्तन नहीं हुआ, जितना आजादी मिलने के बाद। 1947 में मणिपुर में सात प्रतिशत जनजाति इसाई थे, लेकिन यह संख्या आज बढ़कर 70 प्रतिशत हो गयी। मेघालय में 24.66 प्रतिशत थी, जो बढ़कर 75 फीसदी हो गयी। नागालैंड में 46 से 95 प्रतिशत, मिजोरम में 47 से 90 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में 1971 तक इसाई मिशनरियों का प्रवेश नहीं हुआ था, परंतु आज 30 प्रतिशत जनसंख्या धर्म परिवर्तन कर चुकी है। मानो ऐसा लगता है कि आजादी मिली है, तो इसाई मिशनरियों को धर्म परिवर्तन करने की। स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि इसाई धर्म मुख्य रूप से आजादी के बाद आदिवासी आबादी में मजबूत हुआ। स्वतंत्रता के बाद चर्च ने इस क्षेत्र में जनजातीय और क्षेत्रीय उप राष्ट्रवाद के विभिन्न उग्रवादी दावों को प्रेरित करना और नेतृत्व करना शुरू कर दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि इससे 1951 के बाद पूरे क्षेत्र में इसाई धर्म के निरंतर विस्तार में मदद मिली है। इसलिए जनजाति समुदाय की जो भी समस्याएं आज हैं उन सभी समस्याओं का निदान यह डिलिस्टिंग है। क्योंकि संविधान की 15-1 धारा के अनुसार धर्म, कुटुंब, भाषा, जाति, लिंग, उत्पति के स्थान या इन में से किसी के आधार किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। इसाई मिशनरी द्वारा संविधान की 15-1 धारा की आड़ में तो केवल धर्म परिवर्तन ही हो रहा है। कार्तिक उरांव ने जो मशाल 1967 में जलाया था, आज कड़िया मुंडा जी आगे बढ़ा रहे हैं। यह न केवल जनजाति समाज को बल्कि प्रत्येक न्याय प्रिय भारतीयों को सोचना पड़ेगा कि इसका समाधान कैसे हो, ताकि गत 75 वर्षों से जनजातियों के साथ हो रहा अन्याय दूर हो। जनजाति सुरक्षा मंच गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन की भांति ही आंदोलन खड़ा कर रही है और जनजाति समुदाय में अपने स्वधर्म, संस्कृति, अधिकारों की रक्षा के लिए बिरसा मुंडा की तरह नया उलगुलान।

**(लेखकः जनजाति सुरक्षा मंच के सदस्य हैं।)**



**संविधान निर्माताओं ने जनजातियों को यह सुविधाएं और अधिकार अपनी संस्कृति, आस्था, परंपरा की सुरक्षा करते हुए विकास करने के लिए सशक्त बनाने के लिए दिये गये थे। किंतु दुर्भाग्य यह है कि अनुसूचित जाति की तरह इस कानून की सही तरीके से व्याख्या नहीं होने के कारण वैसे लोग जिन्होंने अपनी संस्कृति, आस्था, परंपरा का त्याग कर विदेशी धर्म अपना लिए है। इन सुविधाओं का 80 प्रतिशत लाभ मूल जनजाति से छीन रहे हैं। इतिहास के पन्ने बतायेंगे कि जो अंग्रेजों के शासन काल लगभग 150 वर्षों में इसाई मिशनरियों द्वारा इतना धर्म परिवर्तन नहीं हुआ, जितना आजादी मिलने के बाद। 1947 में मणिपुर में सात प्रतिशत जनजाति इसाई थे, लेकिन यह संख्या आज बढ़कर 70 प्रतिशत हो गयी।**

## जमशेदपुर की खबरें

# ग्रामीण महिलाओं के लिए 'संजीवनी' अस्पताल बना वरदान : रवि किरण

**अब तक 400 से अधिक महिलाएं दे चुकी हैं स्वस्थ शिशुओं को जन्म, सभी सेवाएं पूर्णतः दी जाती हैं निशुल्क**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बीते एक साल से स्वस्थ व सुशिक्षित समाज की स्थापना के लिए संकल्प के साथ श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल मिशन मोड में कार्यरत है। पूर्णतः निशुल्क सेवाएं देने वाले इस अनोखे अस्पताल की बीते एक वर्ष की उपलब्धियां भी बेमिसाल हैं। ट्रस्ट के द्वारा श्री सत्य साई बाबा के मिशन को आगे बढ़ाते हुए श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की स्थापना किया गया। शनिवार को श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में लेबोरेटरी का शुभारंभ व 'स्त्री फॉरस्त्री' कैंपेन लाँच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अथिति धालभूम एसडीओ पियूष सिन्हा,समाज सेविका जया डोकानिया,समाज सेविका लता अग्रवाल व डा. श्वेता कुमारी व सत्य साई संजीवनी अस्पताल के ट्रस्ट अफसर रविकिरण शामिल रहे। अस्पताल के पहली वर्षगांठ पर के उपस्थिति में एसडीओ पियूष सिन्हा के द्वारा लेबोरेटरी व स्त्री फॉरस्त्री कैंपेन का लाँच किया गया। मौके पर सत्य साई संजीवनी अस्पताल के ट्रस्ट अफसर रविकिरण श्रीपदा ने बताया लौहनगरी मे वंचितों की सेवा को समर्पित इस अस्पताल की स्थापना एक वर्ष पूरा हो चुका है। मातृ व शिशु देखभाल को केंद्र में रखते हुए जमशेदपुर शाखा ने महज एक वर्ष के भीतर कई आयाम स्थापित किए हैं।

खास तौर पर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम व सराईकेला-खरसवां के ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व का लाभ देने में अस्पताल प्रबंधन सफल रहे हैं। ट्रस्ट की कोशिश है गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित अर्थात सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अस्पताल में अधिक से अधिक लाभ मिले। अब तक अस्पताल के मातृत्व देखभाल विभाग की ओपीडी व विभिन्न गांवों में आयोजित 40 से अधिक चिकित्सा शिविरों के माध्यम से करीब 11,300 महिलाएं प्रसवपूर्व देखभाल प्राप्त कर चुकी की हैं। वहीं शिशु देखभाल विभाग की ओपीडी में 1300 से अधिक नवजात व बच्चे बाल चिकित्सा देखभाल प्राप्त कर चुके हैं। इसके आलावे 650 से अधिक गर्भवती महिलाएं अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा प्राप्त कर चुकी हैं। जबकि इस दौरान 410 स्वस्थ बच्चे जन्म ले चुके हैं। साथ ही 10,700 से अधिक मरीजों ने नेत्र चिकित्सा परामर्श हासिल की है। मुख्य अथिति एसडीओ पियूष सिन्हा ने अस्पताल प्रबंधन को पहली वर्षगांठ की बधाई देते हुए कहा आम तौर पर हेल्थ सिस्टम को 4 ह्यएह्ल यानी अवैलेबिलीटी, एक्सेसिबिलिटी, अफॉर्डबिलिटी और एक्सीपीटाबिलिटी के दृष्टिकोण से परखा जाता है। इन चारों पैमानों पर श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल बिल्कुल खरा उतरता है। वंचित लोगों की निशुल्क सेवा का यह अनोखा माडल है। सरकार या प्रशासन की ओर से हर तरह की सहायता उपलब्ध कराने का भरसक प्रयास रहेगा।

## आठ संदिग्ध आतंकी से एनआइए कर रही पूछताछ

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) आतंकी संगठन आइएसआइएस बल्लारी मॉड्यूल मामले की जांच कर रही है। इस मामले में एनआइए जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी मो शाहबाज उर्फ जुल्फिकार समेत आठ संदिग्ध आतंकियों से पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि बीते दिन झारखंड समेत चार राज्यों के 19 ठिकानों पर एनआइए ने छापा मारा था। एनआइए की टीम ने झारखंड के बोकारो और जमशेदपुर में छापेमारी की थी। वहीं कर्नाटक के बल्लारी और बेंगलुरु में भी छापा मारा था। इस छापेमारी के दौरान एनआइए ने बल्लारी मॉड्यूल के नेता मिनाज सहित आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया था। सभी आइएसआइएस आतंकी संगठन के समर्थन में आतंकी गतिविधियों को संचालित कर रहे थे। उनका नेतृत्व मिनाज उर्फ सुलैमान कर रहा था। एनआइए ने बल्लारी से मिनाज उर्फ सुलैमान और सैयद समीर, मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मुनीरुद्दीन, सईद समिउल्लाह उर्फ समी और मुजम्मिल, दिल्ली से शयन रहमान उर्फ हुसैन और जमशेदपुर से शहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया था। छापेमारी के दौरान एनआइए को इन ठिकानों से विस्फोटक सामग्री (सल्फर, पोटैशियम नाइट्रेट, चारकोल, गनपाउडर, सुगर और इथेनाल), तेज धारदार हथियार, अनगिनत नकदी, आपत्तिजनक दस्तावेज, स्मार्टफोन और अन्य डिजिटल उपकरण मिले थे। इस छापेमारी में एनआइए ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली पुलिस का सहयोग लिया था। एनआइए को जांच में जानकारी मिली है कि सभी आरोपित विस्फोटक सामग्री से आइइडी बनाने वाले थे।

# भाजपा की कुनीति से लोकतंत्र खतरे में : आनंद बिहारी दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लोकसभा में कांग्रेस के सांसदों को बाहर निकालने के विरोध में बीते दिनों सभी मुख्यालय में इंडिया टीम के द्वारा भाजपा सरकार के खिलाप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद भी विरोध जारी है। शनिवार को जिला कांग्रेस के आह्वान पर लौहनगरी जमशेदपुर के टेल्को में भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक नुक्कड सभा का आयोजन किया गया।जेम्को मंडल के द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा मे जिला अध्यक्ष आनद बिहारी दुबे शामिल हुए।कार्यक्रम का अध्यक्षता टेल्को प्रखण्ड अध्यक्ष राजेश कुमार ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए कहा भाजपा सरकार के द्वारा लोकतंत्र के खिलाफ किये गए आचरण के तहत संसद के दोनों सदनों से 146 सांसदों को निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा यह निलंबन कर लोकतंत्र को कमजोर करने वाली घटना है। संसद को ऐन-केन प्रक्रेन मोदी जी ने हड़प लिया है। केंद्र सरकार कोई ना कोई बहाना बना कर पर्दे के पीछे से लोकतंत्र के गरिमा को तार-तार करवा रहें है। ये घिनौना खेल भारतीय जनता पार्टी पर्दे के पीछे से रच रही है। उन्होंने कहा भारत में लोकतंत्र व संविधान ही सर्वोपरी है। जिसकी हत्या बढ़चढ़कर मोदीजी के अगुवाई में बार बार की जा रही है। सबसे आश्चर्यजनक बात है भाजपा के सभी सांसद मोदी जी के गलत कृत्य व निर्णयों का प्रतिकार तक नहीं करते। सभी के सभी सर झुकाकर सभी मुद्दो पर खामोश रहतें है। उन्होंने कहा अब इंडिया गठबंधन ने निर्णय ले लिया है हम सभी जनता के पास पहुँच कर लोकतंत्र के रक्षार्थ अगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब देने के लिए आग्रह करेंगे। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब सांसद राहुल गाँधी का मिमिक्री व उपहास करतें है, तो वे सभी गरिमाओं को ताक पर रखते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उच्चारण गलत लहजा से करते है। सांसद रेणुका चौधरी को सूर्पनखा तक कह कर अट्टहास करते है। इतना ही नही केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पुत्र का करोडों का कालाधन उगाही का विडिओ आने का मामला रफा दफा करवाते है। महिला पहलवान बेटी के साथ अन्याय करने वाले भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को भी बचा लेते है। घोर अनर्थ करने के लिए पहले विपक्षी सांसदों को निलंबित कराते है। ऐन-केन प्रक्रेन ताबडतोड संसद से बिल पास करवाते है। उन्होंने कहा कहीं लोकतंत्र में ऐसा होता है क्या, कदाचित नही। मौके पर सभी वक्ताओ ने जनता से अपील की अगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ जुडें। लोकतंत्र को बचाने के अभियान में साथ दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, रियाजुद्दीन खान, जसवीर सिंह जस्सी, मनोज सिंह, नरेंद्र कुमार, श्यामसुंदरपुर प्रसाद, एस पी सिंह, नीरज दुबे, बिट्टू शर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेसी व स्थानीय लोग शामिल रहे।वही राष्ट्र गान जन गन मन गाकर कार्यक्रम की समाप्ती की गई।

# गधड़ा में जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए उत्तर पूर्वी गदरा पंचायत समिति सदस्य श्रीमति सोमबारी पात्रो के द्वारा अपने आवास में गरीब व जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह झामुमो मजदूर नेता राजेश सामंत शामिल हुए। मौके पर सभी अतिथियों के द्वारा लगभग 105 जरूरतमंदो को कंबल दिया गया। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य विश्वजीत भगत,उपमुखिया रतन लाल टुडू, पूर्व उपमुखिया पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बिरजू पात्रो, नव जागृति तांती समाज के अध्यक्ष मंगल पात्रो, संतोष पात्रो, समाज सेवी विवेक गुप्ता, बंसी हांसदा सहित सैकड़ो लोग शामिल रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** बीते दिनों सरायकेला खरसावां जिले में अतिक्रमण को लेकर आजाद सिपाही में खबर छपने के बाद जिला प्रशासन ने पहल शुरू कर दी। शनिवार को खबर का असर देखने को मिला। सरायकेला अनुमंडल पदाधिकारी पारुल सिंह व नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने सरायकेला नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र का सड़क मार्ग होते हुए दौरा किया। मौके पर उन्होंने अतिक्रमणकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा नालियों से आगे बढ़ी दुकानों व ऊपर के छत 24 घंटे के भीतर हटाते हुए अतिक्रमण मुक्त करें। रविवार को जांच के दौरान पाए गए जाने पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान का परिणाम है आजादी : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा-मझिआंव मुख्य पथ अटौला मोड़ पर स्वतंत्रता सेनानी सह शहीद द्वार निर्माण के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद जवान के परिजनों को फूल माला तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पैर छू कर आशीर्वाद लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे देश की आजादी उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान का परिणाम है, जिन्होंने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर दिया। जिन्हें हम सभी भुलते जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले में सबसे ज्यादा स्वतंत्रता सेनानी अटौला गांव के थे। चुनाव जीतने के बाद से ही हमने उनकी याद में यहां तोरण द्वार बनाने का संकल्प किया था। जिसका आज भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द यहां भव्य व आकर्षक तोरण द्वार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। जिसका उद्घाटन स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों से ही कराया जायेगा। उन्होंने गढ़वा के पूर्व विधायकों पर तंज करते हुए कहा कि पहले भी गढ़वा के विधायक और मंत्री क्षेत्र में थे, परंतु किसी ने इन्हें याद नहीं किया। उन्होंने पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का नाम लिए बगैर कहा कि 10 साल पूर्व यहां तोरण द्वार बनाने के लिए शिलान्यास भी किया गया था, परंतु आज तक निर्माण नहीं कराया गया। मौके पर मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, उदय नारायण दुबे आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि बबलू सिंह, सुजाता देवी, मीना देवी, धर्मराज भारती, बबलू दुबे, पूर्व मुखिया हरिवंश तिवारी, चेचरिया तथा खोरीडीह पंचायत के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा 25 को वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायेगी: ओम प्रकाश केसरी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा 25 दिसंबर को भाजपा संस्थापक पुर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती सुशासन दिवस के रुप में मनायेगी। कार्यक्रम का आयोजन बुथ स्तर से लेकर जिला स्तर पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी झारखंड के निर्माता हैं, उन्होंने झारखंड के लोगों को उनका अधिकार देने का काम किया था। सुशासन दिवस पर अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। झारखंड राज्य को अलग कर उन्होंने झारखंड वासीयों को उनका हक अधिकार देने का काम किया था अटल बिहारी वाजपेयी के बनाए हुए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के लिए अनेकों योजनाएं बनायी हैं जिसका सीधा लाभ आम गरीब जनता को मिल रहा है ।

## गढ़वा जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के बालिका वर्ग का शुभारंभ हुआ



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में आयोजित गढ़वा जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आज बालिका वर्ग का उदघाटन रामा साहू स्टेडियम गढ़वा में समाजिक सुरक्षा विभाग के निदेशक नीतीश कुमार निशांत ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने खिलाड़ीयों से कहा कि आज के दौर में खेल से अच्छा कैरियर कुछ नहीं है। खेल से रुपया, मान सम्मान और पहचान बहुत जल्द मिल जाती है। आपको पूरी मेहनत लगन के साथ मेहनत करनी है। अपने कोच के मार्गदर्श्न में पूरी ईमानदारी से मेहनत करनी होगी। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव आलोक मिश्रा, सह सचिव सुशिल तिवारी, कोषाध्यक्ष अजयकांत लक्ष्मण राम प्रदीप सिंह अभयकांत प्रीति कुमारी आदि उपस्थित थे आज बालिका वर्ग में अंडर 16और अंडर 14के स्पर्धा कराये गये इस प्रतयोगिता से चुने हुए खिलाड़ी भारतीय एथलेटिक्स संघ के द्वारा फरवरी 2024में गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## भैया बहनों ने वनभोज कार्यक्रम का लिया आनंद



केतार (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर केतार के भैया बहन प्रखंड के सुप्रसिद्ध श्रीसूर्यनरायण मंदिर परिसर मुकुंदपुर में वनभोज कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान सबसे पहले विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार गुप्ता और आचार्य, भैया बहनों ने श्री सूर्य का दर्शन किया। उसके बाद किंजल कुमारी, डॉली कुमारी, अंजली, रेणु, दिव्या, जानवी, ऋषिकांत, पीयूष, हर्ष द्विवेदी, अनुराग सोनी और विद्यालय के अन्य भैया बहनों के द्वारा भक्ति और देश भक्ति गीतों पर सामूहिक डांस किया गया। भरपूर वन भोज कार्यक्रम का आनंद उठाया। इस मौके पर मुकुंदपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह, विश्वनाथ प्रसाद, आचार्य धनंजय विश्वकर्मा, शिवशंकर कुमार, दीनानाथ चौधरी सहित विद्यालय के सभी भैया बहन उपस्थित थे।

## जीवन के हर क्षेत्र में विज्ञान का योगदान : निदेशक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मदन केशरी,विद्यालय सचिव सुषमा केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया किया। बच्चों द्वारा बनाएये गये मॉडल और प्रोजेक्ट का निरीक्षण निदेशक और उपस्थित अभिभावकों के द्वारा किया गया। वर्तमान युग विज्ञान का युग है। इसे सबसे महत्वपूर्ण विषय समझें। विज्ञान चमत्कार का दूसरा नाम है। उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित -किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, संजीव कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, बीरेंद्र गुप्ता, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, निलम आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## आरकेवीएस में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। शनिवार को आरकेवीएस (बी एड कॉलेज ) गढ़वा में क्रिसमस के छुट्टी के पूर्व बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गीत-संगीत के साथ-साथ सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय तथा सभी प्राध्यापक राजेंद्र चौबे, रितेश जायसवाल, प्रवीण दुबे, सतीश तिवारी, आनंद मिश्रा, रंजना दुबे के साथ-साथ कॉलेज के पास आउट विद्यार्थी तथा वर्तमान सत्र के प्रशिक्षणार्थी जिसमें विशाल, राजन, पल्लवी, अदिति समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल में बच्चों ने क्रिसमस के अवसर पर सेंटा क्लॉज का रूप धारण किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। डीएवी मॉडल स्कूल में शीतकालीन अवकाश के पूर्व बच्चों ने क्रिसमस के अवसर पर बहुत सुंदर क्रिसमस ट्री का प्रदर्शन किया। जिसमें आद्या कुमारी, अभिनव केसरी आदि ने सेंटा क्लॉज के रूप में सज धज कर बच्चों का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्वरूप केसरी, आलिया खातून समीहा खातून, आनंद कुमार, यादव अभय कुमार ने बहुत ही सुंदर क्रिसमस ट्री का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सुशील केसरी ने बताया कि बच्चों में अपनी संस्कृति और पर्व त्योहार के संबंध में प्रेरित करने में शिक्षकों की काफी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच खो-खो, कबड्डी आदि खेलकूद कराये गये। प्राचार्य गुलाम सरवर ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक विद्यालय बंद रहेगा। पुन: 3 जनवरी को प्रात: 9:00 बजे खुलेगा।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई और खेल जरूरी : पीडीजे

**बीएसकेडी स्कूल में दो दिवसीय खेल का शुभारंभ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** बीएसकेडी स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव की शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गढ़वा राजेश शरण सिंह के अलावा जिला जज निलेश सहाय, आरकेपीएस के निदेशक अलखनाथ पांडेय, विद्यालय के संस्थापक अनिरुद्ध प्रसाद सोनी, चेयर मैन शोभा सोनी, डॉ आलोक रंजन दुबे के साथ अन्य पदाधिकारियों ने खेल महोत्सव का सामूहिक रूप से मशाल जलाकर महोत्सव का उद्घाटन किया। जबकि विद्यालय का ध्वजारोहण विद्यालय के संस्थापक अनिरुद्ध प्रसाद ने की। मौके पर सभी अतिथि और अभिभावकों के द्वारा सामूहिक रूप से गुब्बारे उड़ाये गये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जितना महत्व पढ़ाई का है उतना ही महत्व खेल का भी है। विद्यार्थी खेल में जरूर भाग ले जिससे उनका मानसिक व शारीरिक विकास संभव हो वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल और अन्य आईटी गैजेट के दुरुपयोग से बचने की जरूरत है। और यह तब संभव है जब अभिभावक बच्चों के सामने बेवजह मोबाइल का उपयोग न करे। इसके उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा अलग-अलग तरह की कई खेल प्रतियोगिता जैसे बैलून रेस, अंब्रेला रेस, कुर्सी रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को विद्यालय की ओर से मेडल और प्रमाण पत्र दिये गये।

## तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के धुरकी बाजार टोला निवासी स्व घुरबिगण राम के 35 वर्षीय पुत्र चंदन राम की मौत तालाब में डूबने के कारण हो गयी। वहीं मौके पर धुरकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत परीक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। इधर धुरकी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन सहित सरकारी लाभ दिलाया जायेगा।

## टेंपो पलटने से एक की मौत

रंका(आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम हुरदाग निवासी भोला राम के पुत्र सरेख कुमार की मौत शनिवार को टेम्पू पलटने से मौत हो गयी। बताते चले कि सरेख कुमार मजदूरी करने रंका गया था, परंतु काम नहीं मिलने पर वह टेंपू से घर वापस आने के दौरान सिंगा कला शिव महुआ के पास टेम्पू अनियंत्रित होकर पलट गया और सरेख कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गया।

## आयोजन का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिभा को उभारना है : गिरिनाथ सिंह



रंका (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शनिवार को रंका उच्च विद्यालय के मैदान में वीर फेतल सिंह जेठन सिंह के स्मृति में अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री भाजपा नेता गिरिनाथ सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गेंद को कीक मारकर किया। उन्होंने कहा कि इस खेल का समापन 31 दिसंबर को फेतल सिंह के स्मृति दिवस पर किया जायेगा। इस मौके पर खरवार आदिवासी एकता संघ के जिलाध्यक्ष लव कुमार सिंह, भाजपा नेता गिरिंद्र नाथ पाडेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विहिप अध्यक्ष सुलपानी सिंह, दीनानाथ प्रसाद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनिल माली, श्रवण ठाकुर सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## एमएन खान ने जख्मी मजदूर के इलाज का बीड़ा उठाया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान ने रंका के चोटिल बरमजीत भुइयां और उनके परिवार वालों से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने उसके इलाज के लिए सहयोग राशि प्रदान किया। डॉ खान ने बरमजीत भुइयां की समुचित इलाज कराने का आश्वासन भी दिया। डॉ एमएन खान ने बताया कि रंका प्रखंड स्थित रंका थाना मोड़ निवासी बरमजीत भुइया छह माह पहले मकान छाने के क्रम में कंडी टूटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका समुचित इलाज नहीं हो पाया।

# खेल को कॅरियर बनायें बच्चे : डीसी

**गढ़वा में आयोजित स्कूल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता बच्चों का बेहतर भविष्य गढ़ रहा है : मंत्री मिथिलेश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में आयोजित 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का उद्घाटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर तथा डीसी शेखर जमुवार ने बैटिंग कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता खिलाड़ियों के प्रतिभा को उभारने का काम कर रहा है। इसकी जितनी भी तारीफ की जाये वह कम होगा। उन्होंने कहा कि अगर इस तरह का मंच आज से 40 साल पहले यहां के पूर्व के खिलाड़ियों को मिला होता तो धोनी से पहले देश का प्रतिनिधित्व गढ़वा का खिलाड़ी कर लिया होता। उस समय बलराज, दिनेश, नितेश जैसे खिलाड़ी थे, जो देश का प्रतिनिधित्व कर सकते थे। उन्होंने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि वह लगातार विधानसभा का चुनाव लड़ते रहे, दो बार हार मिला पर निराश नहीं हुए। जिसका परिणाम यह है कि दो बार विधानसभा हारने के बाद तीसरी बार में गढ़वा विधानसभा की जनता ने उन्हें आज ही के दिन विधायक बनाया और विधायक बनने के बाद मंत्री भी बन गये। इस अवसर पर अंचलाधिकारी मयंक भूषण, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र सिंह, खेल प्रतिनिधि धीरज दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हाथी ने एक महिला को पटक कर मार डाला

रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गोदरमाना में शुक्रवार की रात हाथी ने एक महिला ममता शर्मा (32वर्ष) पति ओम प्रकाश शर्मा को पटक पटक कर मार डाला। सूत्रों के अनुसार उक्त दम्पति गढ़वा जिला के पेशका दुलदुलवा निवासी बताए जाते हैं। जो दो तीन साल से गोदरमाना में घर बना कर रहते थे। महिला की मौत से आक्रोशित लोगों ने एनएच 343 को जाम कर मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। शव को अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दी है। इस मौके पर वन विभाग के पदाधिकारी और झामुमो नेता शंभू यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## मशीन में मफलर फंसने से युवक की मौत

भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में धान कूटने की मशीन में मफलर और शाल फस जाने कारण एक आदिवासी युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार भंडरिया निवासी तिलदेव लकड़ा उम्र 45 वर्ष धान कूटने की मशीन को लेकर गांव के ही राहुल कच्छप के यहां धान से चावल बनाने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसका मफलर व शाल चल रहे मशीन में अचानक से फंस गया। जिससे उसका गला दब गया। उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा**

अति–अल्पकालीन निविदा संख्या– बालंपली/01/2023/1743 दिनांक 15.12.2023 से संबंधित सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा द्वारा विद्यालय स्तर पर घर–घर सर्वेक्षण हेतु शिशु पंजी के मुद्रण के लिए आयोजित अति–अल्पकालीन निविदा संख्या– बालंपली /01/2023/1743 दिनांक 15.12.2023 (PR No 313651) को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी

PR 314231West Singhbhum(23-24)#D



**कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी।**

सूचना सं० – 2655 दिनांक – 22.12.2023

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

सदर अस्पताल, खूँटी एवं सर्जेसी के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों/कार्यालयों के लिए स्टेशनरी, विद्युत समाग्री एवं विविध समाग्री के आपूर्ति हेतु मूल्य निर्धारण/क्रय हेतु निबंधित निर्माताओं या उनके अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/एजेंसी/प्रतिष्ठानों जिनकी आर्थिक स्थिति सक्षम हो से निबंधित डाक/स्पीट पोस्ट से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.निविदा प्राप्ति करने का स्थान एवं पता :– सिविल सर्जन कार्यालय,खूँटी।
2.निविदा प्राप्ति करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 09.01.2024 को संध्या 05:00 बजे तक।
3.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10.01.2024 को अपराह्न 01:00 बजे।
4.निविदा खोलने का स्थान :– अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।

निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा के सभी ब्यौरे तथा शर्तों सहित निविदा विवरणी सिविल सर्जन कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट एवं खूँटी जिले के अधिकृत वेबसाईट http:// Khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

PR 314262 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना, ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-09/2023-24
पत्रांक – 959 गढ़वा/दिनांक – 23.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | हरबरवा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्ड– गढ़वा, जिला– गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि रू0 | 75,77,100/– |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 02.01.2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 16.01.2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.01.2024 (05:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

PR 314198 (Minor Irrigation)23-24*D
कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा



**MINOR IRRIGATION DIVISION,KHUNTI**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-23/2023-2024 Date :-22/12/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Single Check Dam at Sokra Nala in Bundu Block, Dist.-Ranchi. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 57.731 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 06.01.2024 at 2.00 PM |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 13.01.2024 up to 5:00 PM |
| 6. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.01.2024 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opining Tender | 16.01.2024 at 2:00 PM |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. |
| a. | Contact no. & Email ID of e-Procurement officer | 7320969093 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Khunti.

PR 314247 (Minor Irrigation)23-24*D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला
पिन – 835207 ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

सूचना

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में संविदा के आधार पर वर्ग 06 से 08 एवं वर्ग 09 से 12 तक पूर्णकालिक शिक्षिकाओं का चयन हेतु दिनांक 10.11.2023 को लिखित परीक्षा आहूत की गई थी। लिखित परीक्षा के उपरान्त उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में तैयार मेधा सूची के आधार पर जिला चयन समिति, कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की बैठक में दिनांक 23.12.2023 को सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय के आलोक में वि"ायवार एवं कोटिवार चयनित शिक्षकाओं एवं प्रतीक्षा सूची का विवरणी का प्रकाशन गुमला जिला के अधिकारिक वेबसाइट https://gumla.nic.in पर प्रकाशित किया गया है।

उक्त संबंधित वैसे सभी अभ्यर्थी जिनको उक्त प्रकाशित सूची में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति आवेदन दिनांक 26.12.2023 तक कार्यालय अवधि में हाथों–हाथ अथवा डाक के माध्यम से झारखंड शिक्षा परियोजना, कार्यालय, प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला में दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल ssa09gumla@gmail.com में भी आपत्ति आवेदन भेज सकते हैं। कार्यालय अवकाश अवधि दिनांक 24.12.2023 एवं 25.12.2023 को भी पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक खुला रहेगा।

चयनित एवं प्रतीक्षा सूची से संबंधित विस्तृत जानकारी https://gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला

PR 314278 Jharkhand Education Project Council(23-24)D



**MINOR IRRIGATION DIVISION,KHUNTI**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-22/2023-2024 Date :-22/12/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Single Check Dam at Akta Nala in Khunti Block, Dist.-Khunti. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 70.745 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 06.01.2024 at 2.00 PM |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 13.01.2024 up to 5:00 PM |
| 6. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.01.2024 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opining Tender | 16.01.2024 at 2:00 PM |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. |
| a. | Contact no. & Email ID of e-Procurement officer | 7320969093 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Khunti.

PR 314242 Minor Irrigation(23-24).D

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर उपायुक्त ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार में 27.12.2023 आगमन को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुंदरी में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन द्वारा कल शाम को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने माननीय मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड और कार्यक्रम के लिए बनाये जा रहे टेंट, मंच स्टॉल इत्यादि का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और विधि व्यवस्था के लिए पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विलक्षण प्रतिभा के धनी थे मालवीय जी : प्रधानाचार्य



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती धूम धाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी द्वारा पंडित मालवीय जी का चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर पररम्भ किया गया। वहीं जयंती प्रमुख प्रतिभा देवी द्वारा मदन मोहन मालवीय की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भैया बहनों को उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के भैया बहन मानशी कुमारी, आर्यन कुमार, पूजा कुमारी, संध्या कुमारी सहित अन्य भैया बहनों द्वारा भी मालवीय जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया।

## जनवितरण प्रणाली दुकानदार ने मुखिया पंसस के समक्ष दाल का वितरण किया शुरू



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा जनवितरण प्रणाली दुकानदार साहिद खान के द्वारा शनिवार को सितंबर माह का राशन कार्डधारीयों के बीच एक - एक किलोग्राम दाल का वितरण किया। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, जनवितरण प्रणाली दुकानदार साहिद खान ने संयुक्त रूप से दाल के साथ धोंती साड़ी का भी वितरित किया। झारखंड सरकार के खाद्य सार्वजनिक विभाग के आदेशानुसार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर दाल की वितरण शुरू किया गया है। हेमंत सोरेन सरकार की उद्देश्य है कि गरीबों के स्वास्थ्य तक प्रोटीन पहुंचाना।

## आइआइटी फाउंडेशन का लक्ष्य सभी विद्यालयों को डिजिटल रूप देना : प्रमोद

कैरो (आजाद सिपाही)। कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में 23 दिसंबर शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा नगर सचिव सुरेश कुमार के अध्यक्षता में एनआईआईटी फाऊंडेशन और एचपी अल्फा प्रोजेक्ट के द्वारा स्थापित किए गए डिजिटल लैब का केक, फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कक्षा नवीं और दशवीं के बहनों द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वागत गान के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया जो सभी के मन मोह लिया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के द्वारा बतलाया गया कि इस तरह का डिजिटल क्लास पूरे भारत में होना चाहिए क्योंकि देश का विकास में डिजिटल का होना एवं लोगो का डिजिटल सोच की आवश्यकता है आज का हर नागरिक को डिजिटल बनाना एन आईआईटी फाउंडेशन का लक्ष्य है। इस मौके पर नगर सचिव सुरेश कुमार विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष बालेश्वर साहू संरक्षक भोला प्रसाद प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार जी शिक्षक गण एवं एन आई आई टी फाऊंडेशन के कर्मचारी राजेश कुमार जी उपस्थित हुए एनआईआईटी फाऊंडेशन के द्वारा स्कूल को एक सरस्वती माताजी का तस्वीर और पानी गर्म करने वाला केटली उपहार स्वरूप भेंट किया गया है साथी ट्रेंड टीचरों को डिजिटल सर्टिफिकेट भी दिया गया।

## शिवाजी लिलिपुट पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव मना



सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शिवाजी लिलिपुट पब्लिक स्कूल का 10वां वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। पुरोहित अवनीश पाठक के द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना गाकर मनाया गया। सांस्कृतिक कायक्रमों में नन्हें नन्हें बच्चों के द्वारा झारखंडी नृत्य व गायन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन के निदेशक मंटू शिवाजी, बिश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रंजीत साहू, अंजुमन के सदर मोख्तार अंसारी, बृजमोहन प्रसाद, अजित महतो, अजय महतो, रामलगन महतो सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



हेरहंज(लातेहार)(आजाद सिपाही)। सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर सरकार के द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हेरहंज प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर (घुरे) के प्रांगण में हुआ शिविर का आयोजन। बीडीओ प्रदीप कुमार दास, प्रमुख पार्वती देवी, जीप सदस्या चंचला देवी, उप प्रमुख विजय उरांव सहित अथितियों ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का उद्घाटन। मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत इमारती पौधा देकर किया गया। शिविर में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना,बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, गुरुजी क्रेडिट योजना, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा, नागरिकता सहायता केंद्र सहित कई विभागों के स्टॉल लगाये गये। मौके पर-अंचलनिरिक्षक अलीमुद्दीन अंसारी, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सूर्यप्रकाश, बीस सूत्री सदस्य लाडले खान, डॉक्टर धुर्वसत्य महतो, प्रधान सहायक-महेश राम, प्रभारी बीपीओ-चंदन सिंह, मुखिया प्रीति कुजूर सभी विभाग के ऑपरेटर समेत काफी संख्या में हेरहंज पंचायत के महिला-पुरूष मौजूद थे।

### भारत सरकार के संयुक्त सचिव कमल किशोर सोन पहुंचे लोहरदगा

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की नियमित मानिटरिंग हो

- आकांक्षी जिला अंतर्गत इंडीकेटर्स की समीक्षा किया, अधिकारियों को दिए विभिन्न दिशा निर्देश
- श्रमिकों को पीएम जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादित करने का निदेश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** कमल किशोर सोन, संयुक्त सचिव, श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिला अंतर्गत इंडीकेटर्स की समीक्षा जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में की गयी।

बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालय भवन निर्माण और उसकी उपयोगिता सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। विद्यालय भवनों के बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया ताकि बिजली की आपूर्ति बाधित नहीं हो। विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निदेश दिया गया। जिला के विभिन्न प्रखंडों में निमार्णाधीन पांच एकलव्य आवासीय विद्यालयों में से मार्च 2024 तक विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने पर उक्त विद्यालयों में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ कराने हेतु कार्ययोजना बनाकर राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया।

सिविल सर्जन लोहरदगा द्वारा जिला में आयुष्मान कार्ड से आच्छादन की समीक्षा की गयी, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों और राशनकार्डधारियों को सौ फीसदी आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किये जाने का निदेश दिया गया। तीन माह में छूटे हुए लाभुकों को सौ फीसदी आच्छादन का निदेश दिया गया। बैठक में श्री सोन द्वारा विभिन्न इंडीकेटर्स की समीक्षा की गयी, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और जल संरक्षण, वित्तीय समावेशन, आधारभूत संरचना, पेयजल और स्वच्छता, समाज कल्याण, पशुपालन, कौशल विकास आदि की समीक्षा की गयी।

# बीएस लोहरदगा बना चैंपियन, मेमोरियल उपविजेता

- पहली बार बीएस कॉलेज ने जीती रांची विवि स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** रांची विवि कॉलेज स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में बीएस कॉलेज लोहरदगा ने एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची को हरा कर चैंपियनशिप जीत ली। बीएस कॉलेज लोहरदगा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का फाइनल संपन्न हुआ। जिसमें बी एस कॉलेज लोहरदगा की टीम ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया। एसएस मेमोरियल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट खो कर 167 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। सुशांत सिंह ने 57 और प्रियान्शु ने 28 रनों का योगदान दिया, और बी एस कॉलेज के गेंदबाज मयंक ने 3 विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए बी एस कॉलेज ने अच्छी बल्लेबाजी की और 33.2 ओवर में 4 विकेट खो कर लक्ष्य हासिल कर लिया। बी एस कॉलेज के सुमित ने नाबाद 79 और आर्यन ने 33 रनों का योगदान किया। एसएस मेमोरियल के अभिषेक को दो विकेट मिले। सुमित को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुमित को ही मैन ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार दिया गया। रांची विवि के डीएसडबल्यू डॉ (प्रो.) सुदेश साहू ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार ट्रॉफी प्रदान किया। इनके अलावा समारोह में रांची विवि के कोच और चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, बी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ लोहरा उरांव, एसएस मेमोरियल कॉलेज के टीम मैनेजर अनिल विनोद कुल्लू, बीएस कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नईम खान, डॉ नीता सहाय, डॉ शशि कुमार गुप्ता, खेल प्रभारी वसुदेव हस्सा और आनंद मांझी समेत बी एस कॉलेज के समस्त शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल रहे।

# भाजपाइयों ने अमर बाउरी का किया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बालूमाथ।** आज बालूमाथ मंडल में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा विधायक दल के नेता माननीय अमर कुमार बावरी का पलामू दौरा जाने के क्रम में बालूमाथ के भाजपाईयों के दौरा अमर कुमार बाउरी को माला और अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात हो की श्री बावरी जी चंदवा होते हुए बालूमाथ के रास्ते पाकी पलामू जाने के कार्यक्रम के तहत बालूमाथ रुके एवम अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार की नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओ के द्वारा माला और अंग वस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सह मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह जिला महामंत्री बंशी यादव एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद भगत एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल महामंत्री विजय यादव भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता रंजीत गुप्ता ओबीसी मंत्री श्रावण यादव जिला कार्यसमिति भानु सिन्हा समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झामुमो के लोग कर रहे हैं गुंडागर्दी, जनता त्राहिमाम है : अमर बाउरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी शनिवार को पांकी जाने के क्रम में चंदवा पंहुचे। जहां पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार लातेहार जिला जिलाध्यक्ष हरेकृष्ण सिंह और मंडल महामंत्री दीपक निषाद की अगुवाई में भाजपाइयों ने नेता प्रतिपक्ष का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसी बीच चंदवा प्रखण्ड के सिकनी कोयली के सवाल के जवाब में अमर बाउरी ने कहा कि पूरे प्रदेश में आतंक का माहौल बना हुआ है, सरकार झामुमो के छोटे से लेकर बड़े नेताओं को सरकारी अंगरक्षक दे रखी है ताकि अवैध कारोबार में किसी प्रकार का अड़ंगा ना आए। लूट खसौट का खेल चलता रहे। सिकनी में दो दिन पूर्व हुए मारपीट मामलें में जेल गए दो युवकों के परिजनों ने अमर बाउरी से मिलकर पूरे घटनाक्रम से उन्हें अवगत कराया। आवेदन सौंपते हुए न्याय की गुहार लगायी। अमर बाउरी ने दूरभाष पर लातेहार एसपी से बात कर पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करने की बात कही। वहीं परिजनों को आश्वस्त कराया कि यदि आपके साथ न्याय नहीं हुआ तो भाजपा सड़कों पर उतरकर आपकी लड़ाई लड़ेगी। और झामुमो जिला अध्यक्ष को कोयला लुटने के लिए सरकार अंगरक्षक दे दिया है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष लाल अमित नाथ शाहदेव, राजकुमार पाठक, बंशी यादव, पंकज सिंह, रविराज, दीपक निषाद समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मौजूद थे।

# जारम के ग्रामीणों को लोग बना रहे हैं विकलांग, प्रशासन बेखबर

- आज भी शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है पोचरा गांव में



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** सरकार जहा आम - अवाम को शुध्द पानी देने को लेकर नयी-नयी नीति बनाकर धरातल पर उतारने को लेकर काफी प्रयास किये जा रहे है । जिसको लेकर नल जल योजना तेजी से गांव - गांव में लगाया जा रहा है ताकि लोगो को शुध्द पानी मिल सके। लेकिन लातेहार सदर थाना क्षेत्र के पोचरा पंचायत के जारम गांव में ततहा गर्म कुंड से निकलने वाले पानी पीने से यहां के आम जनता परेशान है और शारीरिक हड्डी कमजोर होता जा रहा है। हालांकि इसको लेकर गांव में 2 चापानल लगाया गया था लेकिन चापानल से निकलने वाले पानी फ्लोराईड की मात्रा ज्यादा होने के कारण जिला प्रशासन ने चापानल को शील कर दिया है। ऐसे में गांव में रहने वाले में लोगो मे कई लोगो की हड्डी कमजोर हो गया है और गांव से दूर शुध्द पानी लाने में असमर्थ है। साथ ही फ्लोराईड युक्त पानी पीने से अब तक आधा दर्जन ग्रामीणों की जान चली गयी है। वहीं ग्रामीणों की बात माने तो गांव में 20 - 30 घरों की आबादी आदिवासी बाहुल्य है और ईश्वर ने इस गांव में फ्लोराईड युक्त पानी निकलने वाले पानी को वर्षो से पीते आ रहे है । लेकिन इस फ्लोराईड पानी पिने से हमलोगों को शरीर के हड्डी पूरी तरह से कमजोर हो गया है इसको लेकर हमलोगों ने जिला प्रशासन से अब हमलोग के जीवन बचाने का प्रयास किया जाये ताकि हमलोगों की जीवन बच सके। साथ ही इस गांव मे जो भी बच्चे - या बच्चियों के जन्म होता है वह विकलांग ही हो जाता है।

**क्या कहते है लातेहार के सिविल सर्जन:** वहीं लातेहार के सिविल सर्जन अशोक कुमार सिंह ने कहा कि फ्लोराइड युक्त पानी पीने से फ्लोरोसिसि नामक बीमारी हो जाती हैं। जिससे हड्डी कमजोर हो जाती है। इससे आदमी के शरीर में हड्डी और दांत जनित कई प्रकार की बीमारियां होती है। प्रदूषित पानी पीने से उल्टी, दस्त, पेट संबंधी व जोड़ों में दर्द जैसी बीमारियां होती हैं इस गांव मे खुद जाऊंगा और मेडिकल कैंप लगाकर बीमार लोगो का इलाज किया जायेगा ।

## प्रभु यीशु प्रेम और शांति के प्रतीक हैं : डॉ रामेश्वर उरांव



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शनिवार को मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव क्रिसमस पर्व पर बधाई के निमित लोहरदगा जिले के उसुर्लाईन बीएड कॉलेज, उसुर्लाईन गर्ल्स हाई स्कूल, संत उसुर्ला हॉस्पिटल, जीईएल और एनडब्लू जीईएल चर्च, लीवेंस एकेडमी आगमन, सीएनआई चर्च लोहरदगा, आरसी चर्च पेरिस पहुंच कर मसीही समुदाय से मिलकर कुशलक्षेम जाना और क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं प्रदान किया। कहा प्रभु यीशु प्रेम और शांति के प्रतीक हैं। पूरे विश्व में अहिंसा, सत्य और सेवा का संदेश फैलाया। उसी तर्ज पर आज मिशनरी भाई बहन मानव धर्म की सेवा शिक्षा, स्वास्थ्य, भाषाओं का संरक्षण और कल्याणकारी कार्य हर एक क्षेत्र में कर रहे हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, विशाल डुंगडुंग, अनुराग टोप्पो, सिस्टर शीला,सिस्टर बसंती, सिस्टर आश्रिता, डॉ आइलिन, नेम्हस तिर्की, विश्राम केरकेट्टा, जॉर्ज कुजूर आदि उपस्थित थे।

## 32वें डीडीसी के रूप में दिलीप शेखावत ने लिया प्रभार



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दिलीप प्रताप सिंह शेखावत (भा०प्र०से०) ने लोहरदगा जिला के 32वें उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, लोहरदगा के रूप में पदभार लिया। उन्होंने निवर्तमान उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता से प्रभार लिया। श्री शेखावत इससे पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी, चास,बोकारो के पद पर पदस्थापित थे। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप विकास आयुक्त के आशुलिपिक देवानंद पांडेय समेत कार्यालय के कर्मी गण उपस्थित थे।

## मगध संघमित्रा क्षेत्र की मगध परियोजना में मना 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। खान सुरक्षा महानिदेशालय, रांची क्षेत्र के तत्वाधान में मगध-संघमित्रा क्षेत्र अंतर्गत मगध परियोजना में 66वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोहपूर्वक मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री नृपेंद्र नाथ तथा संचालन क्षेत्रिय सुरक्षा अधिकारी श्री शंभु नाथ ने की। 15 दिसंबर 2023 से 24 दिसंबर 2023 तक चलने वाले इस सुरक्षा सप्ताह में मगध परियोजना का निरीक्षण खान सुरक्षा निदेशक श्री आफताब अहमद सह एनटीपीसी चट्टी बारियतु कोयला खनन परियोजना की दल ने किया। कार्यक्रम के बाद मुख्य अथिति आफताब अहमद और कंवेनर यतीश कुमार के नेतृत्व में निरीक्षण दल ने मगध खदान का निरीक्षण किया।

## यूथ मोबिलाइजेशन कैंप में 15 युवाओं का चयन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शनिवार को जेएसएलपीएस के माध्यम से एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय,जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, मुखिया कालो देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम मे बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि सरकार के माध्यम से युवा वर्ग को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। मौके पर प्रत्युब, पिंकू दुबे,नवनीत कुमार, अनिमेष मिश्रा, झोला यादव, राजकुमार यादव, जाबिर हुसैन, सुमित्रा देवी, अमित कुमार,रंजीत देवी, सुशीला देवी, अंजुम शाहीन मौजूद रहे।

## बिजली चोरी के खिलाफ विभाग का छापा, चार लोगों पर मामला दर्ज

कैरो/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कैरो विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विधुत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर 23 दिसंबर दिन शनिवार को थाना क्षेत्र के गजनी पंचायत में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गयी। इस दौरान विभाग द्वारा बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले सोहन लोहरा पिता जतरु लोहरा, शीत लोहरा पिता जतरु लोहरा, कुलदीप उरांव पिता बुधुवा उरांव, जगरनाथ राम पिता गोवर्धन राम इन चार लोगों के बिरुद्ध धारा 135, 137 के तहत मामला दर्ज कराने की बात कही। इस मौके पर सुनील कुमार,बेलाल अहमद, मंजुल अंसारी सहित कैरो पीएसएस में कार्यरत लोग मौजूद थे।

## महामना एक महान शिक्षाविद् प्रखर वक्ता और राष्ट्र निर्माता थे : सुरेश चंद्र पांडेय




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी तथा मदन मोहन मालवीय का जयंती मनायी गयी। वंदना सभा में अटल बिहारी वाजपेई और मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे द्वारा किया गया। मौके पर एससी पांडे ने मालवीय जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा मदन मोहन मालवीय एक महान शिक्षा विद देशभक्त प्रखर वक्ता और महान राष्ट्र निमार्ता भारतीय संस्कृति के पोषक थे। उनके द्वारा विश्व प्रसिद्ध बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी। आचार्य महेंद्र कुमार मिश्र ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा लिखित बहु चर्चित कविता बच्चों के बीच सुनाया गया। मंच संचालन करते हुए सुनीता जायसवाल ने कहा महापुरुषों के जीवन से हमें शिक्षा लेने और उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी और समस्त भैया बहन उपस्थित थे।

### भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद का हुआ समापन

# खेलकूद से हम अनुशासन और टीमवर्क सीखते हैं : दिनेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में चल रहे सात दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार को खेल प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। विद्यालय के वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया था। सात दिन चली खेल प्रतियोगिताओं में नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उनके बीच खो-खो, जुड़ो, बॉक्सिंग, क्रिकेट, जेवलिन, टग ऑफ वॉर, शाटपुट, सुई-धागा दौड़, बैलून रेस, टॉफी रेस, लंबी कूद, जंप फ्राग रेस, अरेंजिंग अल्फाबेट्स, लेटर रेस, बॉल रेस, 500 व 200 मीटर की रेस आदि बहुत से खेल प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में मुख्य अथिति दिनेश कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि जीवन में खेलकूद का काफी महत्व है। इससे स्कूल स्तर से ही छात्रों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति जागृत होती है। इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है। कहा, किताबी ज्ञान के साथ ही छात्रों को खेलकूद आदि अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। गर्ल्स कब्बड्डी में टैगोर हाउस के जूनियर और सीनियर दोनो कैटेगरी में जीत हासिल की वही गर्ल्स खो- खो में अशोका हॉउस के जूनियर और सीनियर वर्ग में अपनी जीत दर्ज किया। बॉयज कब्बड्डी जूनियर वर्ग में टैगोर हाउस और सीनियर वर्ग में रमन हॉउस ने गोल्ड मैडल पर कब्जा जमाया। खो-खो बॉयज सीनियर में शिवाजी हाउस तो जूनियर में अशोका हाउस ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए। घाघरा प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, अनिरुद्ध चौबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे और सभी छात्रों को शुभकामना संदेश दिया। प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने प्रकाश पांडेय, शिवम मिश्र, सिद्धार्थ दीक्षित, रुचिका कुमारी, निशा कुमारी, रीता देवी,किनेहा साहू, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, संध्या कच्छप, प्रियंका कुमारी, सुभद्रा देवी, फुलेश्वरी सिंह, सपना कुमारी, आशा टोप्पो और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तुरबुंगा पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड के तुरबुंगा पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार के तहत पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। इस शिविर में उपप्रमुख इंदुमती देवी, बीडीओ सुप्रिया भगत द्वारा ईटाम पंचायत के लाभुकों के बीच पेंशन का पीपीओ,कम्बल,सावित्री बाई फुले योजना, धोती साड़ी, छात्रवृति, सायकिल ,खाद्यान्न बीज ,बीज आदि परिसम्पतियों का वितरण किया गया। मंच संचालन सहायक अभियंता दिवाकर केसरी द्वारा किया गया। इस मौके पर मुखिया फिलिसिता टोप्पो समेत विभागीय पदाधिकारी,कर्मचारी एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### बिचौलियों के खिलाफ आवाज उठाना पड़ा महंगा

# इमरान का घर जल कर राख

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के गोया गांव में शुक्रवार की रात इमरान खान के घर में आगजनी की घटना हुई है। इस घटना में इमरान खान का घर पूरी तरह से जल कर राख हो गया है। इमरान के अनुसार आगजनी की घटना रात लगभग 2 बजे हुई जिसमे लगभग पांच लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। आगजनी की घटना का कारण इमरान ने मनरेगा के बिचौलियों पर लगाए गए आरोप के प्रतिशोध में घटना को अंजाम देने की संभावना जताया है। इमरान ने बताया कि शुक्रवार की रात लगभग दो बजे के आस पास उसके घर में आग लगी है। धधकते आग से परिवार के बीच अफरा तफरी मच गई। सभी जान बचाकर घर से बाहर आए और घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी। थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी व एसआई विवेक श्रीवास्तव दल बल के साथ गोया पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। जब तक आग बुझ पाता तब तक इमरान का सबकुछ समाप्त हो चुका था। नया अपाची मोटरसाइकिल, गैस, इनवर्टर, मिक्सी, पंखा, सोफा, ड्रेसिंग, पलंग, दुकान का काउंटर व फोटोकॉपी मशीन, बच्चों का शैक्षणिक प्रमाण पत्र आदि जल कर राख हो गया। सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। ज्ञात हो कि इमरान खान ने 20 दिसंबर को घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार को एक आवेदन दिया है जिसमें मनरेगा योजना में नाबालिग बच्चों का जॉब कार्ड बनाकर अवैध राशि निकासी करने के मामले में बिचौलियों के खिलाफ जांच करने की मांग की है। जांच आरंभ हो गया है। ज्ञापन सौंपने के तीसरे दिन घर में आगजनी की घटना से इमरान का मानना है कि मनरेगा के बिचौलिया ने प्रतिशोध में उसके घर को आग लगाया है। इमरान ने थाना में आवेदन दे कर सुरक्षा और न्याय का गुहार लगाया है। कहा है कि गांव के ही जाहिद खान, हेदयात खान, हयात खान व सागिर खान से उसके जान को खतरा है। थाना प्रभारी ने कहा कि इमरान के घर में आगजनी की घटना हुई है। घटना के संदर्भ में पुलिस का अनुसंधान जारी है। जल्द ही पूरा मामला स्पष्ट हो जायेगा।

# अंतिम व्यक्ति से भी जुड़े रहें कार्यकर्ता : चैतु उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव रायडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के ग्राम बिरकेरा, कोब्जा, कोंडरा, जरजटा महुआ टोली में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात की।चैतु उरॉव ने सभी लोगों को संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत जागरूक करते हुए कहा कि आप सभी समय-समय पर ग्रामीणों को एक साथ बैठा कर अपने एवं गांव के विकास के लिए ग्राम सभा के माध्यम से अपने गांवों की कार्य योजना तैयार कर संबंधित विभाग को एवं पदाधिकारी को समर्पित करें। जिससे कि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं एवं ग्रामीणों को जोड़ने हेतु बहुत सारी मुल मंत्र दिए।मौके पर रायडीह कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इस्माइल कुजूर, जिला सचिव तरुण गोप,मुकुट बखला, एस टी प्रखंड अध्यक्ष प्रबोध कुजुर , पं अध्यक्ष नागेश्वर उरॉव, लालू कुल्लू सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# अवैध सखुआ लकड़ी चिरावन बोटा जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** वनपाल लिबनुस कुल्लू के नेतृत्व में वन विभाग बसिया द्वारा एक बारह चक्का ट्रक में अवैध रूप से लाद कर ले जा रहे सखुआ लकड़ी चिरावन बोटा जब्त किया गया है। इस संबंध में बसिया वनपाल लिबनुस कुल्लू ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम द्वारा रात भर निगरानी रखी गयी थी।लेकिन शनिवार की सुबह को लगभग 8 बजे सिमडेगा से तोरपा की ओर जा रहे बोटा लदे ट्रक का पता चलने पर उसका पीछा किया गया तब ट्रक ड्राइवर द्वारा वन विभाग की टीम को पीछा करते देख कलिगा के पास चलती ट्रक से छलांग लगा कर भाग गया जिससे ट्रक पीछे की ओर लुढ़कने लगी जिसे वह विभाग की टीम द्वारा बमुश्किल रोक कर उसे कब्जे में लेते हुए वन विभाग परिसर में खड़ा कर दिया गया। सखुआ बोटा की कीमत लाखो रुपये में है और वन विभाग द्वारा लकड़ी बोटा का गिनती करने की प्रक्रिया की जा रही है। वनपाल ने बताया कि नियानुसार इसपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।छापामारी टीम में विद्यासागर भगत, सुमित सवेरा समेत क्यूआरटी टीम शामिल थी।

# बोनीफास को केंद्रीय सचिव बनने पर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आजसू की रायड़ीह प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक शनिवार को अयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष रवि राम ने की। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति का विस्तार किया गया। बैठक में चैनपुर निवासी बोनीफास कुजूर को केंद्रीय सचिव बनाए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। सम्मान समारोह में बोनीफास कुजूर को उसके लिए उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कामना के साथ-साथ गुमला जिला एवं गुमला विधानसभा में उनके नेतृत्व में संगठन मजबूत होने की उम्मीद जताई गयी साथ ही केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो जी को आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर ने सभा को संबोधित करते हुए बताएं कि जिस जिम्मेवारी के साथ हमको जिम्मेदारी दी गयी है । बैठक में मुख्य रुप से अरूण पांडा जिला उपाध्यक्ष जिला महिला महासचिव पिंकी कुजूर जिला महिला प्रवक्ता कमला सिंह जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह, बजरंग गोसाई, दीप्ति रोस लकड़ा, छत्रपाल सिंह, सुदर्शन सिंह, रामजी किसान, शेख अख्तर, कालेश्वर सिंह, इम्तियाज राय, समशाद राय, और दर्जनों कायकर्ता उपस्थित हुए।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुमला पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप शनिवार की सुबह प्रातः भ्रमण में निकले ढावठा टोली निवासी 45 वर्षीय चारों उरांव की अज्ञात वाहन के टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजन घटनास्थल पहुंचे इसके बाद गुमला थाना को घटना की सूचना दी गई। गुमला थाना से एस आई बुलेट गोराई मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। वही पुलिस ने बताया व्यक्ति प्रातः भ्रमण के लिए घर से निकला था। वही आशंका व्यक्त की जा रही है कि मृतक को अज्ञात वाहन टक्कर मारने के बाद वाहन में फंस जाने पर उसे वाहन से निकालकर सड़क किनारे फेंक दिया गया और वाहन घटना स्थल से फरार हो गया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# अवैध बालू लदा तीन हाइवा जब्त

**हाइवा सहित दो ड्राइवर और दो खलासी गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** अवैध बालू लदे तीन हाईवा को एसपी हरविंदर सिंह ने शुक्रवार की देर शाम को प्रखंड कार्यालय के समीप से जब्त किया है। वहीं वाहन में बालू से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं होने के कारण तीनों हाईवा सहित हाईवा के दो ड्राइवर व दो खलासी को पकड़कर सिसई पुलिस को सौप दिया है। शनिवार को डीएमओ रामनाथ राय के द्वारा इस मामले में लघु खनिज अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत वाहन,वाहन चालक व वाहन मालिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के बाद हिरासत में लिए गए जेएच 13 टी 7962 हाईवा के ड्राइवर कोटाम गांव निवासी मो इस्तेखार अंसारी,जेएच 07 के 9447 हाइवा के ड्राईवर जुरा गांव निवासी बाल गोविन्द तिर्की व खलासी संजय उरांव और जेएच 1सीएच 6647 हाईवा के खलासी गोकुलपुर नगर निवासी दुर्गा लोहरा को गुमला जेल भेज दिया गया।

एसपी के इस कार्रवाई से बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी भरनो के सुपा गांव में हुए हत्या कांड को लेकर भरनो जा रहे थे इसी दौरान उन्होंने ओभर लोड बालू लदे तीन हाईवा को देखकर प्रखंड कार्यालय के समीप तीनों हाईवा को रोक लिया।पुलिस को देखते ही एक हाइवा ड्राइवर ने बालू को सड़क में ही गिराने लगा।जवानों ने चारो ड्राइवरों खलासी को पकड़ लिया। एक ड्राइवर भागने में सफल रहा।

# निशा भगत बनीं शक्ति सुपर शी की कोऑर्डिनेटर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारतीय युवा कांग्रेस प्रभारी श्री कृष्णअल्लावरू एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन बी वी के अनुमोदन से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस की उपाध्यक्ष सुश्री निशा भगत शक्ति सुपर शी अभियान के स्टेट कोऑर्डिनेटर नियुक्त की गयी।

गुमला जिला कांग्रेस को विश्वास है कि निशा के कुशल और गतिशील नेतृत्व में संगठन और साथ में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए अपना पूरा समय और ऊर्जा समर्पित करेंगी । गुमला जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि सुपर शक्ति शी का उद्देश्य देश की महिला शक्ति सशक्तिकरण को बढ़ावा देना। महिला अपने आप में सशक्त नहीं होती तब तक भारत मजबूत राष्ट्र नहीं बन सकता झारखंड महिला को सशक्त बनाने के लिए झारखंड में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए झारखंड की आदिवासी महिला निशा भगत को इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना हम सब के लिए गर्व की बात है। बधाई देने में गुमला जिला कांग्रेस के महामंत्री रामनिवास प्रसाद जिला के महासचिव फिरोज आलम जिला के उपाध्यक्ष विष्णु राम आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष कैप्टन लोहार जिला महासचिव खालिद शाह कलाम आलम राजू रंजन महतो जिला सचिव हिंदू भगत, गीताश्री उरांव, दीपनारायण उरांव, तरुण गोप मोहम्मद मुख्तार आजाद अंसारी बिंदेश्वर साहू डॉक्टर अशरफ साहब गुलाम सरवर भुवनेश्वर राम इबरार अंसारी साहित काफी संख्या में लोग शामिल हैं।

## राष्ट्रीय मैत्री सह सम्मान समारोह कल

**रांची (आजाद सिपाही)। मां शारदे मंच के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 25 दिसंबर को राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन होगा। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में नेहा प्रसाद और कला के क्षेत्र में गायिका वीणा श्री को सम्मानित किया जायेगा।**

### युवक की हत्या कर शव जमीन में गाड़ देने की परिजनों ने की शिकायत

# दिन भर परेशान रही पुलिस, नहीं मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के चेटर सरना टोली बस्ती के रहने वाले युवक निरंजन कुजूर ऊर्फ चरका ने शहर के बाजार टांड निवासी राजा रजक की ढाई साल पूर्व हत्या किये जाने व उसके शव को उसके ही घर के बगल एक अर्ध निर्मित मकान के जमीन में गाड़ दिये जाने की बात कही। परिजनों द्वारा लिखित आवेदन एसपी व गुमला थाना में दिये जाने के बाद गुमला पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर जाकर खुदाई की। लेकिन खुदाई में कुछ नहीं मिला। विगत 16 दिसंबर को गुमला थाना में लिखित आवेदन देकर निरंजन ने कहा कि आज से ढाई वर्ष पूर्व 20 जून 2021 दिन शनिवार को चेटर निवासी परम कुमार लहरी उर्फ कटार और ग्राम चुनरी थाना घाघरा निवासी गणेश महतो दोनों ने मिलकर बाजार टांड निवासी राजा रजक को मेरे घर के बगल गांव चाहा में स्थित बैरागी बागान ले गए तथा वहां शराब का सेवन तीनों ने किया। मेरे घर के बाहर रात्रि 7:30 बजे के लगभग तीनों लड़ाई झगड़ा करने लगे तथा गुस्सा में परम कुमार लहरी एवं गणेश महतो ने मिलकर मेरे घर के बाहर रखे कुदाल से राजा रजक को जान से मार दिया तथा सबूत मिटाने के उद्देश्य से मेरे घर के नजदीक उसकी लाश को गड्ढा खोदकर गाड़ दिया फिर मुझे तथा मेरे विकलांग पिता एवं मां को धमकी दिया कि घटना के बारे में किसी को बताया तो तुम लोगों को भी जान से मार कर इसी तरह गाड़ देंगे। अब हाल के दिनों में परम कुमार लहरी द्वारा मेरे मित्र राजेश कुमार गुप्ता को कहा जा रहा है कि सबूत मिटाने के लिए निरंजन कुजूर को भी मारना होगा। मुझे जान का खतरा है। वहीं पुलिस नामजद दोनों यूवक को थाना ले आई और पुछताझ जारी है। पूछताछ के बाद ही पुलिस किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी।

# पूर्व पंसस पति की हत्या के विरोध में एनएच 23 रहा कई घंटे जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** बीती रात भरनो थाना क्षेत्र के सूपा गांव में अज्ञात अपराधियों ने पूर्व पंचायत समिति सदस्य के पति विजय उरांव की गोली मारकर हत्या कर दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध में एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग को भरनो के मलगो मोड़ के पास सुबह 9 बजे से 11बजे तक जाम कर दिया।जामकर्ताओ के बीच गुमला एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल,सीओ अविनाश कुजूर,इंस्पेक्टर एसएन मंडल,थानेदार कृष्ण कुमार तिवारी आदि पाधिकारियो ने समझा बुझा के जाम हटवा लिया गया है। ग्रामीण मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए मुआवजा,एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ की मांग कर रहे थे।अधिकारियों ने उनकी मांगों को वरीय अधिकारियों के पास रखने का आश्वासन दिया।और साथ ही मृतक के आश्रितो को एक आवास, अनाज, पारिवारिक लाभ,पत्नी को विधवा पेंशन आदि देने का आश्वासन दिया गया, तब जाकर जाम को हटाया गया।जाम लगभग 2 घंटा तक रहा।अब आवागम सामान्य हो गया है।

# मैट्रिक के 85.2 और इंटर के 81.8 प्रतिशत विद्यार्थी प्री बोर्ड परीक्षा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देश पर मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 से पूर्व सरकारी विद्यालयों के कक्षा 10 एवं 12 के कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में नामांकित विद्यार्थियों के लिए प्री बोर्ड परीक्षा का अयोजन किया गया। यह परीक्षा गत 21 से 23 दिसम्बर 2023 तक आयोजित प्रीबोर्ड परीक्षा अयोजित हुई । पूरे जिले से कक्षा 10 में 85.2 प्रतिशत तथा कक्षा 12 में 81.8 प्रतिशत बच्चे परीक्षा में शामिल हुए ।

सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत उपायुक्त गुमला द्वारा गठित कोर ग्रुप के सदस्य शिक्षकों द्वारा झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के संशोधित परीक्षा योजना अनुरूप प्रश्नपत्रों का निर्माण किया गया था जो बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मददगार साबित होगा ।

क्रिसमस एवं नववर्ष अवकाश उपरांत विद्यालय खुलने पर प्रीबोर्ड परीक्षा का विद्यालय स्तर पर मूल्यांकन कराते हुए कमजोर चिह्नित बच्चों के लिए विशेष रिमेडियल कक्षाओं के आयोजन विद्यालय स्तर पर विद्यालयों के सम्बद्ध वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व एवं देख रेख में कराया जाएगा ताकि बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल हों ।

### आरोप : झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष पहुंचे नीलांबर पितांबरपुर

# अब झारखंड को अबुआ आवास के नाम पर लूट रहे बबुआ: अमर बाउरी

## कहा- राज्य की गठबंधन सरकार ने गरीबों के अनाज पर भी डाला डाका

**पांकी विधायक की ओर से आयोजित सखी मंडल की बहनों को सिलाई मशीन वितरण में हुए शामिल**

राम प्रकाश तिवारी



कार्यक्रम में उपस्थित अमर बाउरी, पांकी विधायक और अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर(पलामू)।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने शनिवार को नीलांबर पितांबरपुर स्थित अपने मौर्या फार्म हाउस में अपने विधानसभा क्षेत्र के सखी मंडल की बहनों को आजीविका संवर्धन के लिए विधायक मद से सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी सहित पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, मनिका के पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, अविनाश वर्मा आदि शामिल हुए। इस अवसर पर अमर बावरी ने कार्यक्रम के आयोजक विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता कि सराहना की। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की नियत से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, अन्न योजना, हर घर शौचालय योजना, आयुष्मान सहित अन्य योजनाओं से लोगों को सशक्त किया जा रहा है। इस दौरान वे झारखंड सरकार के खिलाफ हमलावर दिखे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि वे इडी के रडार पर हैं उनके सारे वादे अधूरे हैं। फिलहाल अबुआ आवास योजना का प्रलोभन लोगों को दिया जा रहा है। यह भी एक धोखा है। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के नाम बबुआ लूट रहे हैं और गरीबों की अन्य योजना पर भी राज्य सरकार ने डाका डाला है। कहा कि वर्तमान में झारखंड में दुष्कर्म, हत्याएं और भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में कोई भी कार्य बिना रिश्वत दिए पूरा नहीं होता है। जिससे पूरे झारखंड की जनता त्राहिमाम है। पर साल 2024 विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार के हर झूठ व छलावे का बदला लेगी। इसके बाद अमर बाउरी के हाथों सखी मंडल की बहनों के बीच सिलाई मशीन का वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

### लोगों का विकास ही लक्ष्य

दूसरी ओर, पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की सभी महिलाओं को सशक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की है। इसी कड़ी में उनके द्वारा पूरे विधानसभा के सखी मंडल की बहनों के बीच सिलाई मशीन एवं वस्त्र का वितरण किया जा रहा है जिसकी शुरूआत आज से की जा रही है। आज मनातू प्रखंड के सखी मंडल की बहनों के बीच वितरण का कार्यक्रम होगा। जिसके बाद तरहसी, पांकी एवं सतबरवा प्रखंड के सखी मंडल की बहनों के बीच सिलाई मशीन एवं वस्त्र का वितरण किया जाएगा। विधायक ने कहा कि वह चुनाव के पूर्व लोगों से किए वादे को निभा रहे हैं। विधायक कोटे पर पूरे विधानसभा की महिलाओं का अधिकार है इसलिए इस योजना की शुरूआत कर पूरे विधानसभा की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव नजदीक है। हमने सभी के उत्साह को देखते हुए एक नारा दिया है अबकी बार लोकसभा हो या विधानसभा डेढ़ लाख पार मतो से भाजपा के प्रत्याशी विजय होंगें। कहा कि आजादी के 75 साल बाद पांकी विधानसभा में कमल खिला है। उम्मीद है जनता से सहयोग से आगे भी खिलता रहेगा। इस अवसर पर प्रभात भुईयां, लाला प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, राजेंद्र सिंह चेरो, अमित तिवारी और मनोज दूबे आदि उपस्थित थे।

# पूरी दुनिया कर रही प्रभु इशु के आगमन का इंतजार : अविनाश

## शांता बनकर बच्चों ने मनाया क्रिसमस का त्योहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल में शनिवार को क्रिसमस दिवस का आयोजन किया गया। रंगबिरंगे आकर्षक परिधानों में सुसज्जित बच्चे ऐतिहासिक, पौराणिक, समसामयिक पत्रों को परिलक्षित कर रहे थे। बारी-बारी से आकर्षक परिधानों में सुसज्जित प्रतिभागी बच्चों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उपस्थित स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि प्रभु ईशु के आगमन की पूरी दुनिया को इंतजार है। आज संत मरियम विद्यालय में क्रिसमस की छुट्टी के मौके पर संता क्लोज के भेष धरे बच्चों के साथ क्रिसमस का त्योहार मनाया। बच्चों ने गीत-नृत्य के साथ उत्साह भरे माहौल में क्रिसमस का भव्य स्वागत किया। अविनाश देव ने कहा कि ईशा मसीह के लगभग 300 साल बाद यूरोपीय देश में सेंटा का आगमन हुआ था। अमीरजादा सेंटा बच्चों से बेहद प्यार करता था। इसलिए बड़े दिन की छूटी में बच्चों से मिलता और मिठाई बांटता। आज वही प्यार के परंपरा को हम सभी मना रहे हैं। आप सभी छुट्टी मनाइए लेकिन मां-पिता को तंग नहीं करेंगे। शिक्षकों द्वारा दिया हुआ गृह कार्य अवश्य पूरा करेंगे और ठंडा से बचते हु रहना है। मौके पर संत मरियम स्कूल के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उप प्रधानाचार्य एसबी शाहा सभी शिक्षक के साथ-साथ हजारों बच्चे मौजूद थे।

## सलैया में सरकार आपके द्वार का आयोजन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुदूरवर्ती सलैया पंचायत अंतर्गत मझिगावां बाजार स्थित मैदान में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरा चक्र के तहत विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग 17 स्टॉल लगाए गए। जहां सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया। कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया। सीओ यामुन रविदास और मुखिया कमला देवी ने कहा कि एक ही स्थल से सभी योजनाओं का आमजनों तक पहुंचाना शिविर का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में अबुआ आवास, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि का भी आवेदन मिला। वहीं, बाल विकास परियोजना द्वारा एक महिला की गोद भराई और एक बच्चा को अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, सुरेंद्र साव, एमओ सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, पंचायत सेवक निरंजन सिंह, राजन साव, पैक्स अध्यक्ष रामनंदन यादव, रोजगार सेवक दिलीप चंद्रवंशी, पंकज चौधरी, सरजू बैग, एआई टेक्नीशियन आनंद कुमार, बसपा नेता अमित यादव, पूर्व मुखिया रघुनंदन साव आदि थे।

## सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरवार निवासी इंद्रजीत मेहता की रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गयी। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को बटाने नदी घाट पर किया गया। गौरतलब हो कि 53 वर्षीय इंद्रजीत मेहता 19 दिसंबर की अहले सुबह चाय पीने के लिए घर से निकले थे। तभी वाहन के धक्के से घायल हो गए थे। उन्हें रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, मृतक की पत्नी नगीना देवी ने रांची के बरियातु थाने में फर्द ब्यान दी है।

## भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा की बैठक में बूथ सशक्तिकरण पर चर्चा

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** विश्रामपुर नप के सोरडीहा सामुदायिक भवन में शनिवार को भाजपा नगर मंडल महिला मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा व संचालन महामंत्री अर्चना देवी ने किया। बैठक में बूथ सशक्तीकरण, नये महिला कार्यकर्ताओं को जोड़ने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। साथ ही बूथ मजबूती और आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं से बच्चों व महिलाओं को मिलनेवाली व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। बैठक के रार्टी की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, के अलावा पलामू प्रमंडल प्रभारी कल्याणी पांडेय, जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता व भाजप नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम भी शामिल थे।

# बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का किया जा रहा सार्थक प्रयास: बीइइओ

**विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए गम्हरिया विद्यालय भवन को पेंटिंग से दिया रेलगाड़ी जैसा लुक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने व विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जुड़ाव के लिए शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रबंधन नवाचार कर रहे है। ऐसा ही नवाचार हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया में दिखा। जहां स्कूल की दीवार पर रेल के डिब्बों जैसा रंगरोगन व रेलवे स्टेशन जैसी आकृति बनाया गया है, जो पूरे हुसैनाबाद क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विद्यार्थी बड़े चाव से विद्यालय आते हैं। इस शिक्षा की ट्रेन का नाम एजुकेशन एक्सप्रेस है जिसमें बैठकर हर बच्चे शिक्षा की एक नई इबारत लिखेंगे। विद्यालय को दूर से देखने पर ऐसा प्रतीत होता है मानो रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी है। इस एजुकेशन एक्सप्रेस का विधिवत उद्घाटन शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम, वरीय शिक्षक निर्मल कुमार, जुबैर अंसारी, प्रधानाध्यापक मनोज चौधरी, सहायक अध्यापक पप्पू पटेल आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीइओ श्रीराम ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के प्रयोग से बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। वहीं, प्रधानाध्यापक ने बताया कि बच्चे ट्रेन देखकर आकर्षित होते हैं इसलिए अपने विद्यालय को ट्रेन का रूप दे दिए हैं, ताकि उनके बीच आकर्षण का केंद्र बने और पढ़ाई में रुचि लेंगें।

# ज्योति प्रकाश महिला बीइडी कॉलेज का रिजल्ट शतप्रतिशत: शिवानी आनंद





आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीइडी कॉलेज की निदेशक शिवानी आनंद ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उनके कॉलेज में बीइडी का सत्र 2021-23 सेकेंड ईयर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस कॉलेज की छात्रा निकिता तिवारी 1106 अंक लाकर 85.08 फीसदी अंकों के साथ प्रथम रही। वहीं, रचना कलाई 1100 अंक प्राप्त कर 84.62 फीसदी के साथ द्वितीय और नेहा कुमारी 1099 अंक प्राप्त कर 84.54 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान अर्जित किया। इस असर पर बीइंडी कॉलेज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने छात्रों के सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जबकि प्राचार्य डॉ अनुपमा गुप्ता ने कहा कि छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन के परिणाम स्वरुप छात्रों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। निदेशक शिवानी आनंद ने बताया कि हम अपने कॉलेज में शिक्षक-छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रीत करते हैं। हमारी संस्था चाहती है कि एक महिला गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, संगीत, कल्चरल एक्टिविटीज में भी आगे बढ़े। निदेशक ने कॉलेज के सारे फैकेल्टी को भी अच्छी शिक्षा देने के लिए बधाई दी है।

# विद्यालय भवन बन जाने से होगी सहूलियत : मंजू देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ढाब कला गांव में शनिवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के लिए चार कमरों के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने किया। विदित हो कि 15 वें वित्त आयोग, वकास के लिए वे हमेशा प्रयासरत है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। विद्यालय भवन के बन जाने से बच्चों को पढ़ाने में शिक्षकों को काफी सहूलियत होगी। वहीं, समाजसेवी राजेश राम ने कहा कि स्कूल भवन निर्माण होते ही कक्षाओं का संचालन वर्ग वार हो सकेगा। इस अवसर पर संवेदक चंदन मेहता, पंसस वासुदेव राम, सुनिल कुमार कुशवाहा, बसंत मेहता, अभय कुमार मेहता, भीम मेहता, विकास ठाकुर, परमेश्वर पासवान आदि थे।

## जब्त अवैध बालू की होगी नीलामी, विभाग ने निकाली निविदा

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी के निर्देश के आलोक में अवैध रूप से जब्त बालू की नीलामी को लेकर खनन विभाग की ओर से निविदा निकाली गयी है। निविदा समाहरणालय सभागार में तीन जनवरी 2024 को एक बजे डीसी द्वारा गठित समिति के समक्ष अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में खोली जाएगी। निविदा में भाग लेने के लिए संवेदको को शर्तो को पूरा करना होगा। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि छापामारी के दौरान अवैध तरीके से जब्त बालू की नीलामी को लेकर निविदा निकाली गयी है। 30 हजार सीएफटी बालू की नीलामी की जाएगी। निविदा में भाग लेने के लिए संवेदको को शर्तो को पूरा करना अनिवार्य होगा। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी में भाग लेने वाले संवेदको को सुरक्षित जमा राशि का 10 प्रतिशत राशि निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में जिला खनन पदाधिकारी के नाम बैंक ड्राफ्ट, तीन वर्ष का आयकर रिर्टन की छायाप्रति, पासपोर्ट साइस फोटो की दो प्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पहचान पत्र की छाया प्रति आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। इसके अलावे शपथ पत्र जमा करना होगा कि खनन विभाग से संबंधित भुगतान, बकाया लंबित नहीं हो। किसी विभाग द्वारा उनका नाम या संस्था काली सूची में दर्ज नहीं हो।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## सतगांवा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में लगा विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के सतगावां स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी मुकेश शौंडिक, प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद, शिक्षिका नीलिमा मेहता ने संयुक्त रुप से भारत माता, ॐ, माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा तैयार विषय पर आधारित मॉडल एवं स्व निर्मित खाद्य सामग्री का विभिन्न स्टॉल लगाया गया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा ज्वालामुखी, चंद्रयान 3, कुतुब मीनार, जलवायु और स्व निर्मित खाद्य सामग्री में गुलाब जामुन, दही बड़ा, मोमोज, मैनचुरीयन खाद्य सामग्री से संबंधित मॉडल और विभिन्न प्रकार के इनोवेटिव मॉडल प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर शिक्षक मोहन ठाकुर, हंसराज गुप्ता, नवीन पांडेय, सुमन, राजेश प्रसाद, मनिका सिंह, रंजू कुमारी, दीपक ठाकुर, अंजू कुमारी, प्रियंका, सुनीता, काजल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

## मुखिया ने छात्र-छात्राओं के बीच किया ड्रेस वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत तेंदुआ उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मुखिया श्रवण राम ने छात्र- छात्राओं के बीच पोषाक का वितरण किया गया। मुखिया ने कहा कि बच्चे ड्रेस पहन कर प्रतिदिन विद्यालय आए। कड़ी मेहनत करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ भी उठाए। उन्होंने कहा कि बच्चे कठिन मेहनत से पढ़ाई करेंगे तभी वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकते हैं। मौके पर प्रधानाध्यापक सह सचिव कामता राम, सहायक अध्यापक पप्पू पासवान आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



आफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू हो रहे टी-20 सीरीज में चोटिल सूर्य कुमार यादव के खेलने की संभावना नहीं के बराबर है। क्योंकि चोट से उबरने की संभावना कम है। बेंगलुरू स्थित नेश्नल क्रिकेट अकादमी में रिहैब कर रहे हैं।

### दोनों टीमों को 11 जनवरी से खेलनी है तीन टी-20 मैचों की सीरीज

# चोटिल सूर्य कुमार यादव अफगानिस्तान सीरीज से हो सकते हैं बाहर

एजेंसी



**मुंबई।** अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से 3 टी-20 की घरेलू सीरीज शुरू हो रही है। इसमें चोटिल सूर्यकुमार यादव नहीं खेलेंगे। सूर्यकुमार साउथ अफ्रीका दौरे पर टखने में चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अफगानिस्तान सीरीज में उनके चोट से उबरने भी संभावना कम है। सूर्यकुमार बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैब कर रहे हैं। वहीं वर्ल्ड कप में चोटिल होकर बाहर हुए हार्दिक के खेलने पर भी संशय है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हार्दिक अभी चोट से नहीं उबरे है और वे आइपीएल से भी बाहर हो सकते है। ईशान किशन सिलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बतातें चलें कि अफगानिस्तान के खिलाफ भारत को जनवरी में तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला टी- 20 मैच 11 जनवरी को मोहाली में खेला जाना है। दूसरा टी-20 14 जनवरी को इंदौर और तीसरा टी-20 मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बेंगलुरु में खेला जाना है। सूर्या साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 में फील्डिंग के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इसके बाद उप कप्तान रवींद्र जडेजा ने टीम की कप्तानी संभाली थी। इस मैच में सूर्या ने टी-20 का अपना चौथा शतक जड़ा था, जिसकी बदौलत भारत ने तीन टी-20 मैचों की सीरीज में बराबरी की थी। पहला टी-20 मैच बारिश की वजह से नहीं हो पाया था, जबकि दूसरा टी-20 मैच साउथ अफ्रीका ने जीता था। सूर्या का पिछले हफ्ते साउथ अफ्रीका से लौटने पर स्कैन हुआ था जिसमें पता चला कि उनके टखने में चोट है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो सूर्या फरवरी के पहले सप्ताह तक फिट हो जाएंगे। उम्मीद है कि सूर्या आइपीएल से पहले फरवरी में होने वाले घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में खेलकर अपनी फिटनेस साबित करेंगे। दूसरी ओर, हार्दिक पांड्या वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को पुणे में खेले गए मैच में चोटिल हो गए थे। चोट ज्यादा होने की वजह से वे बाकी का मैच खेल नहीं पाए थे। उनका ओवर भी विराट कोहली ने पूरा किया था। एजेंसी के मुताबिक बीसीसीआइ सूत्रों ने बताया कि हार्दिक के भी अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले ठीक होने की संभावना कम है।

## सुरक्षा की मांग : बरमुरी ओपनकास्ट में सुरक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन

# मजदूरों ने पांच घंटे किया उत्पादन ठप

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रबंधन के साथ बैठक करते यूनियन के प्रतिनिधि व मजदूर।

**चिरकुंडा।** बरमुरी ओपनकास्ट में सुरक्षा की मांग को लेकर चिरकुंडा। मैथन ओपी अंतर्गत इसीएल बरमूरी ओपन कास्ट प्रोजेक्ट में शनिवार को कोयला चोरी एवं डीजल चोरी से नाराज श्रमिकों ने खुद की सुरक्षा सहित विभिन्न मांगों को लेकर उत्पादन कार्य करीब पांच घंटे तक ठप कर दिया। मौके पर उपस्थित सभी यूनियन के नेताओं ने कोलियरी प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधन को लगातार डीजल एवं कोयला चोरी के अलावा मजदूरों की सुरक्षा सहित अन्य मांगों से कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन प्रबंधन की ओर से से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। यूनियन नेता राम जी यादव का कहना है कि हम मजदूर दिन-रात मेहनत कर हजारों टन कोयले का उत्पादन करते हैं और रैजिग किया हुआ कोयला डीपू से कोयला चोरों द्वारा चोरी कर लिया जाता है जिसकी सूचना हम लोग प्रबंधन को हमेशा देते हैं, लेकिन प्रबंधन इस पर आज तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की। आरोप लगाया कि होमगार्ड के जवान चोरों से पैसा लेकर कोयला चोरी करवाते है। वहीं, एजीएम डीके राम ने कहा कि प्रशासन की तरफ से जितनी मदद मिलनी चाहिए थी उतना नहीं मिल पाता है। बाहरी लोगों को माइंस के अंदर नहीं आना चाहिए। कोयला चोरी करने वाले सभी बाहरी हैं। उनकी संख्या बहुत अधिक होती है। लेकिन इन सभी समस्याओं के लिए हम लोग बहुत जल्द कोई ठोस कदम उठाएंगे। जिसके लिए बात चल रही है। काफी देर तक प्रबंधन और यूनियन के नेताओं के बीच इन सभी समस्याओं पर चर्चा हुई। मौके पर प्रबंधन की ओर से दिनेश कुमार राम, एपीएम रति मोहन शर्मा, अभिकर्ता दिलीप कुमार राय, प्रबंधक प्रशांत कुमार, सिक्योरिटी इंचार्ज अमित कुमार रवानी, यूनियन के तरफ से राम जी यादव, ओम प्रकाश महतो, लालदेव महतो, तरुण राय,विकास मंडल, भोला निशांत कालीचरण, दिलीप कुमार सिंह, इजा खान आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सो रहा था परिवार, घरों में घुसकर संपत्ति ले उड़े चोर



झरिया (आजाद सिपाही)। साउथ झरिया कोयरीबांध में अज्ञात चोरों ने शुक्रवार की देर रात चार घरों को निशाना बनाया। परिवार के लोगों को घटना की जानकारी शनिवार की सुबह हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। झरिया पुलिस चोरी की वारदात वाले स्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। चोरों ने डॉ सुनील गुप्ता, संजीव साव, कृष्णा केसरी और धीरन प्रसाद केसरी के घरों को निशाना बनाया। चारों घरों से हजारों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर फरार हो गए। इस बाबत डॉ सुनील गुप्ता ने बताया कि मकान की छत पर पीछे से चढ़ कर चोर घर में घुसे थे। घर से मोबाईल, स्मार्ट वॉच, पेन कार्ड, 15 हजार नकद, कीमती साड़ी सहित करीब 30 हजार रुपए से अधिक के समान ले गए। इसके अलावा संजीव साव के घर से दो मोबाईल फोन, दो लॉकेट, 8 हजार रुपये नकद की चोरी हुई हैं। धीरन केसरी और कृष्णा केसरी के घर भी चोरी हुई। चोरों ने यहां से भी एक मोबाईल और दो हजार रुपए नकदी चोरी की है। घर मालिक संजीव साव ने बताया कि करीब 50 हजार की संपत्ति की चोरी हुई हैं। चोरी की घटना के बाद से आसपास के स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया है। सभी पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से विशेष छानबीन कर रही है। पुलिस ने दावा किया कि जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

### क्रिसमस से पूर्व डीएवी बनियाहीर स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। डीएवी बनियहीर स्कूल प्रांगण में शनिवार को क्रिसमस को लेकर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साह और हर्षोल्लास के साथ त्योहार का लुत्फ उठाया। छोटे-छोटे बच्चों ने मनमोहक नृत्य व कविता पाठ कर उपस्थित लोगों को अभिभूत कर दिया। सांता की पोशाक में छोटे-छोटे बच्चों ने सर्व धर्म समन्वय का संदेश दिया। प्राचार्य एस मोदक ने सांता की तरह हमेशा खुशियां बांटने व भलाई की राह पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सोम व पिंकी बनर्जी ने किया।

### जेएसएलपीएस गोमिया में लखपति दीदी पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



गोमिया (आजाद सिपाही)। जेएसएलपीएस की ओर से स्वांग दक्षिणी पंचायत सचिवालय सभागार में लखपति दीदीयों पर आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण शिविर में गोमिया प्रखंड के 36 पंचायतों में से चयनित सीआरपी दीदीयों को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें दीदियों को आजिविका के लिए प्रशिक्षित कर बेहतर कमाई कराकर लखपति बनाने की तकनीकी सह प्रायोगिक प्रशिक्षण दी गई। इस विषय में प्रशिक्षक प्रकाश महतो एवं अंबुज कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि ये प्रधानमंत्री मोदी की एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत दीदीयों को एक वर्ष के अंदर लखपति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत दीदीयों को प्रशिक्षित कर आजिविका से जोड़कर अच्छी कमाई के लिए तैयार करना है, ताकि आगामी एक वर्ष के अंदर लाखों रुपये की कमाई कर सके। मौके पर एलएचबीआरपी किरण देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, रजनी देवी, अनिमा देवी और बेबी देवी आदि उपस्थित थीं।

### बोरा गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान



झरिया (आजाद सिपाही)। उषा टॉकीज के पीछे स्थित बोरा गोदाम में शुक्रवार की देर रात अचानक आग लग गई। जिससे आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने ततपरता दिखाते हुए आग की सूचना गोदाम मालिक श्रवण कुमार साव को दी। खुद भी आग बुझाने का प्रयास करने लगे। वहीं, गोदाम मालिक ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। जिसके बाद आगे बुझाने पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गोदाम मालिक के अनुसार शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे अचानक बोरा गोदाम में आग लग गई। जिसकी लपटों पर नजर पड़ते ही स्थानीय लोगों ने उन्हें सूचना दी। आग गोदाम में कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है। आग लगने से करीब 8-10 लाख का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

## गोविंदपुर प्रबंधन व सीआइएसएफ ने चलायी संयुक्त छापामारी,100 टन कोयला हुआ जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोविंदपुर।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया-3 अंतर्गत न्यू आकाश किनारी डिपार्टमेंटल सालनपुर पैच में शनिवार को सीआइएसएफ एवं बीसीसीएल के संयुक्त तत्वाधान में छापामारी कर 100 टन अवैध कोयला जब्त किया। बताया जा रहा कि कतरास कोयलांचल में इन दोनों कोयला तस्करी चरम पर है। चर्चा है कि सीआइएसएफ, बीसीसीएल के कुछ भ्रष्ट अधिकारी और स्थानीय पुलिस की साठगांठ से कोयला तस्करी का धंधा जोरों से फल फूल रहा है। बीसीसीएल कतरास एवं गोविंदपुर एरिया में जमकर कोयले की तस्करी की जा रही है। इससे भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को आए दिन करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। आकाशकिनारी कोलियरी के मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि न्यू आकाश किनारी पैच में लंबे अरसे से कोयले की तस्करी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर सीआइएसएफ ने छापामारी कर 100 टन अवैध कोयला जब्त किया है। कहा कि किसी भी कीमत पर गोविंदपुर एरिया 3 में कोयले की तस्करी नहीं होने दी जाएगी। वहीं, छापामारी के बाद आसपास के कोयला तस्करों में हड़कंप है।

### दिखावे के लिए की गई छापामारी

दूसरी ओर चर्चा है कि बीसीसीएल प्रबंधन और सीआइएसएफ महज आई वाश (दिखावे) के लिए छापामारी करती है। तस्करी में प्रबंधन और सीआइएसएफ दोनों की संलिप्ता है नहीं तो अवैध धंधेबाज पर लगाम लगाने के इरादे से सीआइंएसएफ छापामारी करती तो अरविंद नामक तस्कर के अवैध माइंस पर भी छापामारी कर कोयला जब्त किया जाता। लेकिन उसपर तो बीसीसीएल, सीआइएसएफ और पुलिस प्रशासन का आशीर्वाद प्राप्त है। छापामारी का नेतृत्व बीसीसीएल के मैनेजर अमित कुमार सीआइएसएफ के इंस्पेक्टर संजय कुमार कर रहे थे। छापामारी में सीआइएसएफ के आवर्त सहायक निरीक्षक केएल यादव, कैलाश यादव आदि शामिल थे।

## चंदनकियारी को भ्रष्टाचार मुक्त बनायेंगे: उमाकांत रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** आजसू कोलबेंदी पंचायत के कार्यकर्ताओं की शनिवार को हुई बैठक में पूर्व मंत्री उमाकांत रजक भी शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार एक घुन की तरह चंदनकियारी को चाट रहा है। कार्यकर्ता चंदनकियारी से भ्रष्टाचार से मुक्त कराने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी में उद्योग-धंधे बहुत कम है। खेती कम वर्षा की भेंट चढ़ जा रहा है। ऐसे में जो थोड़ी बहुत कमाई लोग करते हैं, वह रकम भी सरकारी कार्यालयों में रिश्वत में चला जा रहा है। इसे कार्यकर्ता संघर्ष के बल पर रोकेंगे। कहा कि एक इंसान की जरूरत रोटी कपड़ा और मकान है। ये मानवीय अधिकार भ्रष्टाचार निगल नहीं जाए। इसकी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की बनती है। इसका हमें एहसास है। क्योंकि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने ठाना है, झारखंड को समृद्ध बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शफीक अंसारी ने किया। मौके पर भोलानाथ गोप, अरुण कुमार सिंहदेव, जब्बार अंसारी, मनोज कुमार महतो, सुमित कुमार महतो, भोलानाथ शर्मा, शिवु सहिस, दुर्गा प्रसाद महतो, जयदेव महतो, अशोक सिंहदेव, इमामदी अंसारी, विकास दास, दिनेश महतो और नरेश महतो उपस्थित थे।

### क्रिसमस व नव वर्ष से पूर्व स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिखेरा जलवा

## स्कूल में बच्चों को दी जाती है त्योहार के महत्व और एकता की शिक्षा :अमित

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** क्रिसमस व नववर्ष के पूर्व रॉयल रूट्स प्ले स्कूल में शनिवार की शाम एक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने क्रिसमस डांस और मॉडललिंग, कैट वॉक का जलवा बिखेरा। स्कूल परिसर के सेमिनार हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान कई बच्चे सांता क्लॉज के वेशभूषा में आए हुए थे। सांता बने कई बच्चे दूसरे बच्चों को गिफ्ट, चॉकलेट आदि देते नजर आए। बच्चे क्रिसमस ट्री, क्रिसमस हाउस, क्रिसमस एंजल रथ आदि प्रोजेक्ट वर्क बनाकर प्रदर्शित किये। कार्यक्रम के माध्यम दे सांता क्लॉज बने बच्चे शांतिमय जीवन, सौहार्द जीवन, खुशियों भरा जीवन का संदेश दे रहे थे। इस दौरान बच्चों ने लिटिल बेल, गाने में मनमोहक डांस करते हुए देखे गए। नव वर्ष के आगमन को बच्चों ने अपने नन्हें म्यूजिक मॉडललिंग कैट वॉक के द्वारा स्वागत करते हुए देखे गए। वहीं, स्कूल के कोऑर्डिनेटर चीफ अमित कुमार सिंह ने कहा कि इस स्कूल में सभी त्योहार के अवसर पर महोत्सव मनाते हुए विस्तृत जानकारी दी जाती है। साथ ही बताया जाता है कि हमें हर त्योहार से क्या शिक्षा मिलती है। सभी त्योहार हमें एक होकर शौहार्दपूर्वक मनाना चाहिए। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित सिंह, विद्यालय संरक्षक निर्मल कुमार रवानी, प्राचार्य अमित कुमार पाठक, शिक्षक मुकेश कुमार रवानी, कुंदन कुमार, शिक्षिका आरती कुमारी, प्रिया कुमारी, अंखि चटर्जी, जेबा परवीन, माधवी सिंह, माही सिंह साथ ही साथ निरंजन सिंह आदि का अहम योगदान रहा।


**MINOR IRRIGATION DIVISION,KHUNTI**

**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. WRD/MID/KHUNTI/$F_2$-24/2023-2024 Date :-22/12/2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Single Check Dam at Konbirkil Nala in Rania Block, Dist.-Khunti. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 83.719 La |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E - Tender on website | 06.01.2024 at 2.00 PM |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 13.01.2024 up to 5:00 PM |
| 6. | Last Date for online Submission of Tender fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.01.2024 up to 5:00 pm |
| 7. | Date of Opining Tender | 16.01.2024 at 2:00 PM |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Khunti. |
| a. | Contact no. & Email ID of e-Procurement officer | 7320969093 eemidkhun-cemr-jhr@nic.in |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2491232 |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Khunti.**

**PR 314249 Minor Irrigation(23-24).D**



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

ई–निविदा संख्या:- **189/2023-24** दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | JH-M-SIM-06 /2023-24 | कुरडेग | 1 | चडरीमुंडा से उड़ीसा सीमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०) | 1389.107 | तेरह करोड़ नवासी लाख दस हजार सात सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | कुरडेग | 2 | कुटमाकछार चरभीपा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.500 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 3 | लबडेरा से जेरवा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–3.150 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 4 | आर०ई०ओ० मुख्य पथ से बघीमा चौक से लबडेरा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–3.150 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 5 | L063 गारिजोर बारकीबिउरा पथ से उरूमकेला पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–6.000 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 6 | L059 आर०ई०ओ० मुख्य पथ कुटमाकछार मुरम्बाटोजी भाया झिमारी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.300 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 7 | L055 आर०ई०ओ० मुख्य पथ से पकरीटोली नावाटोली पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.500 कि०मी०) | | | |
| 2. | JH-M-SIM-07 /2023-24 | कुरडेग | 1 | गुझरिया से कुल्लुकेरा गिरमा नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.450 कि०मी०) | 1246.223 | बारह करोड़ छियालीस लाख बाईस हजार तीन सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | कुरडेग | 2 | L028 अम्बाटोली ढोरही चपाबारी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.250 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 3 | आर०ई०ओ० मुख्य पथ से गुझरिया कुल्लुकेरा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.800 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 4 | झीरकामुण्डा झुमकाछापर ढोरही पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–8.200 कि०मी०) | | | |
| | | कुरडेग | 5 | किनकेल बेतमा मोड़ से चापाबारी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.250 कि०मी०) | | | |
| 3. | JH-M-SIM-08 /2023-24 | कोलेबिरा | 1 | बंदरचुआ लुरगी स्कूल से करमघाट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।(लं०–1.000 कि०मी०) | 1228.768 | बारह करोड़ अठाईस लाख छिहत्तर हजार आठ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | कोलेबिरा | 2 | छपरडीपा से लसिया पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.510 कि०मी०) | | | |
| | | कोलेबिरा | 3 | पहाड़पुर से लसिया पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–8.575 कि०मी०) | | | |
| | | कोलेबिरा | 4 | L036-सिमरटोली से डोमटोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–6.206 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–26.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 11.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–12.01.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

**मुख्य अभियंता**
**जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची**

**PR 314105 Rural Work Department)23-24*D**



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:-**195 /2023-24** दिनांक :- 20.12.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-RAN-04/2023-24 | अनगड़ा | 1 | मसरीजारा से हेसलाबेड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–7.000 कि०मी०) | 1383.388 | तेरह करोड़ तिरासी लाख अड़तीस हजार आठ सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | अनगड़ा | 2 | कोयनारडीह से सुअरमारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–10.200 कि०मी०) | | | |
| | | अनगड़ा | 3 | जोन्हा टाटी सिंगारी से जराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.500 कि०मी०) | | | |
| | | अनगड़ा | 4 | सुरसु से हरजालुम तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.500 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-RAN-05/2023-24 | नामकुम | 1 | पलान्डु से मालती रिंग रोड भाया नावादर पथ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.650 कि०मी०) | 1449.595 | चौदह करोड़ उनचास लाख उनसठ हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | ओरमांझी | 2 | पाँचा परपाँचा रोड से मतातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 1.300 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 3 | एन०एच०–33 रोड से कुरूम भाया चेतनबारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 3.600 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 4 | झिरी से चेतनबारी एन०एच०–33 भाया नकवाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 2.400 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 5 | ओरमांझी से उलातु भाया सियारटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | 6 | डहु भरई से कुल्ही भरई भाया बरवे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० – 4.20 कि०मी०) | | | |
| | | ओरमांझी | | होचाई साहेदागढ़ा सदमा चौक से बुण्डु मायापुर होते हुए पोड़ेयाटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं० –7.500 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि :–26.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 11.01.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–12.01.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

**मुख्य अभियंता**
**जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।**

**PR.NO.314110 Rural Work Department(23-24):D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–09/2023–.24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 03.01.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.01.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 04.01.2024 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of DDC Residence , Hazaribag . | 211450/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Renovation of E-Type Quarter E4 in near Jheel Hazaribag, for the year 2022-23 | 246400/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Renovation of B-Type B-Block No -03 in near Carmel Chowk Hazaribag ,for the year 2022-23. | 249800/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Renovation of B-Type A-Block No -01 in near Carmel Chowk Hazaribag for the year 2022-23 | 233650/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Construction of Toilet Room for guard and repair of guard room in campus of Principal Family Judge' residence , Hazaribagh, District-Hazaribag. | 248261/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | Emergent Repair of D-1/3 type Quarter Near Mazar Road (Change of occupancy quarter allote to Munsif Cum JMFC Hazaribag) at , Hazaribag | 249611/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | E/R to Fourth Grade Staff Quarter ( Ramesh kr Lohiya) B.C.D Sarvodaya Colony Located Near Carmel School at Hazaribag for the year of 2023-24 | 205200/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Renovation of A-Type No -02 in near Carmel Chowk Hazaribag for the year 2023-24 | 206200/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | Construction of Drain for the excess and outflow of water in residential quarters situated in Judicial colony situated in sarvoday colony ,Hazaribag | 230850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 10 | Renovation of E-Type Quarter E2 in near Jheel ,Hazaribag for the year 2022-23 | 238100/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 11 | Renovation of Quarter of T.A in B.C.D Circle Hazaribag Situated in Sarvodaya Colony at Hazaribag for the year 2023-24 | 249600/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 12 | Emergent work of flooring in Courtyard, Aluminium Penaling Work in Wardrob at F- Block near Carmel Chowk , Hazaribag | 246449/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 13 | Renovation of B-Type B-Block No -02 in near Carmel Chowk , Hazaribag for the year 2022-23 | 215450/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 14 | Renovation of Pedestal(Sitting Platform) of Pepal tree Situated in front of Magistrate Building Hazaribag , District - Hazaribag | 249534/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**PR 314214Building(23-24)#D**

## न्यूज रील्स

### व्रत रखना, न रखना मर्जी का मामला क्रूरता नहीं : हाइकोर्ट

**नयी दिल्ली।** करवा चौथ का व्रत नहीं रखने पर एक पति ने इसे पत्नी की क्रूरता बताया और सीधे कोर्ट पहुंच गया। ट्रायल कोर्ट ने दोनों का तलाक मंजूर कर लिया। पत्नी ने खुद को क्रूर बताये जाने के खिलाफ दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका लगायी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि व्रत रखना पसंद का मामला है। हाइकोर्ट ने तलाक को बरकरार रखते हुए कहा कि अलग-अलग धार्मिक विश्वास रखना और कुछ धार्मिक कर्तव्यों का पालन न करने को क्रूरता नहीं कहा जा सकता। रिवाजों के बीच रहते हुए महिला का उपवास से इनकार करना बताता है कि पत्नी के मन में पति के लिए कोई सम्मान नहीं है।

### 24 घंटे में कोरोना के 752 मामले, 4 की मौत



**नयी दिल्ली।** देशभर में कोरोना के पिछले 24 घंटे में 752 नये मामले दर्ज किये गये हैं। जबकि 325 लोग ठीक हुए हैं। वहीं, संक्रमण की वजह से चार लोगों की मौत हुई है। देश में एक्टिव मामलों की संख्या 3 हजार 420 है। एक दिन पहले यह आंकड़ा 2 हजार 998 था। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक राज्यों में केरल में सबसे ज्यादा 565 मामले मिले हैं। एक्टिव केस के मामले में केरल के बाद कर्नाटक 70 केसेस के साथ दूसरे नंबर पर है।

# तालचेर थर्मल ने इंट्रा रीजनल स्पोर्ट्स मीट की मेजबानी की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** एनटीपीसी तालचेर थर्मल की स्पोर्ट्स काउंसिल ने 20 से 22 दिसंबर 2023 तक तीन दिवसीय इंट्रा रीजनल स्पोर्ट्स मीट 2023 की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में टेबल टेनिस और कॉन्ट्रैक्ट ब्रिज में उत्साही प्रतियोगिताएं हुईं, जिसमें एनटीपीसी बोंगाइगांव (असम) उत्तरी करनपुरा का प्रतिनिधित्व करने वाले तीन राज्यों की टीमें एक साथ आईं। (झारखंड) दर्लिपल्ली (ओड़िशा) तालचेर कनिहा (ओड़िशा) और तालचेर थर्मल (ओड़िशा)। टूर्नामेंट की शुरूआत एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें







सम्मानित मुख्य अतिथि, तालचेर थर्मल के कार्यकारी निदेशक गौतम देब, जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शन और टीमों का स्वागत किया गया। पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक- ईआर-II, और श्रीमती की विशिष्ट उपस्थिति। वसुधा महिला मंडल की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने समापन समारोह की शोभा बढ़ाइ और सभी टीमों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और खेल कौशल की सराहना की।

तालचेर कनिहा ने टेबल टेनिस टीम स्पर्धा जीती, जबकि बोंगाइगांव ने युगल वर्ग में शानदार जीत हासिल की। तालचेर थर्मल की महिला टीम ने टेबल टेनिस क्षेत्र में अपना दबदबा बनाते हुए सभी पदों पर जीत का दावा किया। कॉन्ट्रैक्ट ब्रिज में, तालचेर कनिहा विजयी हुआ, जबकि तालचेर थर्मल ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। स्कोर से परे, समारोह ने पूर्वी क्षेत्र - II में पौधों के बीच एकता की बुनाइ करते हुए, एथलीटों के अटूट समर्पण पर प्रकाश डाला। एथलेटिकवाद का यह भव्य उत्सव खेल के प्रति साझा जुनून से प्रेरित एक एकजुट समुदाय को बढ़ावा देने के लिए तालचेर थर्मल की दृढ़ प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 1 मिनट 24 सेकेंड में पूरी होगी

● मुहूर्त 22 जनवरी दोपहर 12:29:08 बजे से

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या/वाराणसी।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा महज 1 मिनट 24 सेकेंड में होगी। काशी के पंडितों ने यह मुहूर्त तय किया है। द्रविड़ बंधु पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और पं. विश्वेश्वर शास्त्री ने बताया कि 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से मूल मुहूर्त होगा, जो 12 बजकर



30 मिनट 32 सेकेंड तक चलेगा। यानी कुल 1 मिनट 24 सेकेंड का ही प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त होगा। इस मुहूर्त की शुद्धि भी की जायेगी। मुहूर्त शुद्धि का समय 20 मिनट का होगा। यह 19 जनवरी की शाम 6 बजे से शुरू होगा, जो 6 बजकर 20 मिनट तक चलेगा। इसके बाद 20 जनवरी को सूर्योदय से पहले मुहूर्त शुद्धि का संकल्प होगा। पंडित गणेश्वर शास्त्री ने ही काशी कॉरिडोर के लोकार्पण और राम मंदिर शिलान्यास का मुहूर्त तय किया था। पं. गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ ने बताया कि मेष लग्न के गुरु होने से राम की राज्य वृद्धि होगी। मेष लग्न का गुरु इस मुहूर्त का प्राण है। लग्नस्थ गुरु पूर्ण दृष्टि पांचवें, सातवें और नौवें घर पर पड़ रही है। इस दृष्टि से मृगशीर्ष नक्षत्र 26वां नक्षत्र है। इसका भी शुभ फल मिलेगा। भगवान राम का जन्म भी अभिजीत मुहूर्त में 12 बजे के बाद ही हुआ था। ऐसा मुहूर्त दुर्लभ होता है। 22 जनवरी को मेष लग्न में बैठे गुरु की पंचम, सप्तम और नवम भाव पर दृष्टि है। इसके प्रभाव से भारत दुनिया में सबसे मजबूत देश बनकर उभरेगा। उधर, 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां तेज हो गयी हैं। गर्भगृह का काम लगभग पूरा हो चुका है। रामलला के सिंहासन पर अब सोने की परत चढ़ायी जायेगी। 31 जनवरी तक राम मंदिर गर्भगृह के ऊपर का फ्लोर भी बनकर तैयार हो जायेगा।

## राज्य में फिर से लागू हुईं कोविड पाबंदियां

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की नयी एडवाइजरी वयस्कों को मास्क पहनने की सलाह दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्बर।** वयस्कों को मास्क पहनने की सलाह दी जाती है। राज्य में कोरोना का पहला मामला सामने आने के बाद मास्क दिशानिर्देश वापस आ गये हैं। पहली बार ट्वीट करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने मास्क पहनने की अपील की। विशेष रूप से बुजुर्गों को बाहर जाते समय मास्क पहनने के लिए कहा जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने कई बीमारियों से पीड़ित बुजुर्गों की भीड़ से बचने की भी सलाह दी है। देश में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है, कोविड के नये वायरस जे एन वन के कारण संक्रमण बढ़ रहा है।



हालांकि, पिछले 24 घंटों में राज्य में कोविड-19 का एक मामला सामने आया है। हालांकि, कोरोना संक्रमित मरीज अब स्वस्थ है और घर पर ही उसका इलाज किया जा रहा है।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ पर की टिप्पणी

## अब भारत ईंट से ईंट बजाता है: जयशंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**एजेंसी/वॉशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर का कहना है कि भारत अब थप्पड़ खाकर किसी के आगे अपना दूसरा गाल नहीं बढ़ायेगा। भारत पिछले 10 सालों में बदल चुका है और अब ईंट का जवाब पत्थर से देने की नीति पर बढ़ रहा है। जयशंकर ने अमेरिका में हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर कहा कि किसी भी देश में आतंकियों, अलगावादियों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। हमारे कांसुलेट ने यह मामला अमेरिकी सरकार के सामने उठाया है। इस मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्थित नेवार्क में



खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने हिंदू मंदिर को निशाना बनाया। यहां कुछ लोगों ने एक मंदिर में तोड़फोड़ करने के बाद मंदिर की दीवारों पर भारत-विरोधी नारे लिख दिये।

## राष्ट्रीय किसान दिवस: वेदांता एल्युमीनियम ग्रामीण भारत में कृषि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय किसान दिवस पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने भारत के ग्रामीण समुदायों की उन्नति के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास में व्यापक रास्ते बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराइ है। कंपनी सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने, कृषि तकनीकों का ज्ञान बढ़ाने, टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने और चक्रीय अर्थव्यवस्था बनाने के लिए डिजाइन की गयी कई पहलों के माध्यम से कृषक समुदाय के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है। इन प्रयासों से 10,000 से अधिक किसानों को लाभ हुआ है, जो ग्रामीण समुदायों के बीच सकारात्मक परिवर्तन को ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में उत्प्रेरित कर रहे हैं। देश की समग्र प्रगति में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए, कंपनी झारसुगुड़ा, ओड़िशा में तैनात जीविका समृद्धि कार्यक्रम और कोरबा में मोर जल मोर माटी पहल जैसी जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से कृषक समुदाय के सदस्यों के लिए उपलब्ध बुनियादी ढांचे को भी बढ़ा रही है। ,





जीविका समृद्धि कार्यक्रम को ओड़िशा के झारसुगुड़ा में वेदांता छत्तीसगढ़। इसके अलावा, वेदांत एल्युमीनियम ने बायोडीजल का परीक्षण भी किया है, जो किसानों के लिए अतिरिक्त राजस्व बनाने में मदद करता है क्योंकि यह आमतौर पर फसल अवशेषों जैसे कार्बनिक पदार्थों से प्राप्त होता है। इन पहलों को रणनीतिक रूप से संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप डिजाइन किया गया है। , विशेष रूप से 'कोई गरीबी नहीं' (एसडीजी 1) 'सभ्य कार्य और आर्थिक विकास' (एसडीजी 8), 'उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा' (एसडीजी 9) और 'जलवायु कार्रवाइ' (एसडीजी 13)। जीविका समृद्धि कार्यक्रम को ओड़िशा के झारसुगुड़ा में वेदांता एल्युमीनियम के मेगा एल्युमीनियम परिचालन के आसपास तैनात किया गया है। इसका उद्देश्य छोटे पैमाने के किसानों को खेती के अधिक कुशल तरीकों से परिचित कराना है। परियोजना का तीसरा चरण हाल ही में लॉन्च किया गया था, जो कृषि उपज बढ़ाने के लिए जलवायु-स्मार्ट प्रथाओं और एकीकृत जैविक कृषि प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करके लगभग 1000 ग्रामीण परिवारों को प्रभावित कर रहा है। मोर जल मोर माटी पहल को छत्तीसगढ़ के कोरबा में स्थित भारत के प्रतिष्ठित एल्यूमीनियम उत्पादक बाल्को द्वारा लागू किया गया है, ताकि आसपास के समुदायों में खेती में क्रांति लाने में मदद मिल सके। यह परियोजना कुल 32 गांवों तक पहुंची है और 3600 से अधिक किसानों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। इनमें से लगभग 30% किसान 18-35 वर्ष के युवा हैं, जो युवाओं को खेती को एक व्यवहार्य पेशे के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसके अलावा, ओड़िशा में अपनी लांजीगढ़ एल्यूमिना रिफाइनरी में, कंपनी ने वाणिज्यिक वाहनों के लिए एक स्थायी इंधन विकल्प के रूप में बायोडीजल का उपयोग करने के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह जैव इंधन फीडस्टॉक की उत्पादक खेती और जैव इंधन फसलों के लिए टिकाऊ बाजार को बढ़ावा देगा।

# ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल एम एम राजेंद्रन का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल एम एम राजेंद्रन का शनिवार को चेन्नई में निधन हो गया। शनिवार दोपहर 12:30 बजे उनका निधन हो गया। राजेंद्रन ने 1999 के अभूतपूर्व चक्रवात के बाद ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभाला। विशेष रूप से राहत और पुनर्वास कार्यों में राज्य सरकार की मदद करने के लिए उनकी प्रशंसा की गयी। अंग्रेजी में लिखी गयी अपनी आत्मकथा 'सर्विस अनइंटरप्टेड' को उड़िया में देखने की उनकी महत्वाकांक्षा ने



उन्हें जीवित रखा है। उनकी आत्मकथा का शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय द्वारा उड़िया में अनुवाद और प्रकाशन किया गया था। उनकी आत्मकथा सेवा अभ्याहत का उड़िया में अनुवाद सोआ के प्रोफेसर नचिकेता खमारी शर्मा ने किया था। इस किताब का विमोचन 20 जुलाई को विश्वविद्यालय परिसर में किया गया था, जबकि 20 अगस्त को उन्होंने भारत के राष्ट्रपति से औपचारिक मुलाकात की थी। उनका जन्म 12 अप्रैल 1935 को आधुनिक आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में हुआ था। 1957 में, वह आइएएस टॉपर के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए और सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद, उन्होंने ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में अपने 5 साल के कार्यकाल के दौरान तीन मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**